

7 केदारनाथ को रचना...

www.swatantramat.com

# स्वतंत्र मत

■ वर्ष 31 अंक 169 ■ जबलपुर बुधवार 10 दिसम्बर 2025 ■ पृष्ठ 12 ■ मूल्य रु. 3.00



11 बुंदेलखंड हीरों और...

### बीएलओ की सुरक्षा पर ईसीआई को नोटिस

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को एसआईआर पर सुनवाई हुई। इस दौरान कोर्ट ने बंगाल और दूसरे राज्यों में एसआईआर का काम रहे बीएलओ को मिल रही धमकियों पर चिंता जताई। सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने चुनाव आयोग को नोटिस जारी किया। इसमें कहा- इस स्थिति को तुरंत संभाला जाए, नहीं तो अराजकता फैल सकती है। जो राज्य सहयोग नहीं कर रहे हमें बताएं।

### तेजी से बूढ़ी हो रही देश की आबादी

**नई दिल्ली।** भारत की आबादी तेजी से बूढ़ी हो रही है। 2011 में देश में 60 साल से ऊपर की आबादी 10.16 करोड़ थी, जो 2036 तक बढ़कर 22.74 करोड़ हो जाएगी। यानी बुजुर्गों की आबादी का हिस्सा कुल जनसंख्या में 8.4 प्रतिशत से बढ़कर 14.9 प्रतिशत हो जाएगा यानी हर 7 में 1 भारतीय सीनियर सिटीजन होगा। वहीं, 2036 तक अनुमानित जनसंख्या 153 करोड़ होगी। ये जानकारी केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने मंगलवार को लोकसभा में दी।

### गुटखा कारोबारी को 2002 करोड़ का नोटिस

**इंदौर।** सेंट्रल जीएसटी एंड एक्साइज कमिश्नरेट, इंदौर ने गुटखा कारोबारी किशोर वाधवानी सहित अन्य को दो हजार दो करोड़ का टैक्स डिमांड नोटिस जारी किया है। इसे मध्य प्रदेश में सबसे बड़ी राशि का टैक्स डिमांड नोटिस बताया जा रहा है। ये नोटिस एलोरा टोबेको, दबंग दुनिया पब्लिकेशन, किशोर वाधवानी, श्याम खेमानी, अनमोल मिश्रा, धर्मेंद्र पीठादिया, राजू गर्ग, मे. शिमला इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड, देवेंद्र द्विवेदी, विनायका फिल्टर्ड प्राइवेट लिमिटेड और विनोद बिदासरिया को टैक्स चोरी के मामले में दिया गया है।

### दो दोस्तों को मिला 50 लाख का हीरा

**पन्ना।** पन्ना जिले में दो दोस्तों की मेहनत और उम्मीद रंग ले आई। कृष्णा कल्याणपुर क्षेत्र में 20 दिन पहले लगाई गई खदान से उन्हें 15.34 कैरेट का जेम्स क्वालिटी हीरा मिला है। इसकी अनुमानित कीमत 50 लाख रुपए से अधिक बताई जा रही है। रानीगंज निवासी सतीश खटीक और उनके दोस्त साजिद मोहम्मद ने संयुक्त रूप से हीरा कार्यालय से पट्टा बनवाकर कृष्णा कल्याणपुर की पटी क्षेत्र में खदान लगाई थी। कड़ी मेहनत के बाद उन्हें यह बड़ी सफलता मिली। मंगलवार को दोनों दोस्तों ने अपने साथियों के साथ मिलकर यह कीमती हीरा हीरा कार्यालय में विधिवत जमा कर दिया है।

# चुनाव हो निष्पक्ष...एक सुर में विपक्ष

## चुनाव आयोग के जरिए लोकतंत्र को खत्म करना चाहती है भाजपा: राहुल



नई दिल्ली

संसद के शीतकालीन सत्र के 7वां दिन लोकसभा में चुनाव सुधार पर चर्चा हुई। कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने चर्चा की शुरुआत की। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने चुनाव सुधारों पर चर्चा के दौरान कहा कि, देश के पहनावे में देश की झलक दिखती है। खादी देश की भावना है। हमारा देश 150 करोड़ लोगों से बना है। देश के सारे धागे एक जैसे हैं। राहुल गांधी ने कहा कि आरएसएस सभी संस्थाओं पर कब्जा करना चाहता है। राहुल गांधी ने कहा कि 30 जनवरी, 1948 को महात्मा गांधी की छाती में तीन गोलियां लगीं। नाथूराम गोडसे ने हमारे राष्ट्रपिता की हत्या कर दी। आज हमारे दोस्तों ने उन्हें दूर धकेल दिया है। वह एक असहज सच्चाई हैं, लेकिन प्रोजेक्ट यहीं खत्म नहीं हुआ। जैसा कि मैंने कहा, सब कुछ वोट से निकला है। सभी संस्थाएं वोट से निकली हैं। इसलिए यह साफ है कि आरएसएस को उन सभी संस्थाओं पर कब्जा करना होगा जो वहां से निकली हैं। राहुल गांधी ने कहा, सभी जानते हैं कि कैसे भारत के विश्वविद्यालयों में वाइस चांसलरों की नियुक्ति हो रही है। उन्होंने कहा कि इससे कोई मतलब नहीं है कि व्यक्ति की योग्यता क्या है, बस उसकी एक योग्यता है कि वह संघ से जुड़ा हो। इस पर सत्ता पक्ष के सदस्यों ने हंगामा शुरू कर दिया। स्पीकर ओम बिरला ने राहुल गांधी से कहा कि आप चुनाव सुधार पर ही बोलिए, किसी संगठन का नाम मत लीजिए। सत्ता पक्ष के हंगामे पर राहुल गांधी ने कहा कि मैंने कुछ भी गलत नहीं कहा है। शिक्षण संस्थाओं पर कब्जा किया गया है। सीबीआई, ईडी पर भी एक संस्था से जुड़े लोगों ने कब्जा किया गया है। तीसरी संस्था चुनाव आयोग पर भी एक संस्था का कब्जा है, जो देश में चुनाव को नियंत्रित करती है। मेरे पास इसके सबूत हैं। भाजपा लोकतंत्र को खत्म करने के लिए चुनाव आयोग का इस्तेमाल कर रही है। सीजेआई को सीईसी की नियुक्ति प्रक्रिया से हटाया गया। दिसंबर 2023 में नियम बदल यह प्रावधान किया कि किसी भी चुनाव आयुक्त को दंडित नहीं किया जा सकता। यह 2024 के लोकसभा चुनाव से ठीक पहले किया गया। सीसीटीवी और डेटा को लेकर नियम बदले गए। सत्ता के साथ चुनाव आयोग का तालमेल है। यह डेटा का सवाल नहीं, चुनाव का सवाल है। राहुल गांधी ने कहा कि चुनाव आयोग को कंट्रोल करने का क्या मतलब है? राहुल गांधी ने कहा कि चुनाव सुधार जरूरी हैं। लेकिन सरकार चुनाव सुधार नहीं चाहती है।

### चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल



उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने चुनाव सुधारों पर चर्चा के दौरान निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता पर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि रामपुर में हुए उपचुनाव के दौरान आयोग के साथ-साथ स्थानीय पुलिस-प्रशासन की भूमिका भी कटघरे में रही। वोटिंग के दिन पुलिस-प्रशासन की कार्रवाई का जिक्र करते हुए अखिलेश ने दावा किया, भाजपा सरकार के साथ-साथ पुलिस-प्रशासन इस बात की कोशिश में लगी थी कि मतदाताओं को घर से निकलने न दिया जाए। इसकी सूचना निर्वाचन आयोग को दिए जाने के बावजूद कार्रवाई नहीं की गई।

### बंगाल के लोगों से घृणा करती है भाजपा



पश्चिम बंगाल की श्रीरामपुर लोकसभा सीट से निर्वाचित तृणमूल कांग्रेस सांसद कल्याण बनर्जी ने आज सरकार से चुनावी सुधार के मुद्दे पर कई अहम सवाल पूछे। उन्होंने सरकार पर घुसपैठिए और रोहिंग्या की आड़ में भय का वातावरण बनाने के आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि भाजपा बंगाल के लोगों से घृणा करती है। यही कारण है कि राम मोहन रॉय का विरोध किया जाता है। वंदे मातरम पर चर्चा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी की टिप्पणी पर सवाल खड़े करते हुए बनर्जी ने कहा, तीन पीढ़ी पहले की हस्ती बंकिम चंद्र चटोपाध्याय को प्रधानमंत्री मोदी बंकिम दा कहकर संबोधित करते हैं, ये दिखाता है कि उनके मन में कितना सम्मान है।

### डीबीटी पर रोक लगाई जानी चाहिए



कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने कहा कि देश में निष्पक्ष चुनाव कराए जाने समय की मांग हैं। उन्होंने कहा कि 1988 में कांग्रेस सरकार ने इतिहास का सबसे बड़ा सुधार कराया। उन्होंने आरोप लगाया कि आज चुनाव आयोग केंद्र के निर्देश पर काम कर रहा है। ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े करते हुए तिवारी ने कहा कि इन मशीनों का सोर्स कोड किसी और कंपनी के पास होना चिंताजनक है। उन्होंने केंद्रीय चुनाव आयुक्त की नियुक्ति के मामले में भी सवाल खड़ा किया। कांग्रेस सांसद ने कहा कि नियुक्ति के लिए बनाई गई समिति में चीफ जस्टिस को शामिल किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार की तरफ से चुनाव को देखकर किए जाने वाले डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर पर रोक लगाई जानी चाहिए।

## राज्यसभा में वंदे मातरम्

# शाह और खड़गे आमने-सामने

नई दिल्ली



संसद के शीतकालीन सत्र में वंदे मातरम् के मुद्दे पर मंगलवार को राज्यसभा में जोरदार राजनीतिक टकराव देखने को मिला। प्रियंका गांधी के आरोपों के बाद केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे खुलकर आमने-सामने आ गए। शाह ने बिना नाम लिए कहा कि जो लोग वंदे मातरम चर्चा को बंगाल चुनावों से जोड़ रहे हैं, उन्हें अपनी समझ पर फिर से सोचना चाहिए। गृहमंत्री अमित शाह ने राज्यसभा में कहा कि वंदे मातरम को पश्चिम बंगाल चुनाव से जोड़ना गलत समझ है। उन्होंने कहा कि यह चर्चा राजनीतिक फायदे के लिए नहीं बल्कि भारत की सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की भावना को समझने के लिए है। इसके साथ ही उन्होंने पंडित जवाहरलाल नेहरू पर आरोप लगाया कि 1937 में उन्होंने कविता की केवल दो छंद अपनाकर इसे विभाजित किया। इस दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर निशाना साधा। खड़गे ने कहा कि पीएम मोदी और गृह मंत्री शाह देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू और कांग्रेस के अन्य नेताओं का अपमान करने का कोई मौका नहीं छोड़ते। खड़गे ने कहा, राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूरे होने के ऐतिहासिक मौके पर सदन में अपने विचार रखने का मुझे अवसर मिला है। मैं सौभाग्यशाली हूं और यह गीत में साठ साल से गा रहा हूं, क्योंकि मैंने 55 साल तो इसी संसद में गुजारे, सांसद रहा। इसलिए मुझे तो वंदे मातरम् गाने की पहले से ही आदत हो गई है। लेकिन जो वंदे मातरम् नहीं गाने वाले लोग हैं, उन्होंने अब शुरू किया है। उनके लिए मैं धन्यवाद अर्पित करता हूं। ये तो वंदे मातरम् की ताकत है।

# सीबीआई ने अनिल अंबानी के बेटे पर मामला दर्ज किया

## 228 करोड़ रुपये के बैंक धोखाधड़ी का मामला

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने उद्योगपति अनिल अंबानी के बेटे जय अनमोल अनिल अंबानी और रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड के खिलाफ यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में कथित धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है, जिससे सार्वजनिक बैंक को 228 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई ने बैंक (पूर्ववर्ती आंध्रा बैंक) की ओर से रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड, जय अनमोल अनिल अंबानी और रवींद्र शरद सुधाकर के खिलाफ शिकायत पर कार्रवाई की। शिकायत में कहा गया है कि कंपनी ने व्यापारिक जरूरतों के लिए बैंक की मुंबई स्थित एससीएफ शाखा से 450 करोड़ रुपये का ऋण प्राप्त किया था। इसमें कहा गया कि बैंक ने वित्तीय अनुशासन बनाए रखने की शर्त रखी थी, जिसमें समय पर पुनर्भुगतान, ब्याज और अन्य शुल्कों का भुगतान, समय पर प्रतिभूति की स्थिति और अन्य आवश्यक कागजात प्रस्तुत करना तथा बिक्री की पूरी राशि बैंक खाते के माध्यम से भेजना शामिल था। अधिकारियों ने बताया कि कंपनी बैंक को किस्तों का भुगतान करने में विफल रही और इसलिए उक्त खाते को 30 सितंबर 2019 को गैर-निष्पादित परिसंपत्ति के रूप में वर्गीकृत कर दिया गया। उन्होंने कहा कि ग्रांट थॉर्नटन द्वारा एक अप्रैल, 2016 से 30 जून, 2019 तक की समीक्षा अवधि के लिए खातों की फॉरेंसिक जांच की गई, जिससे पता चला कि उधार ली गई धनराशि का गलत बंटवारा किया गया था। बैंक ने आरोप लगाया, आरोपी व्यक्तियों ने उधारकर्ता कंपनी के पूर्व प्रवर्तकों/निदेशकों की हैसियत से खातों में हेराफेरी और आपराधिक विश्वासघात के माध्यम से धन का दुरुपयोग किया तथा जिस उद्देश्य के लिए वित्त प्रदान किया गया था, उसके अलावा अन्य उद्देश्यों के लिए धन का दुरुपयोग किया।



## डीजीसीए का कड़ा एक्शन

# इंडिगो की उड़ानों में 10% कटौती



**नई दिल्ली।** नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने इंडिगो एयरलाइन की उड़ानों में 10 प्रतिशत कटौती करने का निर्णय लिया है। देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो हर दिन करीब 2,200 उड़ानें चलाती है। अब इसमें से लगभग 220 उड़ानें रोज कम होंगी। एयरलाइन से 10 दिसंबर तक संशोधित शिड्यूल सौंपने को कहा गया है। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, एयरलाइन को इस बारे में बता दिया गया है और कौन-कौन सी उड़ानें कम की जाएंगी, इसकी सूची तैयार की जा रही है। डीजीसीए की ओर इंडिगो को जारी आधिकारिक नोटिस में कहा गया है कि विंटर शेड्यूल के तहत नवंबर 2025 के लिए एयरलाइन को प्रति सप्ताह 15,014 प्रस्थान और कुल 64,346 उड़ानों की मंजूरी दी गई थी। हालांकि, परिचालन आंकड़ों से पता चलता है कि इंडिगो केवल 59,438 उड़ानें ही संचालित कर पाई। नवंबर में एयरलाइन की 951 उड़ानें रद्द की गईं। नोटिस के अनुसार, इंडिगो को समर शेड्यूल 2025 की तुलना में विंटर शेड्यूल में 6 प्रतिशत के इजाफे की अनुमति दी गई थी, इसके तहत 403 विमानों के उपयोग की मंजूरी थी। लेकिन एयरलाइन अक्तूबर 2025 में केवल 339 और नवंबर 2025 में 344 विमान ही संचालित कर सकी।

# जिंदगी आसान बनाने के लिए हों नियम-कानून

## एनडीए संसदीय दल की बैठक में बोले प्रधानमंत्री

नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि मैं फालतू पेपरवर्क और 30-40 पेज के फॉर्म का कल्चर खत्म करना चाहता हूं। हमें नागरिकों के दरवाजे पर सर्विस देनी होगी, बार-बार डेटा जमा करने की जरूरत को खत्म करना होगा। उन्होंने कहा कि लोगों को परेशान नहीं किया जाना चाहिए, उन्हें असुविधा नहीं होनी चाहिए। नियम और कानून अच्छे हैं, लेकिन सिस्टम को ठीक करने के लिए लोगों को परेशान करना सही नहीं है। प्रधानमंत्री ने यह बात संसद की लाइब्रेरी बिल्डिंग में संसदीय दल की बैठक में मंत्रियों और सांसदों से कही।



बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की जीत पर प्रधानमंत्री का माला पहनाकर सम्मान किया गया। इस दौरान उन्होंने 10वीं बार बिहार के मुख्यमंत्री बने नीतीश कुमार की भी तारीफ की। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार बिहार जीत के शिल्पकार हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने सेल्फ-सर्टिफिकेशन की इजाजत देकर नागरिकों पर भरोसा किया। इस बात पर जोर दिया कि यह भरोसा बिना किसी गलत इस्तेमाल के 10 साल से कामयाबी से काम कर रहा है। ईज ऑफ लाइफ और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस दोनों ही मोदी सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि देश अब पूरी तरह से 'रिफॉर्म एक्सप्रेस' फेज में है, जहां सुधार तेजी से और साफ इरादे से हो रहे हैं।सरकार के सुधार पूरी तरह से नागरिक-केंद्रित हैं, न कि सिर्फ आर्थिक या रेवेन्यू-केंद्रित। इसका लक्ष्य लोगों की रोजमर्रा की मुश्किलों को दूर करना है ताकि वे अपनी पूरी क्षमता तक बढ़ सकें।

# दमोह-टीकमगढ़, पन्ना-कटनी को मिलेंगे मेडिकल कॉलेज

**खजुराहो।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि बुंदेलखंड को भविष्य में चार मेडिकल कॉलेज मिलेंगे, जो दमोह, टीकमगढ़, पन्ना और कटनी में खोले जाएंगे। वहीं, दमोह की झापड़ नाला मध्यम सिंचाई परियोजना को 165 करोड़ रुपए की मंजूरी दी गई है। सागर से दमोह फोरलेन सड़क की सौगात भी मिल रही है, जो दो राष्ट्रीय राजमार्गों को जोड़ेगी। मंगलवार को खजुराहो में कैबिनेट मीटिंग के बाद मुख्यमंत्री ने बताया कि सागर में एक बड़ा इंडस्ट्रियल पार्क बनाया जाएगा, जिससे 30 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा और 24 हजार करोड़ रुपए से अधिक का निवेश आएगा। कन्वेंशन हॉल के साथ एक फाइव स्टार होटल पीपीपी मोड पर बनाने की योजना है। पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पन्ना नेशनल पार्क को बड़ी बसों की सौगात दी गई है। मंत्री दिलीप अहिरवार ने कहा कि इतिहास में पहली बार मुख्यमंत्री तीन दिन तक खजुराहो में रुके और यहां कैबिनेट बैठक की। इस दौरान कई सौगात दीं। पन्ना, दमोह, कटनी और टीकमगढ़ में अगले शैक्षणिक सत्र से मेडिकल कॉलेज की सौगात मिलेगी।



### बोत्सवाना से मध्यप्रदेश आएंगे 8 चीते

दुर्गावती अभयारण्य और नौरादेही अभयारण्य में चीता पुनर्स्थापन कार्य किया जाएगा। कूनो में 28 और गांधीसागर में 2 चीते हैं। जनवरी में बोत्सवाना से 8 चीते मध्यप्रदेश आएंगे। मप्र में अग्निशमन सेवा विस्तार के लिए 397 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के 600 युवाओं को जर्मनी और जापान भेजने की योजना है। राज्य के 12 अस्पतालों को अपग्रेड किया जाएगा।

# रिसॉर्ट में खाने के बाद 3 की मौत

## परिजन ने चक्काजाम किया, पीएम-सीएम के पोस्टर फाड़े




छतरपुर

छतरपुर के खजुराहो में रिसॉर्ट में खाना खाने के बाद कर्मचारियों की तबीयत बिगड़ गई। सभी को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां से गंभीर हालत में 9 कर्मचारियों को ग्वालियर रेफर किया गया। 3 की मौत हो गई। बाकी का इलाज जारी है। जानकारी के अनुसार, ग्वालियर जाने के दौरान दो लोगों ने रास्ते में दम तोड़ दिया। एक की जेएएच अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। ग्वालियर में तीन मृतकों के पोस्टमॉर्टम हुए हैं। इनमें रामस्वरूप, गिरजा देवी और संतोबाई शामिल है। दयाराम, हार्दिक, रवि, रोशनी और गोलू का इलाज चल रहा है। रवि, रोशनी और गोलू वेंटिलेटर पर हैं। डॉक्टर ने फूड पॉइजनिंग के लक्षण बताए हैं। यहां तबीयत बिगड़ने पर 4 लोगों को ग्वालियर रेफर किया गया था। छतरपुर जिला अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार, तीन कर्मचारियों की मौत हुई है। कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने इनके परिजनों को 20-20 हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। प्रशासन ने रिसॉर्ट सील कर दिया है। बताया जा रहा है कि रिसॉर्ट मालिक विनोद कुमार गौतम बेल्जियम में रहते हैं।

### सीएम के रूट पर किया चक्काजाम

खजुराहो-बमीठा रोड के फौजदार चौक पर जहां से सीएम मोहन यादव को गुजरना था, उसी रोड पर मृतकों के परिजन ने और ओबीसी महासभा ने चक्काजाम कर दिया। लोग नारेबाजी करते हुए वहीं डटे रहे। मृतकों के परिवार जनों की मांग है कि होटल संचालक पर एफआईआर की जाए, और मृतकों को 1 करोड़ की सहायता राशि दी जाए। गुस्साई महिलाओं ने खजुराहो में लगे सीएम मोहन यादव और पीएम मोदी के पोस्टर फाड़ दिए। बैनर पर पीएम और सीएम की तस्वीर पर कालिख पोत दी।

### सत्ता के महलों में बैठे मंत्री मौन हैं: पटवारी



एमपी कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा- जिस खजुराहो में कैबिनेट, उसी जिले में मौतें हो गईं, लेकिन सत्ता के महलों में बैठे मंत्री मौन हैं। 9 पीड़ित अस्पताल पहुंचाए गए, किंतु निर्लज्जता से भरी हुई निर्मम सरकारी कुर्सियां, उसी इलाके में 'सरकारी खर्चे' पर मौज करती रहीं।

# चटुवा जलाशय में नहर सुधार व खरीदी केंद्र स्थापना की दोहरी मांग, कलेक्टर को सौंपा गया संयुक्त आवेदन

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

**जनपद पंचायत डिंडौरी अंतर्गत ग्राम पंचायत चटुवा के जनपद सदस्य, सरपंच एवं ग्रामीणों ने क्षेत्र के महत्वपूर्ण कृषि संबंधी मुद्दों को लेकर कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया को विस्तृत संयुक्त आवेदन सौंपा। आवेदन में नहर की तत्काल सफाईङ्कमरम्मत, नहर किनारे सड़क निर्माण तथा चटुवा में धान खरीदी केंद्र स्थापित करने की प्रमुख माँगें शामिल रहीं। ग्रामीणों ने बताया कि इन दोनों समस्याओं का सीधा असर क्षेत्र के हजारों किसानों पर पड़ रहा है।**



आवेदन में उल्लेख किया गया कि चटुवा जलाशय से निकलने वाली मुख्य नहर की हालत पिछले कई वर्षों से अत्यंत खराब है। नहर में गाद भरने, टूट-फूट और सफाई न होने के कारण पानी का प्रवाह रुक रहा है, जिससे किसानों को प्रशासन द्वारा निर्धारित सिंचाई लक्ष्य के अनुरूप पानी प्राप्त नहीं हो रहा। ग्रामीणों ने आशंका जताई कि यदि आगामी रबी सीजन में पानी छोड़ा गया तो जर्जर नहर किसी भी समय फूट सकती है, जिससे किसानों की फसलों को भारी नुकसान होने की संभावना है।

**मुआवजा मिलने के बाद भी नहीं बनी सड़क**-जनप्रतिनिधियों ने बताया कि नहर के दोनों ओर 15ङ्क15 मीटर भूमि का मुआवजा किसानों को दिया जा चुका है। इसके बावजूद नहर किनारे सड़क निर्माण का कार्य शुरू नहीं हो पाया है, जबकि यह सड़क कृषक वर्ग के लिए खेतों तक आवागमन का प्रमुख मार्ग है। सड़क बनने से कृषि कार्यों में सुविधा और परिवहन व्यवस्था में सुधार होगा।

### धान खरीदी केंद्र 17 किलोमीटर दूर, किसानों को हो रही बड़ी परेशानी

जनप्रतिनिधियों समेत ग्रामीणों द्वारा सौंपे गए दूसरे आवेदन में चटुवा में धान खरीदी केंद्र की स्थापना की माँग रखी गई। वर्तमान में क्षेत्र के किसानों को सरहरी खरीदी केंद्र तक 17 किलोमीटर दूर जाना पड़ता है। चटुवाङ्कबिछिया मार्ग पर ग्रेवल सड़क का निर्माण अधूरा रहने से आवाजाही और भी कठिन हो गई है। किसानों ने बताया कि खराब सड़क और लंबी दूरी के कारण परिवहन लागत बढ़ जाती है तथा समय और श्रम दोनों की हानि होती है। जनप्रतिनिधियों ने स्पष्ट कहा कि यदि चटुवा में खरीदी केंद्र स्थापित किया जाता है, तो किवटी, लाखो, धनुवासगर सहित आसपास के कई गाँवों के किसानों को सीधा लाभ मिलेगा और खरीद व्यवस्था सुचारु रूप से संचालित हो सकेगी। ये रहे उपस्थित ज्ञापन सौंपने वालों में सरपंच रामनरेश धुरैया, जनपद सदस्य संतोष सिंह चंदेल, अशोक ठाकुर, लाल विजय चंदेल, मनीष चंदेल, सुखदेव चंदेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# जिले में लोकपथ एप का असर, शिकायत पर 24 घंटे में सड़क हुई दुरुस्त




डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

जिले में लोक निर्माण विभाग द्वारा आमजन की सड़क संबंधी शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से शुरू किए गए 'लोक निर्माण से लोक कल्याण का लोकपथ' मोबाइल एप का सकारात्मक असर दिखाई दे रहा है। जिला मुख्यालय में जगह-जगह लगाए गए पोस्टरों में विभाग द्वारा दावा किया गया है कि सड़क पर गड्ढे दिखाई देने पर लोकपथ एप के माध्यम से फोटो अपलोड कर शिकायत दर्ज की जा सकती है, जिसे सात दिनों के भीतर निराकृत किया जाएगा। विभाग का कहना है कि लोकपथ एप की सुविधा केवल पीडब्ल्यूडी द्वारा निर्मित सड़कों पर ही लागू होगी। इसी क्रम में जागरूक युवक राघवेंद्र राजपूत (संचालक राजपूत मोबाइल) ने जबलपुर बायपास स्थित आईटीआई कॉलेज के पास क्षतिग्रस्त सड़क और गड्ढों की तस्वीर एप पर भेजकर विभाग की सक्रियता परखने का प्रयास किया। शिकायत मिलते ही लोक निर्माण विभाग ने तत्परता दिखाते हुए 24 घंटे के भीतर सड़क के गड्ढों की मरम्मत करा दी। शिकायतकर्ता राघवेंद्र ने बताया कि जिन स्थानों को लेकर शिकायत की गई थी, वहां तो मरम्मत की गई ही, साथ ही आसपास के अन्य गड्ढों को भी भर दिया गया है। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था दुर्घटना की संभावनाओं को कम करने और सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने में उपयोगी सिद्ध होगी। वहीं लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों का कहना है कि शिकायत प्राप्त होने पर उसे प्राथमिकता के साथ निस्तारित किया जाता है। विभाग का उद्देश्य सड़क सुविधा के माध्यम से जनकल्याण को बढ़ावा देना है।

हायर सेकेंडरी स्कूल बटोधा एवं हाई स्कूल चिचरिंगपुर में

# बाल विवाह मुक्त भारत अभियान हेतु कार्यशाला का आयोजन



डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

कलेक्टर अंजू भदोरिया के निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्री श्याम सिंगोर के मार्गदर्शन में शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल बटोधा तथा हाई स्कूल चिचरिंगपुर में जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को शपथ दिलाई गई तथा बाल विवाह से होने वाले सामाजिक, शारीरिक एवं मानसिक दुष्प्रभावों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। प्रतिभागियों को बताया गया कि यदि उनके आसपास कहीं भी बाल विवाह होने की सूचना मिलती है, तो वे तुरंत चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर संपर्क कर इसकी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। कार्यक्रम में पोक्सो एक्ट, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, तथा महिला एवं बाल विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी गई। कार्यशाला के सफल संचालन में विभाग की ओर से पर्यवेक्षक पार्वती धुर्वे, परामर्शदाता सुष्मा डोंगरे, आउटरीच कार्यकर्ता पूजा टेकाम, विद्यालय के शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# कलेक्टर की जनसुनवाई में 95 आवेदन कई मामलों का मौके पर हुआ निपटारा

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने आम नागरिकों की समस्याएं सुनीं और कई आवेदनों का तत्काल समाधान कराया। जनसुनवाई में जिले के विभिन्न विकासखंडों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याओं एवं शिकायतों से संबंधित कुल 95 आवेदन प्रस्तुत किए, जिन मामलों का तुरंत समाधान संभव नहीं हो सका, उनके लिए आवेदकों को समय-सीमा निर्धारित कर आवश्यक आश्वासन प्रदान किया गया।



ग्राम बिझौरी की 77 वर्षीय लुटैया रौतिया ने बताया कि उन्हें लगभग 15-20 वर्षों से राशन नहीं दिया जा रहा है। आवेदक ने यह भी बताया कि लगातार टालमटोल किए जाने के कारण उन्हें भूखमरी की स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। कलेक्टर ने संबंधित विभाग को तुरंत जांच कर समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए।

ग्राम जरगुड़ा की हितग्राही कुसुम बाई ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बने आवास की मजदूरी राशि वर्ष 2024-25 से अब तक उन्हें प्राप्त नहीं हुई है। इस पर कलेक्टर ने संबंधित को राशि भुगतान हेतु शीघ्र कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। ग्राम सरसी माल के सरपंच संतोष कुमार मार्कंडेय ने स्वास्थ्य केंद्र निर्माण में ठेकेदार एवं सप्लायर द्वारा घटिया मटेरियल उपयोग और धमकाने की शिकायत की। इस पर कलेक्टर ने संबंधित विभाग को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

इसी क्रम में वन ग्राम कान्दावली पंचायत धुरकुटा निवासी रामबाई ने आवेदन प्रस्तुत कर बताया की मेरे नाम पर वनअधिकार पत्र बनने के बाद भी प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि नहीं मिल रही है। इस पर कलेक्टर ने संबंधित विभाग को जांच कर राशि दिलाने के निर्देश दिए।

इसी प्रकार ग्राम तितराही निवासी आवेदक उदय सिंह ने आवेदन प्रस्तुत कर बताया की उनकी पुत्री की मृत्यु तालाब में डूबने से 07-06-2022 को हो गई थी। किंतु आज दिनांक तक मुख्यमंत्री सहायता कोष से सहायता राशि नहीं मिली है। कलेक्टर ने समस्या का समाधान करने के संबंधित विभाग को निर्देश दिए। कलेक्टर ने जनसुनवाई के अंत में सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए तथा प्रत्येक आवेदन का समयबद्ध एवं पारदर्शी निराकरण सुनिश्चित किया जाए। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर जेपी यादव, डिप्टी कलेक्टर वैधनाथ वासनिक, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग राजेन्द्र जाटव सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# 13 दिसंबर को होगा वर्ष की अंतिम नेशनल लोक अदालत का आयोजन

**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शहडोल के.एन.सिंह के मार्गदर्शन में वर्ष की अंतिम नेशनल लोक अदालत का आयोजन 13 दिसंबर को जिला न्यायालय शहडोल एवं सिविल न्यायालय ब्यौहारी, बुढ़ार तथा जयसिंहनगर में किया जावेगा। उक्त नेशनल लोक अदालत में राजीनामा योग्य आपराधिक प्रकरण, सिविल प्रकरणों, चेक बाउन्स के प्रकरणों, पारिवारिक एवं वैवाहिक प्रकरणों, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरणों, बैंक एवं वित्तीय संस्थानों के प्रीलिटिगेशन प्रकरणों आदि का निराकरण किया जायेगा। जिला विधिक सहायता अधिकारी देवेन्द्र सिंह परस्ते ने बताया कि नेशनल लोक अदालत के माध्यम से प्रकरणों का निराकरण होने पर संपूर्ण कोर्ट फीस की वापसी हो जाती है तथा विवाद हमेशा के लिए समाप्त हो जाता है। नगरपालिका के प्री-लिटिगेशन प्रकरणों में नियमानुसार छूट प्रदान की गई है। नेशनल लोक अदालत में विद्युत प्रकरणों के निराकरण हेतु निम्नानुसार छूट दी जावेगी प्री-लिटिगेशन स्तर पर कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण




आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रत्येक छः माही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जावेगी। लिटिगेशन स्तर पर कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 20 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रत्येक छः माही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जावेगी। उपरोक्तानुसार छूट निम्नलिखित नियम एवं शर्तों के तहत दी जावेगी 13 दिसंबर (शनिवार) को आयोजित होने वाली लोक अदालत में उपरोक्तानुसार दी जा रही छूट आंकलित सिविल दायित्व राशि रूपये 10,00,000 (दस लाख मात्र) तक के प्रकरणों के लिये सीमित रहेगी। आवेदक को निर्धारित छूट के उपरांत शेष देय आंकलित सिविल दायित्व की राशि का एकमुश्त भुगतान करना होगा। उपभोक्ता उपयोगकर्ता की विचाराधीन प्रकरण वाले परिसर एवं अन्य परिसरों पर उसके नाम पर किसी अन्य संयोजन संयोजनों के विरूद्ध विद्युत देयकों की बकाया राशि का पूर्ण भुगतान भी करना होगा। आवेदक के नाम पर कोई विधिक संयोजन न होने की स्थित में छूट का लाभ प्राप्त करने हेतु आवेदक द्वारा विधिक संयोजन प्राप्त करना एवं पूर्व में विच्छेदित संयोजनों के विरूद्ध बकाया राशि(यदि कोई हो) का पूर्ण भुगतान किया जाना अनिवार्य होगा। नेशनल लोक अदालत मे छूट आवेदक द्वारा विद्युत चोरी अनाधिकृत उपयोग पहली बार किये जाने की स्थिति में ही दी जावेगी।विद्युत चोरी अनाधिकृत उपयोग के प्रकरणों में पूर्व की लोक अदालत अदालतों में छूट प्राप्त किए उपभोक्ता उपयोगकर्ता छूट के पात्र नहीं होंगे।

# आसमानी स्व सहायता समूह किसानों से कर रहा लूट

**जयसिंहनगर (स्वतंत्रमत)।** धान खरीदी केंद्रों में धान सूखती के नाम से एक्स्ट्रा खरीदी कर किसानों की जेब में डाका डालने का खेल शुरू हो चुका है। शासन के नियम के अनुसार एक बारदाने में 40 किलो धान भरा जा सकता है। उसमें बारदाने के वजन के बदले 680 ग्राम ज्यादा धान भरने की छूट है। इस छूट की आड़ में कुछ समिति वाले 800 ग्राम से एक किलो ग्राम तक एक्स्ट्रा धान भर रहे हैं। किसान आपत्ति करे तो कह दिया जाता है कि परिवहन समय पर नहीं होने से धान फड़ में पड़े रहने से सूखता है। जिसके बाद एक बोरे का वजन 40 किलो से कम हो जाता है। समिति को होने वाले



इस नुकसान के बदले किसानो का धान ज्यादा लेकर शार्टेज की समस्या दूर कर ली जाती है। जयसिंहनगर खरीदी केंद्र अंतर्गत ग्राम जरुखरा मे आसमानी स्व सहायता समूह कल्हेह द्वारा ओपेन कैम्प मे धान खरीदी का कार्य इस वर्ष किया जा रहा है जंहा किसानो से धान 1 किलो से लेकर 1.5 किलो तक अधिक ले कर उक्त समूह द्वारा सारे आम धांधली की जा रही है जिसे कोई देखने सुनने वाला नहीं है। किसानो द्वारा इस खेल मे सहायक खाद्य अपूर्ति अधिकारी जयसिंहनगर की भूमिका संदिग्ध बतायी जा रही है। खरीदी केंद्र मे किसानो को बैठने की कोई सुविधा नहीं है। यंहा लेवरो की जगह किसान स्वयं बोरियो मे धान भरता है जबकि शासन द्वारा बोरियो मे धान लेवरो से भरवाये जाने के निर्देश दिये जाने के आदेश होने की बात कही जा रही है।

## साप्ताहिक जनसुनवाई में कलेक्टर ने दूर दराज के क्षेत्रों से आए लोगों की सुनी समस्याएं



**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** कलेक्टर कार्यालय के सोन सभागार में साप्ताहिक जनसुनवाई आयोजित की गई। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने जनसुनवाई में जिले के दूर-दराज क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याएं एवं शिकायतें सुनी तथा निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में ग्राम झिरिया निवासी उपेंद्र कुर्मी ने किसान सम्मान निधि योजना का लाभ दिलाने, नगर पालिका वार्ड नम्बर 5 निवासी आरती साहू ने पति की मृत्यु उपरांत सहायता राशि एवं रोजगार उपलब्ध कराने, ग्राम बरूका निवासी सकली बैगा ने पेंशन की राशि दिलाने, बाणसागर वार्ड नम्बर 12 निवासी कमल सिंह ने पीएम आवास योजना का लाभ दिलाने, ग्राम मझगंवा निवासी अमित कुमार मिश्रा ने बिजली बिल सुधरवाने, ग्राम देवहरा निवासी सुनील बैगा ने अनुकंपा नियुक्ति दिलाने हेतु आवेदन किया। कलेक्टर ने प्राप्त आवेदनों के निराकरण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों की ओर आवेदन प्रेषित कर शीघ्रता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में अन्य प्राप्त आवेदनों को कलेक्टर ने संबंधित विभाग के अधिकारियों की ओर प्रेषित कर शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए।

# बुढार एवं धनपुरी मंडल की बैठक में भाजपा जिलाअध्यक्ष ने एसआईआर के संबंध में कार्यकर्ताओं को दी जानकारी

शहडोल (स्वतंत्रमत)

बुढार एवं धनपुरी मंडल की आवश्यक कामकाजी बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष अमिता चपरा की हुई शामिल कार्यकर्ताओं को एसआईआर संबंध में दी आवश्यक जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विनय केवट ने जानकारी देते हुए बताया है कि मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी की जिला अध्यक्ष अमिता चपरा ने प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर जिले के बुढार एवं धनपुरी मंडल की एसआईआर के संबंध में आवश्यक बैठक ली बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष ने बुढार एवं धनपुरी मंडल के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बताया कि गणना पत्रक जमा करने के केवल कुछ दिन ही शेष बचे हैं। इस अवधि में सजगता और पूर्ण समर्पण के साथ निम्नलिखित कार्य बूथ स्तर पर सुनिश्चित करने के लिये केन्द्रीय एस.आई.आर. समिति की ओर से निर्देश प्राप्त हुये हैं बूथ के शेष फॉर्म की सूची तैयार करना बूथ की टोली यह सुनिश्चित करें कि कितने फॉर्म अभी तक



जमा नहीं हुए हैं। एक अद्यतन सूची बनायें और रोजाना उसकी समीक्षा करके फॉर्म जमा करवायें। हर बूथ पर हेल्प डेस्क स्थापित करना बूथ पर हेल्प डेस्क प्रारंभ करके यह सुनिश्चित करें कि न्यूमरेशन फॉर्म (गणना पत्रक) तेजी से भरे जाएँ, और समय पर बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) तक पहुंचाये। रोज बीएलओ से रिपोर्ट लेवें-पार्टी के समस्त बूथ लेवल एजेंट (बीएलए-2) अपने संबंधित ठस्व् से रोज यह जानकारी लेवें कि आज कितने फॉर्म जमा हुए और उनमें से कितने फॉर्म डिजिटलाइज हो चुके हैं। प्रवासी मतदाताओं पर विशेष ध्यान जो प्रवासी मतदाता आपके समर्थन में हैं और बूथ क्षेत्र में रहते हैं, उनके फॉर्म हर हाल में जमा करवायें। बाहर गए मतदाताओं के लिए विशेष प्रयास जो मतदाता फिलहाल शहर राज्य से बाहर हैं, उनसे संपर्क कर ऑनलाइन फॉर्म भरवाने का प्रयास करें। यदि ऑनलाइन संभव न हो, तो उनके परिवार से संपर्क कर ऑफलाइन फॉर्म जमा कराएँ एवं इसकी सूची भी तैयार करें। 10 दिसंबर तक सभी फॉर्म डिजिटलाइज करायें प्रत्येक बूथ पर यह सुनिश्चित करें कि 10 दिसंबर तक सभी मतदाताओं के फॉर्म जमा होकर डिजिटलाइज हो जाएँ। गणना पत्रक जमा करते समय कोई डॉक्यूमेंट की आवश्यकता नहीं है न्यूमरेशन फॉर्म (गणना पत्रक) के साथ कोई भी दस्तावेज जमा नहीं किया जा रहा है। जो भी फॉर्म जमा होंगे, सभी के नाम ड्राफ्ट रोल में शामिल होंगे। अत: अपने बूथ के प्रत्येक समर्थक शुभचिंतक एवं पात्र मतदाता का फॉर्म अवश्य जमा करवायें। भाजपा जिला अध्यक्ष ने बुढार और धनपुरी मंडल की बैठक में कार्यकर्ताओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम को बुढार एवं धनपुरी मंडल द्वारा 100: पूरा करने पर बधाई भी दी। एसआईआर के संबंध में बुढार एवं धनपुरी मंडलों की हुई बैठक में प्रमुख रूप से बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष बुढार अर्जुन सोनी एवं धनपुरी मंडल अध्यक्ष अजय शर्मा ने की बैठक में बुढार नगर परिषद की अध्यक्ष शालिनी शरावगी, वरिष्ठ भाजपा नेता रज्जू चौरसिया, पुष्पेंद्र ताम्रकार जिला मंत्री श्रीकृष्ण गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी विनय केवट, अनुराग शुक्ला ,धनपुरी नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष रविंद्र कौर छाबड़ा, दीपक राय ,सचिन दहिया, जानू छाबड़ा अरविंद रजक, मोहन सोनी, नगर पालिका धनपुरी एवं नगर परिषद परिषद बुढार के पार्षद गण सहित भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं जेष्ठ-श्रेष्ठ कार्यकर्ता गण बैठक में उपस्थित रहे। बैठक के उपरांत बुढार एवं धनपुरी मंडल के कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता स्वर्गीय नरेंद्र दुबे के निधन पर 2 मिनट का मौन धरण कर श्रद्धांजलि अर्पित की भाजपा जिला अध्यक्ष अमिता चपरा अपनी संवेदनाएं प्रकट करते हुए कहा की हम सभी के मार्गदर्शक प्रखर वक्ता वरिष्ठ भाजपा नेता लोकतंत्र सेनानी नरेंद्र दुबे आज भले ही हमारे बीच नहीं हैं, किन्तु उनके दिखाए रास्ते, उनके साथ बिताये पल हमारे जीवन की पूंजी बनकर हमें निरंतर प्रेरणा प्रदान करते रहेगी मैं भारतीय जनता पार्टी के सभी जनप्रतिनिधि कार्यकर्ताओं की ओर से उनके चरणों मे अपने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए, उन्हें विनम्र श्रद्धांजली अर्पित करती हूं ईश्वर से प्रार्थना करती हूं की वे उन्हें अपने चरणों मे स्थान दें।

# पुलिस ने खोज निकाली चोरी हुई 200 वर्ष पुरानी भगवान पारसनाथ की प्रतिमा

## चरगवां थाना क्षेत्र का मामला, जैन समाज ने पुलिस कर्मियों को किया सम्मानित





जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

चरगवां थाना क्षेत्र के पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में हुई लाखों की चोरी का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। बतां दें कि बिजोरी में पिछले हफ्ते भगवान पारसनाथ की 200 वर्ष से ज्यादा वर्ष पुरानी प्रतिमा ,चांदी के छत्र, और नगदी दान पेटी चोरों द्वारा चोरी कर ली गई थी। जिसकी एफआईआर जैन समाज बिजौरी सगड़ा के सदस्यों द्वारा थाना चरगवां में की गई थी । नगर पुलिस अधीक्षक अंजुल अयंक मिश्रा बरगी संभाग द्वारा थाना प्रभारी चरगवा उप निरीक्षक अभिषेक पयासी, सउनि प्रकाश सिंह पटेल, सउनि मनीष बसेड़िया प्रधान, आरक्षक दिनेश भलावी आदि को जल्द से जल्द चोरों को पकड़ने के निर्देश दिए गए थे। थाना प्रभारी के अनुसार चोरों द्वारा चोरी की वारदात के पहले कचरा बिनने के बहाने मंदिर परिसर के आसपास की रेकी की गई। फिर रात में चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया। पुलिस द्वारा सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच की गई तथा अपराधियों की पहचान कर अपराधियों से भगवान पारसनाथ की मूर्ति बरामद की गई। बताया जा रहा है कि मूर्ति को अपराधियों द्वारा खंडित किया गया है एवं एक चोर फरार है। पकड़े गए आरोपियों के नाम मोहम्मद अबरार पिता मोहम्मद इशाक उम्र 35 साल, सानू उर्फ सान मोहम्मद पिता शेख मुबारिक उम्र 32 साल,मोहम्मद रफीक पिता कुद्दोष खान उम्र 45 साल तीनों निवासी बार्ड नम्बर 41 आजाद नगर मोहरिया थाना हनुमानताल है।

### आरोपियों को कड़ी सजा देने की मांग

चोरों की गिरफ्तारी के बाद पूरे क्षेत्र एवं जैन समाज एवं सर्वत्र समाज द्वारा पुलिस की टीम द्वारा किए गए कार्य की भरी पूरी प्रशंसा की गई है एवं थाने परिसर पूरी टीम का सम्मान किया गया। जैन समाज सगड़ा बिजौरी के अध्यक्ष झगडू जैन, देवचन्द जैन, अनूप जैन, राजा जैन चरगवां, आलोक जैन शाहपुरा और ग्राम के सम्मानित समाजसेवी राम सिंह ठाकुर, गिरवर सिंह, सतीश सिंह आदि ने पुलिस प्रशासन की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें सम्मानित किया। साथ में यह भी मांग की कि जल्द से जल्द बाकी चोरी हुआ सामान बरामद कर आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए।



# आदतन अपराधियों का करायें बाउंड ओवर, महिला संबंधी अपराधों में बरतें संवेदनशीलता

### पुलिस कप्तान ने ली अपराध समीक्षा बैठक, कार्यवाही के सम्बंध में दिये दिशा निर्देश

**जबलपुर(स्वतंत्रमत)।** पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय द्वारा पुलिस कन्ट्रोलरूम में अपराध समीक्षा बैठक ली गयी। बैठक में कप्तान द्वारा त्रिवार्षिक तुलनात्मक भा.द.वि/बी.एन.एस. तथा प्रतिबंधात्मक एवं माईनर एक्ट की विस्तार से समीक्षा की गयी। उनके द्वारा थानावार लंबित गम्भीर अपराध हत्या एवं हत्या के प्रयास, लूट, झपटमारी, नकबजनी एवं एस.सी.एस.टी. एक्ट, तथा महिला सम्बंधी अपराधों की विस्तार से समीक्षा की गयी एवं लंबित अपराधों कें निराकरण के सम्बंध मे आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये । इस दौरान उन्होंने कहा कि स्थाई वारन्ट की तामीली लगातार अधिक से अधिक करें, फरार आरोपियों पर ईनाम उद्घोषित करायें पतासाजी कर शीघ्र आरोपी की गिरफ्तारी करें। ऐसे आरोपी जो जिले से बाहर रह रहे है की गिरफ्तारी हेतु टीम बनाकर रवाना करें। पुलिस कप्तान ने ऑपरेशन ''मुस्कान'' अभियान के तहत लंबित धारा 363 भादवि/137 (2) बी.एन.एस. के प्रकरण में अपहृत अवयस्क बालक-बालिकाओं की हर सम्भव प्रयास कर दस्तयाबी करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही अपहृत बालक-बालिकाओं के जिले से बाहर होने की जानकारी मिलने पर तत्काल टीम बनाकर भेजते हुये दस्तयाबी सुनिश्चित करने के भी निर्देशित किया।

### शिकायतों के निराकरण में न हो कोई लापरवाही

उन्होंने सीएमब हैल्प लाईन, वरिष्ठ कार्यालयों तथा जन सुनवाई, की शिकायतों की समीक्षा करते हुये आदेशित किया कि लंबित शिकायतों का त्वरित निराकरण करें, इसमें किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही न बरती जाये। कप्तान श्री उपाध्याय ने लंबित सम्पत्ति सम्बंधी अपराधों की विस्तार से समीक्षा करते हुये लंबित सम्पत्ति सम्बंधी अपराधों में पतासाजी कर आरोपियों की गिरफ्तारी एवं चोरी गयी सम्पत्ति की बरामदगी के लिए आदेशित किया। बैठक में एएसपी आयुष गुप्ता, एएसपी (यातायात) सुश्री अंजना तिवारी, एएसपी अपराध जितेन्द्र सिंह के साथ ही राजपत्रित अधिकारी एवं थाना प्रभारी मौजूद रहे।



# युवा रोजगार, बाल सुरक्षा जैसे विषयों पर विधायक डॉ. पांडे ने विधानसभा में उठाया मुद्दा

## विभिन्न सामाजिक एवं विकास के मुद्दों पर शीतकालीन सत्र में हुई चर्चा

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** मप्र विधानसभा के शीतकालीन सत्र में उत्तर मध्य विधानसभा के विधायक डॉ. अभिलाष पाण्डेय ने युवा रोजगार, बाल सुरक्षा, नागरिक सुविधाओं और शासन में पारदर्शिता से जुड़े गंभीर मुद्दों को उठाते हुए सरकार से स्पष्ट जवाब और ठोस कार्ययोजना की मांग की। सत्र के दौरान उन्होंने विभिन्न मंत्रालयों से पूछे गए प्रश्नों के माध्यम से जबलपुर क्षेत्र के विकास और प्रदेश की समग्र प्रगति पर जोर दिया। डॉ. पाण्डेय ने कौशल विकास एवं रोजगार मंत्री से पूछा कि मुख्यमंत्री कौशल संवर्धन योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वाभिमान योजना और प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत अब तक कितने युवाओं को प्रशिक्षण दिया गया है, विशेष रूप से जबलपुर क्षेत्र में। उन्होंने प्रशिक्षण के बाद स्वरोजगार या नौकरी पाने वालों की संख्या और आगामी वर्ष के लक्ष्य की भी जानकारी मांगी। उनके आग्रह पर मंत्री ने जबलपुर पर विशेष ध्यान देने और यहां जॉब फेयर आयोजित करने का आश्वासन दिया। इसी प्रकार डॉ. पाण्डेय ने 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों में स्मार्टफोन व इंटरनेट के अनियंत्रित उपयोग पर गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यह समस्या हर परिवार की चिंता का विषय बन गई है और इससे बच्चों के शारीरिक, मानसिक व नैतिक विकास पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है।

**ई-रिक्शा के संचालन पर की चर्चा**

डॉ. पाण्डेय ने सत्र के दौरान अनियंत्रित ई-रिक्शा संचालन परिवहन मंत्री से पूछा कि जुलाई 2025 में जबलपुर में 4,815 ई-रिक्शा की कलर कोडिंग की गई थी, लेकिन वर्तमान में यह प्रणाली संचालित नहीं है। उन्होंने बिना लाइसेंस चालकों के खिलाफ कार्रवाई के आंकड़े मांगे। मंत्री ने बताया कि 1027 चालान काटे गए और 5 लाख से अधिक जुर्माना वसूला गया, लेकिन व्यावसायिक चालकों के प्रशिक्षण की कोई विशेष योजना नहीं है। खेल मंत्री से जबलपुर के खिलाड़ियों को मिल रही सुविधाओं और रानी दुर्गावती खेल परिसर के उन्नयन के बारे में पूछा। बताया गया कि पिछले दो वर्षों में जिले के 309 खिलाड़ी खेलवृत्ति से लाभान्वित हुए और हॉकी के सिंथेटिक टर्फ की पुनर्स्थापना का प्रस्ताव है। डॉ. पाण्डेय ने पोर्टल के माध्यम से नागरिक सेवाओं की उपलब्धता, वायु प्रदूषण, खाद्य पदार्थों में मिलावट, अनियंत्रित ओवरहेड केबल, आवारा पशु नियंत्रण नीति, भूमि अधिग्रहण में अनियमितताएं, और जबलपुर में प्रस्तावित फ्लाईओवर जैसे विविध मुद्दों पर भी विस्तृत प्रश्न पूछे और समयबद्ध कार्यवाही की मांग की ।

# भगवान श्री चित्रगुप्त मार्ग पर शिलालेख का अनावरण

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।



कायस्थ जनों की भावना को ध्यान में रखकर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा द्वारा निरंतर माननीय महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू से लम्बे समय से मांग की जा रही थी कि शहर के किसी एक चैराहे एवं मार्ग का नाम कायस्थ कुलदेव भगवान श्री चित्रगुप्तजी के नाम पर नामकरण करके नगर में रहने वाले समस्त कायस्थों की भावना का सम्मान करें। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज ने इस पूरे मामले को मेयर इन काउसिंल की बैठक मे प्रस्ताव पारित कराकर पर्यटन विभाग के निकट स्थित तिराहे एवं रेल्वे स्टेडियम मुख्य मार्ग का नाम भगवान श्री चित्रगुप्तजी के नाम पर नामकरण करने की स्वीकृति प्रदान की गई। जिस पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा द्वारा श्री चित्रगुप्त शिलालेख लगाकर उसका अनावरण करते हुये महापौर नगर निगम जगत बहादुर सिंह अन्नू निगम अध्यक्ष श्री रिंकू विज, नगर निगम प्रशासन, मेयर इन काउंसिल के समस्त सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुये निकट ही इस तिराहे का सौन्दर्यीकरण की जवाबदारी महासभा ने ली। इस अवसर पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रदेश अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव, अजीत श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष संतोष श्रीवास्तव, जिला कार्यकारी अध्यक्ष सुधीर खरे, जिला महासचिव बच्चन श्रीवास्तव, आलोक श्रीवास्तव, मयंक श्रीवास्तव आदि ने आभार व्यक्त किया ।

# सर्विस चैलेंजर ने जीता अपना लीग मैच



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** जीसीएफ कर्मचारी संगठन के मीडिया प्रमुख उत्तम विश्वास ने बताया कि मजदूर संघ हथौड़ा कार्य समिति के तत्वाधान में चल रहे जीसीएफ प्रीमियर लीग इंटरसेक्शन क्रिकेट टूर्नामेंट में मंगलवार को मुकाबला सर्विस चैलेंजर बनाम टी 90 राइडर्स के बीच हुआ। सर्विस चैलेंजर ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया । टी 90 राइडर्स के कप्तान जेपी और रतिकांत के अच्छे शुरुआत के बावजूद टी 90 राइडर्स एक बड़ा स्कोर बनाने में नाकामयाब रही और निर्धारित 10 ओवर में 7 विकेट के नुक्सान पर सिर्फ 74 रन ही बना सकी। सर्विस चैलेंजर के कप्तान जितेन्द्र मैहर ने 2 ओवर पर 8 रन देकर 2 महत्वपूर्ण विकेट लिया 74 रन का लक्ष्य का पीछा करते हुए सर्विस चैलेंजर की मात्र 7 ओवर 3 बॉल में 4 विकेट खोकर 75 रन बनकर आसानी से जीत लिया । मैन ऑफ द मैच का अवॉर्ड कार्य समिति के उपाध्यक्ष बीरबल सिंह और देवेंद्र प्रताप में सर्विस चैलेंजर के देवेंद्र प्रधान को दिया। खेल संचालन में यूनियन के सुशील चौहान, अमित शर्मा, मिथुन, दिनेश खन्ना, दीप विश्वकर्मा बाकद शामिल रहे।

# नशे में चूर युवती ने दोस्तों के साथ मिलकर मचाया हंगामा

### गोरखपुर के काशी कुटी पंसारी मोहल्ले की घटना, प्रकरण दर्ज

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** गोरखपुर थाना अंतर्गत काशी कुटी पंसारी मोहल्ला में बीती देररात नशे में चूर युवती ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर जमकर हंगामा मचाया। इतना ही नहीं युवती व उसके साथियों ने मारपीट कर तीन लोगों को चोट पहुंचाई। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है। पुलिस के अनुसार अतुल रजक पिता अनिल रजक 28 वर्ष निवासी काशी कुटी पंसारी मोहल्ला गोरखपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका फूल का व्यवसाय है। उसके घर के बगल में सुषमा रजक का मकान है। जिनके बगल से संतोष चौरसिया का घर है, जिनके घर पर कई किरायेदार रहते है उन किरायेदारों में एक 20 से 25 वर्ष युवती भी शामिल है, जो आए दिन देर रात युवकों के साथ आती है और शराब के नशे में धुत्त होकर मोहल्ला में हंगामा करती है। जिसके चलते हम लोग सो नहीं पाते है। रविवार रात्रि 11 बजे वह लड़की शराब के नशे में तीन लड़को के साथ आई और मोहल्ले में जोर-जोर से गाली गलौज करने लगी। जिसे उसने, उसके भाई शुभम रजक एवं सुषमा रजक एवं मोहल्ले का इंसात रजक ने मना किया तो वह काफी उत्तेजित हो गये। युवती ने उसकी मॉ सुषमा को धक्का देकर गिरा दिया और बड़ी मां से मारपीट की। जब वे बीच बचाव करने लगे तो युवती के साथियों ने मारपीट की। धारदार हथियार से हमला कर दिया।

# ओशो जन्म महोत्सव पर होंगे विविध आयोजन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।



प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी ओशो जन्म महोत्सव एवं महाकौशल महाविद्यालय एल्युमिनाई के पूर्व छात्र छात्राओं का मिलन समारोह आयोजित किया जाता रहा हैं। उक्त कार्यक्रम 11 दिसम्बर दिन गुरुवार को प्रात: 10 बजे महाविद्यालय की लाइब्रेरी में ओशो चेयर पर माल्यार्पण किया जाएगा और शाम 6 बजे से जन्मोत्सव पूर्व छात्र मिलन कार्यक्रम महाविद्यालय के ओशो प्रेक्षागृह में किया जाएगा। कार्यक्रम में महाविद्यालय के पूर्व शिक्षकों, न्यायिक क्षेत्र, सामाजिक, राजनीतिक, खेल, साहित्य, धार्मिक, लेखन, कवि , पत्रकारिता, पुलिस प्रशासन आदि में विशेष योग्यता प्राप्त तथा बीएबी कॉम बीबी ए में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में विशेष रूप से संत श्री मुरारी बापूजी को भी आमंत्रित किया गया है जिनका आशीर्वाद छात्र छात्राओं को प्राप्त होगा। पत्रकारवार्ता में एड शशांक शेखर, डॉ प्रशांत मिश्रा, आदित्य मिश्रा, विवेक पाठक, तरुण रोहितास, सुरेन्द्र सेन आदि उपस्थित, एड शशांक शेखर, डॉ प्रशांत मिश्रा आदि उपस्थित रहे।


## कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)

// प्रथम निविदा सूचना //

N.I.T. No. PWD.e-tendering/PRO.612 Date 9/12/2025

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेंडर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Date 11/12/2025 Tender ID-2025_UAD_467027_1 | संभाग क्रं.-14 अंतर्गत चेरीताल वार्ड एवं महाराजा अग्रसेन वार्ड अंतर्गत डामलीकरण कार्य । (CM MONIT A+) 1. पाठक से कौशल्या एवेन्यु की और डामलीकारण। 2. जॉय स्कूल से शक्ति भोग की और डामलीकारण। | 04 माह<br>48.29 लाख | 5,000/-<br>36217/- | 9/01/2026 |

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
लोककर्म विभाग
नगर निगम, जबलपुर


# नागपुर से कारतूसों की खेप लेकर आये पांच बदमाश पकड़ाए

## बरगी पुलिस की कार्रवाई, 14 कारतूस, पांच मोबाईल व स्कार्पियों वाहन जब्त





जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

नागपुर से कारतूसों की खेप लेकर शहर पहुंचे पांच बदमाशों को बरगी पुलिस ने धर दबोचा है। पुलिस ने आरोपियों को मंडला वायपास में मानेगांव स्थित परमेश्वर ढाबा में उस वक्त गिरफ्तार किया जब वह कारतूस के ग्राहक का इंतजार कर रहे थे। पुलिस ने आरोपियों के पास से 14 कारतूस, पांच मोबाईल फोन व एक स्कार्पियों वाहन जब्त किया है।

बरगी थाना प्रभारी प्रशिक्षु डीएसपी हेमंत कुमार ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर मंडला वायपास मानेगांव मंगेली स्थित परमेश्वर ढाबा में दबिश दी गई। जहां काले रंग की बिना नम्बर की स्कार्पियों कार जिसमें पीछे तरफ के कांच में महाकाल लिखी हुई खड़ी थी।

वहीं ढाबा में पांच लोग एक साथ बैठे हुए दिखे, जो पुलिस को देखकर यहां वहां भागने लगे, जिन्हें घेराबंदी कर दबोचा गया। जिन्होंने पूछताछ में अपने नाम उजैर परवेज पिता अब्दुल खालिद उम्र 38 वर्ष निवासी फ्लेट नम्बर 304 बिल्डिंग नम्बर 8 राय आसियाना अपार्टमेंट थाना मनकापुर जिला नागपुर महाराष्ट्र, कासिफ खान पिता आसिफ खान उम्र 28 वर्ष निवासी फ्लेट नम्बर 45 प्रशांत कालोनी गुरेवाड़ा रोड़ गिट्टी खदान जिला नागपुर महाराष्ट्र, असमित खोटे पिता अनिल खोटे उम्र 26 वर्ष निवासी ठक्कर ग्राम पांच पावली थाना पांच पावली जिला नागपुर महाराष्ट्र, शुभम कोटांगले उम्र 25 वर्ष निवासी बेझनबाग जरीपटका थाना जरीपटका जिला नागपुर महाराष्ट्र, जयघोस टेम्बुरने पिता हीरालाल टेमबुरने उम्र 30 वर्ष निवासी धम्मादीप नगर विनाकी लेआउट थाना यशोदरा नागपुर महाराष्ट्र बताया।

### 14 कारतूस, मोबाईल बरामद

पूछताछ पर आरोपियों ने नागपुर से आना एवं अपने साथी का इंतजार करना बताया। तलाशी लेने पर उजैर परवेज 6 कारतूस, कासिफ खान के कब्जे में 2 कारतूस, अश्मित खोटे के कब्जे में 2 कारतूस, शुभम कोटांगले के पास में 2 कारतूस एवं जयघोस के कब्जे में 2 कारतूस रखे मिले। उक्त कारतूस के संबंध में पूछताछ करने पर उक्त कारतूस नागपुर से बेचने के लिये जबलपुर आना एवं ग्राहक की तलाश करना बताया। पुलिस ने पांचों आरोपियों के पास से कीमती मोबाईल फोन भी बरामद किये है। पुलिस ने बिना नंबर की स्कार्पियों जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट एमएच 35 पी 7202 लिखी हुयी स्कार्पियो के अंदर रखी बरामद की। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की।


## कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र)

प्रथम निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेंडर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Tender ID 2025_UAD_467024_1 pro 616 Date 9/12/2025 | संभाग क्रमांक 2 अंतर्गत कमला नेहरू वार्ड में सीमा परोहा से हेमंत शर्मा तक सीसी सड़क एवं कवर्ड नाली निर्माण कार्य (CM MONIT A+) | 03 माह<br>21.24 लाख | 5000/-<br>15994/- | 12/01/26 |
| 2 | Tender ID 2025_UAD_467024_2 pro 616 Date 9/12/2025 | संभाग क्रमांक 2 अंतर्गत कमला नेहरू वार्ड में प्रभा जी के मकाने से दिनेश जैन के मकान तक सीसी सड़क एवं कवर्ड नाली निर्माण कार्य (CM MONIT A+) | 03 माह<br>19.53 लाख | 2000/-<br>14650/- | 12/01/26 |
| 3 | Tender ID 2025_UAD_467024_3 pro 616 Date 9/12/2025 | संभाग क्रमांक 2 अंतर्गत कमला नेहरू वार्ड में सरला ब्यूटी पार्लर से महेन्द्र सिंघई तक सीसी सड़क एवं कवर्ड नाली निर्माण कार्य। (CM MONIT A+) | 03 माह<br>13.56 लाख | 2000/-<br>10171/- | 12/01/26 |
| 4 | Tender ID 2025_UAD_467024_4 pro 616 Date 9/12/2025 | संभाग क्रमांक 2 अंतर्गत कमला नेहरू वार्ड में मोहन इलेक्ट्रिकल से दयानगर मोड़ तक सीसी सड़क एवं कवर्ड नाली निर्माण कार्य। (CM MONIT A+) | 03 माह<br>20.37 लाख | 5000/-<br>15281/- | 12/01/26 |

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन https://mptender.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जायेगा, पृथक से सामचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम, जबलपुर

# धरमकांटा में गड़बड़ी को लेकर धान खरीदी प्रभारी परेशान

## मां एग्रो इलेक्ट्रानिक धरम कांटा में गडबड़ी के आरोप, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

बालाघाट(स्वतंत्र मत)

किसानों को उनकी उपज का वाजिब दाम दिलाने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी व्यवस्था की गई है। इसके अंतर्गत खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में जिले में 185 केंद्रो पर 01 दिसम्बर से धान की खरीदी प्रारंभ कर दी गई है। खरीदी केन्द्र प्रभारी ने तौलकांटा में गडबड़ी के आरोप लगाते हुए कलेक्टर मृणाल मीना से गुहार लगाई हैं कि उक्त तौलकांटा की जांच की जाये एवं उसे हटाकर किसी दूसरे स्थान से तौलकांटा कराया जावे।



बात दे कि, शाखा लांजी एवं शाखा साडरा के अंतर्गत धान खरीदी केन्द्रो का प्रथम खाली गाडी एवं भरी गाड़ी का तौलकांटा मां एग्रो इलेक्ट्रानिक धरम काटा नीमटोला लांजी में किया जाता है, किन्तु मां एग्रो घरम कांटा में हमेशा गडबड़ी पायी जाती है। इस कारण हम समस्त धान खरीदी केन्द्र प्रभारी मां एग्रो धरम कांटा में कांटा नहीं कराना चाहते एवं अनुविभागीय अधिकारी लांजी के द्वारा धान उपार्जन संबंधित बैठक में सभी धान उपार्जन प्रभारी तथा प्रबंधकों के द्वारा अनुविभागीय अधिकारी से मौखिक चर्चा की थी, किन्तु हमारी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया।

केन्द्र प्रभारियों ने बताया कि 06 दिसम्बर को धान खरीदी केन्द्र घोटी में वाहन को खाली वाहन का वजन मां एग्रो राईस मील नीमटोला लांजी में 13120 कि.ग्रा. था तथा वाहन में 750 धान के बोरी भरने के पश्चात भरी वाहन का वजन 43360 कि.ग्रा. पाया गया तथा उसी वाहन का वजन मारूती धरम कांटा लांजी में किया गया तो वजन 43650 कि.ग्रा. आया तथा उसी गाडी का वजन पारासर धरम कांटा हिर्री में 43420 कि.ग्रा. आया। मय साक्ष्य प्रस्तुत है। 07 दिसम्बर को वाहन का भरी वाहन का वजन मां एग्रो धरम कांटा में 34860 कि.ग्रा. तथा मारूती धरम काटा में वजन 35040 कि.ग्रा. तथा वाहन मां एग्रो धरम कांटा में भरी वाहन का वजन 35180 कि.ग्रा. तथा मारूती धरम काटा में 35330 कि.ग्रा. पाया गया। इस प्रकार 06 दिसम्बर को दोनों धरम काटों में अंतर 290 कि.ग्रा और 07 दिसमबर को प्रथम वाहन का अंतर 180 कि.ग्रा. तथा द्वितीय वाहन का अंतर 150 कि.ग्रा. आया हैं। अगर मां एग्रो राईस मिल नीमटोला में धरम कांटा होता है तो हम खरीदी प्रभारी खरीदी करने में असमर्थ रहेंगे। इसी मांग को लेकर लांजी क्षेत्र के खरीदी केन्द्र

### इनका कहना है

लांजी क्षेत्र में धान खरीदी प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए वजन माप उपकरणों की सटीकता आवश्यक है। वर्तमान में मां एग्रो इलेक्ट्रॉनिक धरम काटा में दर्ज किए गए वजन में अंतर ने खरीदी प्रभारियों और किसानों के बीच चिंता उत्पन्न कर दी हैं। वाहनों में धान के तौलकांटा करने में लगातार अंतर होने से परिवहन में सारटेज हो रहीं है। जिसको लेकर कलेक्टर महोदय को आवेदन किए हैं, अगर हमारी समस्या को जल्द निराकरण नहीं होता हैं तो हम धान खरीदी बंद करनी पड़ेगी।

**बाबुराव आसटकर, प्रभारी धान खरीदी केन्द्र घोटी**

# 5 सरपंच एवं 42 पंचों के निर्वाचन के लिए अधिसूचना जारी

**बालाघाट(स्वतंत्र मत)।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित पंचायतों के उप निर्वाचन कार्यक्रम-2025 के अनुसार बालाघाट जिले में सरपंच के 05 पद एवं पंचो के 42 पदो पर निर्वाचन के लिए 08 दिसम्बर को निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन कर दिया गया है और इसके साथ ही प्रत्याशियों के नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करना शुरू कर दिया गया है। नाम निर्देशन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 15 दिसम्बर को दोपहर 03 बजे तक निर्धारित है। बालाघाट जिले की बिरसा विकासखंड की ग्राम पंचायत पल्हेरा, वारासिवनी विकासखंड की ग्राम पंचायत झालीवाड़ा, खैरलांजी विकासखंड की ग्राम पंचायत कचेखनी, लालबर्रा विकासखंड की ग्राम पंचायत रमपुरी एवं परसवाड़ा विकासखंड की ग्राम पंचायत उकवा में सरपंच के रिक्त पद की पूर्ति के लिए उप निर्वाचन कराया जा रहा है। इसी प्रकार बालाघाट विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत मोहगांव, आंवलाझरी, भरवेली, लांजी विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत कोचेवाही, चिखलामाली, बापड़ी, किरनापुर विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत जामडी, परसवाड़ा विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत उडदना, बघोली, पोंगारझोड़ी, सिंघई, बिरसा विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत साल्हेवाड़ा, जमुनिया, वारासिवनी विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत झालीवाड़ा, सिर्रा, वारा, कटंगी विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत खरपड़िया, धनकोसा तथा लालबर्रा विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत गणेशपुर, बल्हारपुर व कामथी में पंच के 01-01 रिक्त पद की पूर्ति के लिए उप निर्वाचन कराया जा रहा है। बिरसा विकासखंड की ग्राम पंचायत रघोली में 02, कचनारी में 07, बहेराभाटा में 06, सालेटेकरी में 04 एवं लालबर्रा विकासखंड की ग्राम पंचायत लेण्डेझरी में पंच के 02 रिक्त पदों की पूर्ति के लिए उप निर्वाचन कराया जा रहा है। 05 सरपंच एवं 42 पंचो के निर्वाचन के लिए 08 दिसम्बर को संबंधित क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी द्वारा निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन कर दिया गया है और इसके साथ ही प्रत्याशियों के नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करना शुरू कर दिया गया है। नाम निर्देशन पत्र 15 दिसम्बर को दोपहर 03 बजे तक जमा किये जा सकते है। प्रत्याशियों द्वारा जमा किये गए नाम निर्देशन पत्रों की जांच का कार्य 16 दिसम्बर को किया जाएगा।

# आबकारी विभाग की अवैध शराब के विरूद्ध छापामार कार्यवाही



**बालाघाट(स्वतंत्र मत)।** मदिरा का अवैध रूप से निर्माण, विक्रय, संग्रहण एवं परिवहन पर रोक लगाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन और आबकारी विभाग सतत अभियान चला रहे हैं। इसी कड़ी में 09 दिसंबर को आबकारी विभाग द्वारा एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया गया। कलेक्टर मृणाल मीना के निर्देशन तथा जिला आबकारी अधिकारी अजीत एक्का के मार्गदर्शन में आबकारी वृत कटंगी की टीम ने ग्राम गोरेघाट के जंगल में नाला किनारे छापामार कार्रवाई की गई। मुखबीर से प्राप्त सूचना के आधार पर आबकारी विभाग की टीम ने अलग-अलग स्थानों पर तलाशी ली, जहां मदिरा के अवैध निर्माण के लिए प्लास्टिक की बोरियों में भरा हुआ लगभग 3000 किलोग्राम महुआ लाहन तथा 40 लीटर हाथ भट्टी मदिरा जब्त की गई है। मौके पर शेष लाहन को नष्ट कर दिया गया। आबकारी विभाग ने मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई एवं विवेचना शुरू कर दी है। इस कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक एवं वृत प्रभारी संदीप श्रीवास, मुख्य आरक्षक द्वारसिंह उइके, आरक्षक टीकाराम शरणागत, आरक्षक अतरलाल उइके शामिल रहे। अवैध मदिरा व्यवसाय पर रोक लगाने के लिए जिले में इस प्रकार की निरंतर कार्रवाई जारी रहेगी।

# जन अभियान परिषद ने करकेली में किया बोरी बंधान



**उमरिया।** जिला समन्वयक रविन्द्र शुक्ल के निर्देशानुसार नवांकुर संस्था सील फाउंडेशन व मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता पाठ्यक्रम के परामर्शदाता व छात्र छात्रा के संयुक्त तत्वाधान में जल संचय अभियान के तहत सेक्टर क्रमांक 1 करकेली के ग्राम करकेली स्थित बन्ना नदी में बोरी बंधान किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में नवांकुर संस्था सील फाउंडेशन अध्यक्ष दीपक नामदेव द्वारा जल संचय अभियान के बारे में बताते हुए जल के महत्व एवं इसे सहजने के उपायों के बारे में बताया गया परामर्शदाता सुनीता सिंह द्वारा भू जल स्तर को बढ़ाने पर जोर दिया। जल को अधिक से अधिक संरक्षित करें व सभी को बोरी बंधान करने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में सीएमसीएलडीपी छात्र अनिलेश नामदेव, सोनू रैदास, अंकित बर्मन, खुशबू सिंह, ऊषा सिंह, शालनी सेन, रानी बैगा, श्वेता कांत सहित अन्य जनप्रतिनिधि व ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# रक्तदान महादान सेवा समिति भरवेली ने शहीद आशीष शर्मा की याद में स्कूली बच्चों को बांटी सामग्री

बालाघाट(स्वतंत्र मत)



जिला मुख्यालय से 90 किलोमीटर की दूरी पर स्थित वनांचल क्षेत्र ग्राम उसरी के शासकीय प्राथमिक शाला में 6 दिसंबर को रक्तदान महादान सेवा समिति भरवेली बालाघाट के द्वारा नक्सली हमले में अमर शहीद आशीष शर्मा जी की याद में स्कूल के छोटे-छोटे बच्चों को शैक्षणिक सामग्री पेन, पेंसिल, कॉपी, कलर, स्कूल बैग, एवं गर्म कपड़े का वितरण किया गया ताकि आने वाली पीढ़ी भी हमारे शहीदों के बारे में जान सके व उनमें भी राष्ट्रभक्ति, राष्ट्र प्रेम की भावना का संचार हो सके। इसी क्रम में बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित भी किया गया तथा सभी बच्चे सामग्री प्राप्त कर बड़े ही उत्साहित नजर आए और सभी बच्चों ने मन लगाकर पढ़ने का वादा भी किया। रक्तदान महादान सेवा समिति वनांचल क्षेत्र तथा ग्रामीण क्षेत्र में जरूरतमंद बच्चों को शैक्षणिक सामग्री का वितरण कर सक्रिय रही है आप सभी के सहयोग से ऐसे कार्य करते आ रही है और निरंतर आपका सहयोग से आगे भी कार्य करते रहेंगे आप सभी सदस्यों का हृदय से आभार व्यक्त करती हैं।



# अखिल भारतीय व्यापारी परिषद (कैट) द्वारा आयोजित स्वदेशी संकल्प यात्रा आज उमरिया में



उमरिया (स्वतंत्र मत)

अखिल भारतीय व्यापारी परिषद कैट के जिला अध्यक्ष कीर्ति कुमार सोनी द्वारा बताया गया कि कैट एवं स्वदेशी जागरण मंच के संयुक्त तत्वाधान में स्वदेशी संकल्प यात्रा जिसका शुभारंभ नागपुर महाराष्ट्र से हुआ है जो अमरकंटक, पुष्पराजगढ़, कोतमा ,जैतहरी ,अनूपपुर, शहडोल ,पाली से होते हुए आज बुधवार 10 दिसंबर को उमरिया में सुबह 11 बजे गांधी चौक से आरंभ होकर नगर भ्रमण करते हुए घघरी नाका में समाप्त होगी। जिलाध्यक्ष कीर्ति सोनी ने उमरिया नगर के समस्त व्यापारी बंधुओ, प्रबुद्ध नागरिकों से निवेदन किया है कि अधिक से अधिक संख्या में व्यापारी गांधी चौक उमरिया पहुंच कर कार्यक्रम को सफल बनाएं और स्वदेशी उत्पाद अपनाये और विदेशी उत्पाद का उपयोग छोड़ें।

# मुख्यमंत्री लाडली बहना कार्यक्रम से अधिकारी नदारद हितग्राहियों की जगह कार्यकर्ता को बिठाकर की खानापूर्ति

उमरिया (स्वतंत्र मत)



मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के जिला कार्यक्रमों से अधिकारियों के नदारद रहने की खबर बताती है कि स्थानीय स्तर पर योजना के क्रियान्वयन में कुछ समस्याएं आ रही हैं, जिससे लाभार्थियों को परेशानी हो सकती है। यह स्थिति योजना के पारदर्शिता और प्रभावी क्रियान्वयन पर सवाल उठाती है और अधिकारियों की जवाबदेही तय करने की मांग करती है, जबकि यह योजना प्रदेश की महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए महत्वपूर्ण है और इसमें राशि भी बढ़ाई गई है।

मंगलवार 9 दिसंबर को जिला मुख्यालय में हुए कार्यक्रम में हर बार की तरह इस बार भी न तो विभाग का अधिकारी मौजूद था न ही जिले का कोई अन्य जिम्मेदार अधिकारी था। और सबसे महत्वपूर्ण बात यह रही कि मुख्यमंत्री जी के कार्यक्रम में हितग्राहियों की जगह महिला बाल विकास के कार्यकर्ताओं को बैठा दिया जाता है और हितग्राहियों के नाम से उनके चाय नाश्ता का बिल हर माह पास हो रहा है..! आखिर इतने महत्वपूर्ण कार्यक्रम की अनदेखी होना बेहद चिंताजनक हैं जिसमे जिले के मुखिया से लेकर अन्य बड़े ओहदो पर बैठे अधिकारी की खामोशी इस ओर इशारा कर रही है कि मुख्यमंत्री जी के इस महत्वपूर्ण योजना की साख पर बट्टा लगाने पर तुले हुए हैं..!

घर से चल रहा महिला बाल विकास

इस दिनों जिले में अंधेर नगरी चौपट राजा वाली कहावत पूरी तरह से फिट हो रही हैं और ऐसा लगता है कि कुछ विभाग मनमानी से चल रहे हैं जिसमे महिला बाल विकास विभाग भी शामिल है जिसमे लाखो की मोटी सैलरी लेने वाले अधिकारी अपने घर से ही विभाग चला रहे है और दिन भर कर्मचारी फाइल लेकर घर आते जाते रहते है और अधिकारी मनमाने तरीके से विभाग चला रही है उनके लिए न कोई नियम न कोई कायदा। फिर ऑफिस में आने को जहमत कौन उठाये..!

**समस्या का विवरण**-अधिकारियों की अनुपस्थितिरू मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के जिला स्तरीय कार्यक्रमों में, जहाँ हितग्राहियों को योजना के बारे में जानकारी दी जानी चाहिए या उनके मुद्दों का समाधान करना चाहिए, वहां अधिकारी अनुपस्थित पाए गए, जिससे योजना के लाभ से वंचित महिलाओं को कठिनाई हुई।

**जवाबदेही का अभाव** -यह घटना प्रशासन में जवाबदेही की कमी और जमीनी स्तर पर योजना के कार्यान्वयन में लापरवाही को दर्शाती है, जिससे आम लोगों का विश्वास कम होता है।

**योजना की स्थिति**-बढ़ती राशिरू सरकार ने योजना के तहत दी जाने वाली राशि में वृद्धि की है और इसे 2028 तक 3000 रुपये करने का लक्ष्य है, जिससे महिलाओं को आर्थिक मदद मिल सके।

महत्वपूर्ण उद्देश्य

इस योजना का मुख्य उद्देश्य महिलाओं का आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण करना है, ताकि वे परिवार में निर्णय लेने में प्रभावी भूमिका निभा सकें।

**आगे की कार्रवाई की आवश्यकता**-जांच और कार्रवाईरू यह आवश्यक है कि इस मामले की जांच की जाए और जो अधिकारी इन कार्यक्रमों से नदारद थे, उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए।

**पारदर्शिता और मॉनिटरिंग** -योजना के हर स्तर पर पारदर्शिता सुनिश्चित करने और अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी के लिए बेहतर मॉनिटरिंग सिस्टम की आवश्यकता है, ताकि कोई भी पात्र महिला योजना के लाभ से वंचित न रहे।

**जिले कि 109129 महिलाओं के खातों में राशि हुई अंतरित**-प्रदेश के मुख्यमंत्री डा मोहन यादव ने प्रदेश कि 1.26 करोड़ बहनों के खाते में राजनगर जिला छतरपुर से मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के तहत राशि अंतरित की।उमरिया जिले कि 109129 महिलाओं के खातो में 1,60,294,900 रूपये अंतरित हुए। राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण उमरिया जिले के कलेक्टर सभागार में देखा एवं सुना गया । इस अवसर पर बडी संख्या में लाड़ली बहने उपस्थित रहीं।

# मानव-हाथी द्वंद निवारण पर अयोजित हुई कार्यशाला

**उमरिया ।** बांधवगढ टाईगर रिजर्व के क्षेत्र संचालक डॉ अनुपम सहाय के मार्गदर्शन में जैव विविधता प्रशिक्षण केंद्र ताला में मानव-हाथी द्वंद को कम करने तथा द्वंद की स्थिति में किए जाने वाले उपायों के सम्बंध में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में बांधवगढ टाइगर रिजर्व के सभी परिक्षेत्र से मैदानी अमले के साथ सुरक्षा श्रमिकों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यशाला में हाथियों के गाँव में प्रवेश को नियंत्रित करने हेतु विभिन्न उपायों जैसे ट्रिप अलार्म, फ्लिकर लाइट, घरेलु खाद्य पदार्थों से निर्मित स्मेली, मिर्च का धुआं करना आदि उपायों का प्रदर्शन किया गया। डब्ल्यूआरसीडी से सिद्धार्थ दीक्षित ने जंगली हाथियों की पहचान करने के तरीकों तथा बेहतर प्रबंधन हेतु हाथियों के पहचान करने के महत्व पर व्याख्यान दिया। इसी प्रकार डब्ल्यूअरसीएस से डॉक्टर राजशेखर नियोगी ने मानव हाथी द्वंद निवारण हेतु मध्यप्रदेश वन विभाग द्वारा जारी एसओपी पर प्रजेंटेशन दिया। कार्यशाला में उप संचालक बांधवगढ टाइगर रिजर्व, अनुदेशक वन विद्यालय ताला, उपवनमंडल अधिकारी पनपथा, उपवनमंडल अधिकारी ताला, परिक्षेत्र अधिकारी पतौर, परिक्षेत्र अधिकारी पनपथा बफर, परिक्षेत्र अधिकारी पनपथा कोर तथा एनजीओ के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यशाला के बाद उप संचालक प्रकाश कुमार वर्मा द्वारा एनजीओ के सौजन्य से प्रदाय जैकेट, गम बूट, जूते आदि सामग्री का स्टाफ एवं सुरक्षा श्रमिकों को वितरण किया गया।



# विधायक अनुभा मुंजारे ने किया अंतर विश्वविद्यालय हॉकी प्रतियोगिता का शुभारंभ

बालाघाट(स्वतंत्र मत)




बालाघाट मुख्यालय स्थित शहीद चंद्रेशखर आजाद सिथेंटिक टर्फ मैदान में आज 9 दिसंबर से 4 दिवसीय मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग एवं मध्यप्रदेश अंतर विश्वविद्यालय हॉकी पुरुष एवं महिला प्रतियोगिता प्रारंभ हुई। जिसका शुभारंभ बालाघाट विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे के उपस्थिति में हुआ। यह प्रतियोगिता 9 दिसंबर से 12 दिसंबर तक आयोजित होगी। विधायक अनुभा मुंजारे द्वारा हॉकी प्रतियोगिता में शामिल होने के लिये विविध विश्वविद्यालय के ओर से आये पुरूष व महिला हॉकी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उन्हें खेल के लिये शुभकामनायें प्रेषित की। साथ ही खिलाड़ी भावना के साथ खेलकर कालेज व विध्वविद्यालय का नाम रोशन करने के लिये प्रेरित किया। उन्होने कहा कि खेल में हारजीत होते रहती है लेकिन हमें उसमें अच्छा खेलने का प्रयास करें। खेल भावना के साथ खेले और अपना,परिवार तथा महाविद्यालय तथा देश का नाम रोशन करें। इस अवसर पर नपाध्यक्ष भारती ठाकुर व पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग की सदस्य श्रीमती मौसम हरिनखेड़े भी मौजूद रही। वही प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालाघाट के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार मराठे ने आयोजन के संबंध में जानकारी प्रदाय की। जिन्होने बताया कि इस राज्यस्तरीय हॉकी अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता का आयोजन की मेजबानी बालाघाट को मिली है। निश्चित ही यह हमारे खिलाड़ियों के लिये अपनी दक्षता दिखाने के साथ ही उन्हें सिखने का अवसर प्राप्त होगा। इसमें बालाघाट कालेज सहित अन्य सहयोगी जो विभिन्न महाविद्यालय से क्रिड़ा अधिकारी यहां पधारे हैं। सिवनी, पांढुरना से क्रिड़ा अधिकारी भी आये और सहयोग कर रहे हैं। उन्होने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनायें प्रेषित की। इस अवसर पर बालाघाट कालेज के अलावा अन्य कालेज के प्रोफेसर प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# बिलगढ़ा हाई स्कूल के विद्यार्थियों की जनसुनवाई में गुहार प्राचार्या और नवागत शिक्षक पर लगाये आरोप, मिला भरोसा

मण्डला (स्वतंत्रमत)।

मोहगांव विकासखंड के अंतर्गत आने वाले बिलगढ़ा हाई स्कूल के कक्षा 10वीं के छात्र छात्राओं ने मंगलवार को हुई जनसुनवाई में पहुंचकर कलेक्टर के समक्ष अपनी पढ़ाई से जुड़ी गंभीर समस्याए रखीं। बच्चों ने स्कूल की प्राचार्या रोशनी अग्रवाल और नवागत हिंदी विषय के शिक्षक शत्रुघ्न सिंह मरावी की कार्यशैली पर कई गंभीर आरोप लगाए।






विद्यार्थियों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि देवगांव मिडिल स्कूल में पदस्थ शिक्षक शत्रुघ्न सिंह मरावी को हाल ही में बिलगढ़ा हाई स्कूल में अटैच किया गया है। उनके आते ही कई वर्षों से हिंदी विषय पढ़ा रहे अतिथि शिक्षक श्रवण झारिया को अचानक सेवा से हटा दिया गया जबकि उनकी शिक्षा-शिक्षण प्रक्रिया विद्यार्थियों के लिए अत्यंत संतोषजनक रही है। बच्चों ने कहा कि श्रवण झारिया की पढ़ाई सुव्यवस्थित समझने योग्य और निरंतर रही है जिसके कारण परिणाम भी बेहतर आते रहे हैं। दूसरी ओर विद्यार्थियों का आरोप है कि नवागत शिक्षक शत्रुघ्न मरावी स्वयं स्वीकार चुके हैं कि वे प्राइमरी स्तर के शिक्षक हैं और हाई स्कूल की कक्षाएँ लेने में सक्षम नहीं हैं। बच्चों ने बताया कि वे स्कूल में आने के बाद सिर्फ एक दिन ही कक्षा में पहुंचे और लगातार यही कहते रहे कि उन्हें यह स्कूल छोड़कर जल्द ही वापस जाना है। यही वजह है कि वे नियमित रूप से स्कूल नहीं आ रहे। विद्यार्थियों के अनुसार शत्रुघ्न मरावी द्वारा कक्षाएँ न लेने से कोर्स अधूरा रह गया है और मात्र डेढ़ महीने बाद होने वाली बोर्ड परीक्षाओं को लेकर उनकी चिंता और बढ़ गई है। इसी तरह छात्रों ने स्कूल की प्राचार्या रोशनी अग्रवाल पर भी गंभीर आरोप लगाए। बच्चों का कहना है कि प्राचार्या सप्ताह में केवल दो से तीन दिन ही स्कूल आती हैं और कक्षाओं में सिर्फ प्रश्न उत्तर लिखवाकर चली जाती हैं।

सामाजिक विज्ञान विषय की अध्यापन प्रक्रिया अत्यंत कमजोर है तथा पूरा कोर्स नहीं कराया जा रहा। विद्यार्थियों ने कहा कि प्राचार्या मण्डला से आवागमन करती हैं जिसके कारण स्कूल में उनकी उपस्थिति नियमित नहीं रहती और इस वजह से पढ़ाई बेहद प्रभावित हो रही है। इन सभी समस्याओं को लेकर छात्रों ने कलेक्टर से हस्तक्षेप और कार्रवाई की मांग की। बच्चों ने उम्मीद जताई है कि अब उनकी शिकायतों पर गंभीरता से विचार होगा। उन्हें विश्वास है कि अतिथि शिक्षक श्रवण झारिया को पुन: स्कूल में नियुक्त किया जाएगा तथा प्राचार्या रोशनी अग्रवाल और नवागत शिक्षक शत्रुघ्न मरावी के विरुद्ध भी उपयुक्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। जनसुनवाई से लौटकर विद्यार्थियों ने राहत की सांस ली है।

उनका कहना है कि कलेक्टर ने उनकी बात ध्यान से सुनी है और उचित समाधान का आश्वासन भी दिया है। अब बच्चों को उम्मीद है कि उनकी पढ़ाई सुचारू रूप से फिर से शुरू हो सकेगी और बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी बिना किसी बाधा के पूरी हो पाएगी।

### जनसुनवाई से मिली राहत

मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में सुभाष वार्ड निवासी पुष्पा कछवाहा ने कलेक्टर को आवेदन देते हुए बताया कि उनके पति का निधन 4 वर्ष पूर्व हो चुका है। बेटी ज्ञानदीप इंग्लिश मीडियम स्कूल में कक्षा पहली की छात्रा है। उसकी फीस परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण पिछले एक वर्ष से जमा नहीं कर पाई है। उनके पेट में गांठ हो जाने से इलाज में भी पैसों की जरूरत पड़ रही है। मेरे पास आय का कोई अन्य साधन नहीं है। इस आवेदन पर कलेक्टर ने संवेदनशीलता से संज्ञान लेते हुए रेडक्रॉस सोसायटी के माध्यम से बच्ची की स्कूल की फीस जमा करने के लिए श्रीमती पुष्पा कछवाहा को 10 हजार रूपए का चैक देकर तत्काल सहायता उपलब्ध कराई। श्रीमती पुष्पा ने जिला प्रशासन की इस संवेदनशील सहायता के लिए आभार व्यक्त किया है।

### त्वरित निराकरण के दिये निर्देश

योजना भवन में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर ने आवेदकों की समस्याओं को सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में समुचित निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में कुल 89 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए जिनका कलेक्टर ने परीक्षण कर पात्रतानुसार लाभ देने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत शाश्वत सिंह मीना, डिप्टी कलेक्टर सचिन जैन तथा संबंधित जिला अधिकारी उपस्थित थे।

### कलेक्टर को सैनिकों ने लगाया बैज

सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर जिला सैनिक कल्याण बोर्ड के संयोजक रज्जूलाल मरावी द्वारा कलेक्टर को झंडा दिवस का बैज लगाया गया। इस अवसर पर उन्होंने कलेक्टर को देश की सेवा में समर्पित वीर सैनिकों और शहीदों के सम्मान तथा उनके कल्याण के लिए सहयोग का संदेश दिया। कलेक्टर ने झंडा दिवस पर सभी सैनिकों को नमन करते हुए कहा कि देश की सीमाओं पर तैनात जवानों के साहस और त्याग को पूरा राष्ट्र सम्मान की दृष्टि से देखता है। उन्होंने जिले के नागरिकों से भी अपील की कि वे सैनिक कल्याण कोष में योगदान देकर इस पुनीत कार्य में सहभागी बनें।



# अनुपूरक बजट में सड़क की सौगात, ग्रामीणों में हर्ष

**मण्डला/मवई(स्वतंत्रमत)।** ग्राम बाघंडी सहित पूरे मवई क्षेत्र में मंगलवार को उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। वर्षों से सड़क निर्माण की मांग कर रहे ग्रामीणों को आखिरकार वह सुखद समाचार मिला जिसका वे दशकों से इंतजार कर रहे थे। बिछिया विधायक नारायण सिंह पट्टा ने विधानसभा सत्र के दौरान भोपाल से ही दूरभाष एवं सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी दी कि मवई-कुडेला मार्ग से ग्राम बाघंडी को जोड़ने वाली सड़क को मध्यप्रदेश शासन ने अनुपूरक बजट में स्वीकृति प्रदान कर दी है। आजादी के बाद से बाघंडी गांव तक पहुंचने के लिए केवल कच्चा मार्ग ही उपलब्ध था। बरसात के दिनों में यह रास्ता दलदल हो जाता था जिस कारण ग्रामीणों को आवागमन में बेहद कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। कई बार मरीजों को समय पर अस्पताल नहीं ले जाया जा सका क्योंकि एंबुलेंस डायल 108 और पुलिस सेवा 112 गांव तक पहुंच ही नहीं पाती थी। गर्भवती महिलाओं बुजुर्गों और बीमार लोगों के लिए यह समस्या और भी गंभीर हो जाती थी। सड़क न होने का सबसे ज्यादा असर विद्यार्थियों और किसानों पर पड़ता था। बच्चे बारिश के दिनों में कीचड़ भरे रास्ते से गुजरकर स्कूल पहुंचते थे वहीं किसानों को अपनी उपज बाजार तक ले जाने में भारी परेशानी उठानी पड़ती थी। अब नई सड़क बनने से शिक्षा स्वास्थ्य और कृषि से जुड़े सभी कार्यों में सुगमता आएगी। बिछिया विधायक नारायण सिंह पट्टा इस सड़क निर्माण को लेकर लंबे समय से निरंतर प्रयासरत थे। उन्होंने कई बार मंचों से और विभागीय बैठकों में इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया। उन्हीं के प्रयासों के परिणामस्वरूप यह स्वीकृति अब संभव हो सकी है। ग्रामीणों ने इसे ऐतिहासिक निर्णय बताया है। सड़क स्वीकृति मिलने की सूचना मिलते ही ग्राम बाघंडी व आसपास के क्षेत्रों में हर्ष का माहौल फैल गया। टिकरिया सरपंच रमेश सैयाम यूथ कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष बोधू मरावी, उपसरपंच टिकरिया प्रदीप धुर्वे, आनंद मार्को, प्रहलाद, पुरुषोत्तम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने खुश होकर विधायक नारायण सिंह पट्टा के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## ग्राम मुरकुटा में बोरी बंधान

**मण्डला / मवई(स्वतंत्र मत)।** विकासखण्ड मवई के सेक्टर क्रमांक 5 मोतीनाला के अंतर्गत ग्राम मुरकुटा में मंगलवार को मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद योजना आर्थिक सांख्यिकी विभाग मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार एवं जिला समन्वयक राजेंद्र चौधरी तथा विकासखंड समन्वयक सुनील कुमार साहू के मार्गदर्शन में ग्राम मुरकुटा के भाई नाले में नवांकुर संस्था मां सरस्वती ग्राम विकास सेवा समिति चंदगांव एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति मुरकुटा के द्वारा ग्रामीण एवं समिति सदस्यों के सहयोग से 20 बोरी एवम बोल्डर से श्रमदान के द्वारा भाई नाले पर बोरी बंधान कर पानी को रोका गया जिसका उपयोग स्थानीय लोगों के निस्तार,किसानों के खेतों में सिंचाई तथा जानवरों के पीने हेतु होगा।

## बम्हनी बंजर में अलाव व्यवस्था

**मण्डला/बम्हनी(स्वतंत्रमत)।** शीतलहर के बढ़ते प्रभाव और रात के तापमान में लगातार गिरावट को ध्यान में रखते हुए नगर परिषद बम्हनी बंजर ने नगर के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर अलाव की व्यवस्था प्रारंभ कर दी है। इसका उद्देश्य ठंड से राहत उपलब्ध कराना और आमजन विशेषकर रात्रि में यात्रा करने वाले यात्रियों रिक्शा चालकों फुटपाथ विक्रेताओं और जरूरतमंद लोगों को सुरक्षा एवं सुविधा प्रदान करना है। नगर परिषद की टीम द्वारा माल बाबा चौक नया बस स्टैंड और पुराना बस स्टैंड में अलाव की व्यवस्था की गई है। नगर परिषद की टीम ने यह भी सुनिश्चित किया कि अलाव ऐसे स्थानों पर लगाए जाएं जहां आम नागरिकों को अधिक सुविधा मिले और यातायात में किसी प्रकार की बाधा न उत्पन्न हो।

## डकैती का एक और आरोपी गिरफ्तार

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** थाना कोतवाली अंतर्गत 20 नवम्बर को आयुषी ज्वेलर्स कटरा में अंधी डकैती एवं दुकान संचालक पर फायरिंग की गंभीर घटना का पुलिस की विशेष टीमों द्वारा सटीक सूचना संकलन एवं प्रभावी कार्यवाही जारी है। इसी क्रम में घटना में संलिप्त 9 वें आरोपी को भी गिरफ्तार कर पुलिस ने महत्वपूर्ण सफलता अर्जित की है आरोपी का नाम पंकज पिता प्रकाश गौर उम्र 24 वर्ष निवासी मरेलकला जिला रायसेन है मप्र पुलिस एवं साइबर तकनीकी टीम द्वारा आरोपियों की गतिविधियों के विश्लेषण के आधार पर लगातार सर्चिंग अभियान संचालित किया जा रहा था उसी क्रम में 7 दिसम्बर को आरोपी पंकज गौर को जबलपुर से गिरफ्तार किया गया। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने 20 नवम्बर को आयुषी ज्वेलर्स में लूट की वारदात में अपनी सक्रिय भूमिका स्वीकार की है। चांदी के जेवरात अनुमानित मूल्य 50,000 घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन गिरफ्तार आरोपी को 8 दिसम्बर को न्यायालय में पेश किया गया आयुषी ज्वेलर्स डकैती प्रकरण में अब तक कुल 9 आरोपी गिरफ्तार कुल 14 आरोपियों की संलिप्तता सामने आ चुकी है।

# मानव अधिकार सुरक्षा संगठन की बैठक

मण्डला (स्वतंत्रमत)।

अंतरराष्ट्रीय मानव अधिकार सुरक्षा संगठन द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला बैठक का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न सामाजिक मुद्दों एवं आगामी कार्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यशाला के दौरान प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष महेंद्र तिवारी ने वीडियो कॉलिंग के माध्यम से संबोधित करते हुए टीम का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम में प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुकेश सोनी एवं जिला अध्यक्ष दिलीप तिवारी ने 10 दिसंबर मानव अधिकार दिवस की रूपरेखा प्रस्तुत की तथा शहर की प्रमुख समस्याओं को उजागर करते हुए मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया। इसी दौरान संगठन के पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से चयन भी किया गया। संरक्षक नीलू महाराज, पारस असरानी एवं विजय अग्रवाल नियुक्त किये गये वहीं उपाध्यक्ष राजा शुक्ला, महामंत्री प्रमोद दुबे एवं दीपेंद्र उमरे, कोषाध्यक्ष सुधीर कांसकार मीडिया प्रभारी आनंद सोनी एवं किशोर रजक संगठन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेंद्र सोनी, अशोक सोनी, नीरज अग्रवाल, जिला संगठन मंत्री राजेश दीक्षित, जिला प्रभारी राजेश क्षत्रि ने भी अपने विचार एवं सुझाव व्यक्त किए। कार्यक्रम को सफल बनाने में सुनील मिश्रा, विशाखू नंदा, दयाशंकर जोशी एवं राजाराम ज्योतिषी का विशेष योगदान रहा।



# छात्रों को विधायक ने बांटी साइकिल

मण्डला / निवास(स्वतंत्र मत)।

निवास विधानसभा क्षेत्र के विधायक चैनसिंह वरकड़े ने सोमवार को बीजाडांडी विकासखंड अंतर्गत ग्राम पौंड़ी नगरार स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित साइकिल वितरण कार्यक्रम में अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम के दौरान बड़े उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला। विद्यालय परिसर बच्चों की मुस्कुराहट और ऊर्जा से खिल उठा।

इस अवसर पर क्षेत्र के अनेक राजनैतिक कार्यकर्ता, समाजसेवी, जनप्रतिनिधि एवं विद्यालय परिवार के सदस्य विशेष रूप से उपस्थित रहे। विधायक ने छात्र-छात्राओं को साइकिल वितरण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि साइकिल मिलने से विद्यार्थियों को विद्यालय आने जाने में होने वाली कठिनाइयों का समाधान होगा। समय पर विद्यालय पहुंचकर वे अपनी नियमित उपस्थिति सुनिश्चित कर पाएंगे। नियमित साइकिलिंग से विद्यार्थी शारीरिक रूप से स्वस्थ और ऊर्जावान बनेंगे। उन्होंने बच्चों से सावधानीपूर्वक सड़क पर चलने और सुरक्षित ढंग से यात्रा करने अपील की।



# कलेक्टर को सौंपा प्रमाण पत्र



**मण्डला (स्वतंत्रमत)।** अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित मण्डला के प्रयासों की सराहना करते हुये राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) भोपाल के द्वारा टर्न अराउण्ड प्लान के तहत प्रदेश में विशिष्ट प्रदर्शन किये जाने के लिए सोमवार को भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग के द्वारा सम्मानित किया गया है। कलेक्टर एवं प्रशासक सोमेश मिश्रा को मंगलवार को जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित मण्डला के महाप्रबंधक एनके कोरी ने यह प्रमाण पत्र सौंपा। कलेक्टर एवं प्रशासक श्री मिश्रा ने इस उपलब्धि के लिये एनके कोरी महाप्रबंधक एवं बैंक के समस्त कर्मचारियों को बधाई दी।

# क्वालिटी असेसमेंट में बनाया स्थान

मण्डला (स्वतंत्रमत)।

मिशन डायरेक्टर एनएचएम के मार्गदर्शन और कलेक्टर के नेतृत्व मे जिले के स्वास्थ्य संस्थाओ के उन्नयन व जन जन तक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दृष्टि से जिले में नेशनल क्वालिटी टीम द्वारा अस्सेस्मेंट किया गया था जिसमें टिकरिया भलवारा खुर्सीपार आयुष्मान आरोग्य मंदिर सर्टिफाई हुए।

इसी प्रकार कुल 35 संस्थाएं जिला मंडला में फुल सर्टिफाई हो चुकी है सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी डॉ महेंद्र बुंदेला द्वारा बताया गया सीएमएचओ डॉ मोहंती, जिला क्वालिटी अधिकारी शरद मेश्राम, एम एंड ई प्रणय, सीपीएचसी कंसलटेंट सूरज, बीजाडांडी डॉ अभय, मेडिकल ऑफिसर डॉ राहुल ठाकुर का नेशनल सर्टिफिकेशन में विशेष योगदान एवं मार्गदर्शन रहा एवं सरपंच अंजुला परते का सहयोग रहा।



# कर्नल विक्रांत त्यागी के मार्गदर्शन में 33 एनसीसी कैडेट्स ने फायरिंग का अभ्यास किया



नैनपुर (स्वतंत्र मत)।

शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नैनपुर मंडला के प्रथम वर्ष के 33 एन सी सी कैडेट्स ने 1 एम पी आर्टी रेजीमेंट जबलपुर के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल विक्रांत त्यागी सेना मेडल के निर्देशानुसार पुलिस फायरिंग रेंज सिद्ध टेकरी मंडला में फायरिंग का अभ्यास किया। अभ्यास का उद्देश्य कैडेट्स में शारीरिक क्षमता, अनुशासन, साहस को बढ़ावा देना था। इस दौरान बटालियन के पी आई स्टॉफ ने फायरिंग रेंज पर फायरिंग तकनीकि का सूक्ष्म प्रशिक्षण एवं फायरिंग की बारीकियों को कैडेट्स को बताया कैडेटस ने ध्यानपूर्वक सभी तकनीकियों को समझा एवं फायरिंग के दौरान उन?का उपयोग किया ।

फायरिंग अभ्यास के संचालन में सूबेदार नीरज सिंह एन सी ओ मैथी, हवलदार सुग्रीव बघेल, हवलदार के कोले का प्रमुख योगदान रहा विद्यालय के एन सी सी ऑफिसर अजय कुमार कुंजाम सहित कॉलेन के वरिष्ठ इन सीसी कैडेटस ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। साथ ही साथ विद्यालय के प्राचार्य गुरुदेव प्रसाद झारिया ने सहयोग प्रदान किया। फायरिंग अभ्यास के दौरान कैडेटस ने विभिन्न प्रकार की फायरिंग का अभ्यास किया जिससे न केवल उनका रक्षा तकनीकों कौशल मजबूत हुआ बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति उन्ही जागरूकता भी बढ़ी। एन एन सी सी प्रभारी अजय कुमार कुंजाम ने कहा कि कैडेट्स ने बेहतर प्रदर्शन किया। भविष्य में ऐसे और आयोजन किये जायेंगे ताकि एनसी सी को ओर मजबूत बनाया जा सके। कैडेटस को अनुशासित नागरिख बनाने में मदद मिल सके। यह फायरिंग अभ्यास कैडेटस के समग्र विकास में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

# नैनपुर में अपनी समस्या को लेकर शिक्षक हुए लामबंद

## पूर्व में पदस्थ बीईओ चतुर्वेदी की पुन: पदस्थापना का विरोध



**बाबू राज के चलते बीईओ कार्यालय में नही होते शिक्षकों के कार्य-आरोप**

नैनपुर (स्वतंत्र मत)

नैनपुर विकास खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय की कार्यप्रणाली से आक्रोशित शिक्षक अब लामबंद हो गए हैं। कार्यालय के कुछ बाबुओं की स्वेच्छाचारिता और निवर्तमान बीईओ श्री चतुर्वेदी शिक्षको के निशाने पर हैं। शिक्षको का आरोप है कि शिक्षको को कार्यालय में अपनी बात कहने का मौका नही दिया जाता है। किसी समस्या पर बात करने पर दुर्व्यवहार का भी आरोप शिक्षको ने लगाया है। जाहिर है कि वर्तमान में कार्यरत बीईओ हीरेन्द्र वर्मा की कार्य कुशलता से जैसे तैसे शिक्षको के स्वायत्तो और अन्य कार्य पूर्ण होने जा रहे थे। मगर इसी बीच पूर्व में पदस्थ बीईओ श्री चतुर्वेदी पुन: नैनपुर अपना कार्यभार ग्रहण करने आ गये। इसी बात को लेकर खासकर अध्यापक संवर्ग के दोनों संगठन आजाद अध्यापक और ट्वेटा लामबंद हो गये। कल उन्होंने बीईओ कार्यालय पहुंचकर अपना विरोध जताया। साथ है एक रैली के माध्यम से एस डी एम कार्यालय पहुंचकर एक ज्ञापन भी सौंपा। ज्ञापन प्रभारी मंत्री और जिला कलेक्टर के नाम सौंपा गया है। जिसमे मांग है कि पूर्व से पदस्य बीईओ को नैनपुर में न रखा जाए। उनके कार्यकाल में शिक्षकों के एक भी बिल बिना किसी त्रुटि के नहीं लगाया गया था। उनकी सह पर ही उनके समक्ष अन्वेषक श्री पारधी द्वारा महिला शिक्षकों का अपमान किया। 2022 से क्रमोन्नति एचआरए परिवर के भुगतान में जानबूझकर लटकाने का काम किया जा रहा था। कलेक्टर से इसकी शिकायत के आधार पर उन्हें हटाया गया। लेकिन सीनियर जूनियर के आधार पर उन्हें माननीय हाई कोर्ट से राहत मिली है। शिक्षको की मांग है कि उन्हें अब किसी भी स्थिति ने नैनपुर ने बीईओ ना बनाया जाए। क्योकि नैनपुर ब्लाक में ही उनसे भी सीनियर प्राचार्य कार्यरत है। उचित होगा कि वर्तमान बीईजी वर्मा जी को ही बीईओ बने रहने दिया जाए। शिक्षको की मांग है कि स्थापना जैसा महत्वपूर्ण कार्य श्री यादव बाबू को दिया गया है। जो बिल्कुल भी इस कार्य को कर पाने में असमर्थ है। शिक्षको की मांग है कि यदि बाबू और अन्वेषक को नहीं हटाया गया तो हम रोज 4 से 6 बजे तक कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन करेंगे । और यदि श्री चतुर्वेदी को पुन: बीईओ बनाया गया तो हम पैदल मार्च निकालकर यहां से मंडला आकर कलेक्टर महोदय को ज्ञापन सौपेगे।

**आम सूचना**

**वास्ते पक्षकार-श्री नारायणी इड्यू इन्फ्रा प्राइवेट लिमिटेड एस-25 राजीव नगर पो.आ. शंकर नगर रायपुर छत्तीसगढ (592007)**

मैं संजीव पाठक अधिवक्ता अपने उपरोक्त वर्णित पक्षकार की ओर से प्राधिकृत होकर आम सूचना प्रेषित करता हूं, जिसके अनुसार ग्राम बदवार प.ह.न. 151 तहसील बिछिया जिला मण्डला में स्थित भूमि खसरा न. 218(एस) रकबा 1.0 हे. भूमि को विक्रेता श्री भंगादास पुत्र फागूदास जाति पनका ग्राम बदवार से क्रय करने का सौदा दिनांक 04/12/2025 को किया गया है, दोनो पक्षो के बीच यह तय किया गया है कि आगामी माह की 30 तारिख तक या दोनों पक्षों की आपसी सहमति से उपरोक्त भूमि का पंजीयन मेरा पक्षकार स्वयं या अपने किसी संबंधी व्यक्ति के नाम पर उपरोक्त भूमि का पंजीयन करवा लेगा। यह कि मेरे पक्षकार द्वारा खरीदी जा रही उक्त वर्णित भूमि से संबंधित यदि पूर्व का कोई अनुबंध, न्यायालयिन विवाद या उक्त सम्पत्ति किसी बैंक अथवा प्राइवेट संस्था या व्यक्ति के पास बंधक या गिरवी हो या किसी भी प्रकार का कोई भी विवाद हो तो उपरोक्त सूचना पत्र के प्रकाशन के 15 दिनों के अंदर मेरे कार्यालय में समस्त दस्तावेजों सहित आकर सूचित करें। पंजीयन के बाद कोई भी आपति अमान्य मानी जावेगी। सबब सूचना प्रेषित हैं।

मण्डला दिनांक- 05/12/2025

प्रेषक

**संजीव पाठक अधिवत्ता**

कार्यालय- लॉकअप रुम के बाजू में जिला न्यायालय, मण्डला (म.प्र.)
कार्यालय निवास - शांतिनगर, पो. बिंझिया जिला मण्डला म.प्र. मो.न.- 9425484516,9179820995

संपादकीय

## चर्चा में ‘वंदे मातरम्’

‘वंदे मातरम्’ को लेकर सरकार और विपक्ष में छिड़ी इस बहस के बीच सरकार ने फैसला किया कि 8 दिसंबर को ‘वंदे मातरम्’ की 150वीं वर्षगांठ पर संसद में इस मुद्दे पर चर्चा कराई जाएगी। इस चर्चा की शुरुआत भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरफ से की गई। सरकार का मकसद राष्ट्रगीत से जुड़े इतिहास, इसके महत्व और स्वतंत्रता आंदोलन में इसकी भूमिका पर व्यापक स्तर पर चर्चा कराना रहा। हालांकि, विपक्ष ने कहा है कि सरकार पश्चिम बंगाल चुनाव के मद्देनजर ‘वंदे मातरम्’ को मुद्दा बनाना चाहती है और इसके छंदों को हटाने पर राजनीति कर रही है। जिन दलों ने सरकार पर ‘वंदे मातरम्’ को लेकर बहस छेड़ने और इससे बंगाल चुनाव को प्रभावित करने का आरोप लगाया है, उनमें कांग्रेस के साथ-साथ तृणमूल कांग्रेस भी शामिल है। ‘वंदे मातरम्’ की 150वीं वर्षगांठ के मौके पर जब देशभर में इससे जुड़े आयोजन किए गए तब भी विपक्षी दलों ने इसके छंद हटाए जाने के मुद्दे पर बयान दिए।

दरअसल, 7 नवंबर 1875 को बंकिम चंद्र चटर्जी द्वारा लिखे गए ‘वंदे मातरम्’ के 2025 में 150 साल पूरे हुए हैं। इस उपलक्ष्य पर केंद्र सरकार ने कई आयोजन भी किए हैं। ऐसे ही एक आयोजन में प्रधानमंत्री ने पिछले महीने कांग्रेस को घेरा था। पीएम ने आरोप लगाया था कि कांग्रेस ने 1937 के कलकत्ता में रखे गए अधिवेशन में ‘वंदे मातरम्’ के कुछ अहम छंद हटा दिए गए थे। उन्होंने दावा किया था कि इस फैसले ने बंटवारे के बीज बोए थे। प्रधानमंत्री ने कहा था कि कांग्रेस ने राष्ट्रगीत को दो हिस्सों में तोड़ दिया और इसकी असल आत्मा को कमजोर कर दिया। उन्होंने इस मुद्दे को विकसित भारत के अपने विजन से जोड़ा और राष्ट्रीय विकास को सांस्कृतिक प्रतीकों के साथ मेल के तौर पर पेश किया। कांग्रेस ने प्रधानमंत्री मोदी के इन आरोपों को न सिर्फ नकारा, बल्कि पलटवार भी किया। पार्टी ने महात्मा गांधी के कथनों और लेखन से संचित- द कलेक्टेड वर्क्स ऑफ महात्मा गांधी (वॉल्यूम 66, पेज 46) का हवाला देते हुए कहा कि 1937 में ‘वंदे मातरम्’ को लेकर हुआ फैसला कांग्रेस वर्किंग कमेटी के प्रस्ताव के बाद आया था। इस समिति में जवाहरलाल नेहरू के अलावा खुद महात्मा गांधी, सरदार पटेल, सुभाष चंद्र बोस, राजेंद्र प्रसाद, अबुल कलाम आजाद, सरोजिनी नायडू और कई वरिष्ठ नेता शामिल थे। कांग्रेस के मुताबिक, सीडब्ल्यूसी ने तब पाया था कि ‘वंदे मातरम्’ के शुरुआती दो छंद ही पूरे देश में वृहद स्तर पर गाए जाते थे। प्रस्ताव में यह भी कहा गया था कि बाकी के छंद धार्मिक स्वरूपों को पेश करते हैं, जिनसे कुछ नागरिकों को आपत्ति थी। कांग्रेस ने यह भी तर्क पेश किया कि ‘वंदे मातरम्’ के छंद हटाने का फैसला इस अधिवेशन में रबिंद्रनाथ टैगोर की सलाह पर ही लिया गया, जिन्होंने 1896 में एक अधिवेशन के दौरान पूरा ‘वंदे मातरम्’ गाया था। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि प्रधानमंत्री ‘वंदे मातरम्’ के बहाने आजादी के आंदोलन की विरासत पर हमला बोल रहे हैं और आज के मुद्दे, जैसे- बेरोजगारी, गैरबराबरी और विदेश नीति की चुनौतियों से ध्यान हटाने की कोशिश कर रहे हैं।

# रक्षा खरीददार से रक्षा साझेदार बन गया भारत



नीरज कुमार दुबे
लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तंभकार हैं

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की भारत यात्रा ने ऊर्जा, रक्षा, परमाणु सहयोग, आतंकवाद-रोधी रणनीति और आर्थिक साझेदारी जैसे अनेक क्षेत्रों में नई दिशा दी है। यह यात्रा उस समय हुई जब अमेरिका ने रूस की तेल कंपनियों रोसनेफ्ट और लुकऑइल पर कड़े प्रतिबंध लगाए थे और भारत पर रूसी तेल आयात कम करने का दबाव बढ़ा रहा था। इस पृष्ठभूमि में पुतिन का संदेश स्पष्ट था कि रूस भारत के लिए ऊर्जा का विश्वसनीय स्रोत बना हुआ है और बना रहेगा।

हम आपको बता दें कि पीएम मोदी और पुतिन की संयुक्त प्रेस वार्ता में रूसी राष्ट्रपति ने कहा कि रूस भारत की तीव्र गति से बढ़ती अर्थव्यवस्था को आवश्यक तेल, गैस और कोयले की निरंतर आपूर्ति के लिए प्रतिबद्ध है। उल्लेखनीय है कि रूस दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल उत्पादक और गैस भंडार वाला देश है और पुतिन ने यह भी संकेत दिया कि पारंपरिक ऊर्जा से आगे बढ़कर दोनों देश परमाणु ऊर्जा में भी सहयोग बढ़ाएँगे जिसमें छोटे मॉड्यूलर रिएक्टर, फ्लोटिंग न्यूक्लियर प्लांट तथा चिकित्सा एवं कृषि क्षेत्र में परमाणु तकनीकों का उपयोग शामिल है। इसके अलावा, भारत और रूस ने कुडनकुलम परमाणु परियोजना की प्रगति की समीक्षा की और भारत में एक दूसरे परमाणु संयंत्र स्थल पर चर्चा आगे बढ़ाई। यह भारत की दीर्घकालिक ऊर्जा सुरक्षा में निर्णायक योगदान देगा।

इसके अलावा, इस यात्रा की सबसे रणनीतिक उपलब्धि रक्षा क्षेत्र में संयुक्त निर्माण को बढ़ावा देना रही। रूस ने भारत में ही अपने हथियारों और सैन्य प्लेटफॉर्म्स के स्पेयर पार्ट्स और उपकरणों का उत्पादन करने पर सहमति दी। दोनों पक्षों ने उन्नत रक्षा प्रणाली के संयुक्त सह-विकास और सह-उत्पादन को पुनर्जीवित करने का निर्णय भी लिया। भारतीय सेनाओं की जरूरतों को देखते हुए संयुक्त उद्यमों से तीसरे देशों को निर्यात की संभावना भी टटोली गई। हम आपको बता दें कि यह पहली बार है जब रूस ने स्पष्ट रूप से रूद्बद्ब द्वठ्ठ द्धठ्ठस्त्रद्बठ्ठ के तहत अपने रक्षा परिवेश को भारत में शिफ्ट करने की दिशा में ठोस प्रतिबद्धता जताई है। उल्लेखनीय है कि सशस्त्र बलों की यह लंबे समय से शिकायत रही है कि रूस से महत्वपूर्ण पुर्जों और उपकरणों की आपूर्ति में काफी समय लगता है, जिससे देश से खरीदी गई सैन्य प्रणालियों का रखरखाव प्रभावित होता है। इस संबंध में भारत और रूस द्वारा जारी संयुक्त वक्तव्य में कहा गया, ‘‘दोनों पक्ष प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के माध्यम से ‘मेक-इन-इंडिया’ कार्यक्रम के तहत रूसी हथियारों और रक्षा उपकरणों के रखरखाव के लिए पुर्जों, घटकों और अन्य उत्पादों के भारत में संयुक्त विनिर्माण को प्रोत्साहित करने पर सहमत हुए।’’ संयुक्त वक्तव्य के अनुसार, दोनों पक्ष



भारतीय सशस्त्र बलों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए संयुक्त उद्यम स्थापित करने तथा पारस्परिक रूप से मित्रवत तीसरे देशों को निर्यात करने पर भी सहमत हुए। संयुक्त वक्तव्य में कहा गया है कि भारत-रूस रक्षा साझेदारी को उन्नत रक्षा प्रौद्योगिकी और प्रणालियों के संयुक्त सह-विकास और सह-उत्पादन के लिए पुनः शुरू किया जा रहा है। हम आपको यह भी बता दें कि दोनों देशों के रक्षा मंत्रियों की बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और उनके रूसी समकक्ष आंद्रे बेलौसोव ने द्विपक्षीय रक्षा सहयोग बढ़ाने का संकल्प लिया। बैठक में भारतीय पक्ष ने अपनी युद्धक क्षमता को बढ़ाने के लिए रूस से एस-400 मिसाइल प्रणालियों की अतिरिक्त खेपों की खरीद में गहरी रुचि दिखाई।

इसके अलावा, भारतङ्करूस व्यापार में भारी असंतुलन (रूस से ऊर्जा आयात अधिक) को देखते हुए रूस ने भारतीय वस्तुओं को अधिक बाज़ार पहुँच देने पर सहमति जताई है। दोनों देशों का लक्ष्य है कि 2030 तक व्यापार 100 अरब डॉलर तक पहुँचाया जाए। साथ ही INSTC कॉरिडोर जैसे वैकल्पिक व्यापार मार्गों पर भी प्रगति का संकेत मिला।

साथ ही दोनों देशों ने पहलगाम और मॉस्को के क्रोकस सिटी हॉल में हुए हमलों का संदर्भ लेते हुए आईएसआईएस, आईएसकेपी और अन्य वैश्विक आतंकी नेटवर्क पर सख्त कार्रवाई की मांग की। ‘‘ज़ीरो टॉलरेंस’’ नीति और ‘‘दोहरे मानदंडों को अस्वीकार’’ करने पर जोर दिया गया।

इसके अलावा, पुतिन ने भारत-रूस मैत्री को ‘‘साथ चलेंगे, साथ बढ़ेंगे’’ जैसे भारतीय कथन से अभिव्यक्ति दी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की ओर से दिये गये राजकीय भोज में भारतीय-रूसी संगीत और विविध व्यंजनों ने सांस्कृतिक जुड़ाव को भी प्रकट किया। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा दी गई कश्मीरी केसर, असम की चाय और गीता जैसी भेंटें इस साझेदारी की भावनात्मक गहराई को दर्शाती हैं।

देखा जाये तो रूसी राष्ट्रपति की यह यात्रा दर्शाती है कि भारत अब केवल हथियार खरीदने वाला नहीं बल्कि सह-निर्माण और सह-विकास करने वाला रणनीतिक साझेदार बन चुका है। इसके तीन प्रमुख पहलू विशेष रूप से महत्त्वपूर्ण हैं। पहला है रक्षा सहयोग का बदलता स्वरूप। हम आपको याद दिला दें कि शीतयुद्ध से लेकर 2010 तक भारतङ्करूस रक्षा संबंध मुख्यतः उपकरण खरीद तक सीमित थे। इससे दो समस्याएँ जन्म लेती थीं। पहली थी स्पेयर पार्ट्स की देर से आपूर्ति और दूसरी थी तकनीकी निर्भरता। इस यात्रा के दौरान पुतिन का यह कहना कि रूस का यह मानना है कि महत्वपूर्ण पुर्जों का उत्पादन भारत में ही होना चाहिए, दोनों देशों के संबंधों में संरचनात्मक बदलाव की घोषणा है। इस बदलाव का अर्थ है लॉजिस्टिक स्वतंत्रता, ‘आत्मनिर्भर भारत’ के लक्ष्य की वास्तविक प्रगति और भारत का रक्षा निर्यातक बनने की दिशा में नया कदम।

देखा जाये तो रूस का यह झुकाव केवल राजनीतिक सद्भाव का परिणाम नहीं, बल्कि बदलती वैश्विक भू-राजनीति की जरूरत भी है। रूस को पश्चिमी प्रतिबंधों के बीच भरोसेमंद बाजार चाहिए, वहीं भारत को ऐसी महाशक्ति सहयोगी चाहिए जिसकी तकनीक और रणनीतिक लचीलेपन से उसकी सामरिक क्षमता में वृद्धि हो।

इसके अलावा, भारत के लिए ऊर्जा सुरक्षा उतनी ही महत्वपूर्ण है जितनी रक्षा। अमेरिका के दबाव के बीच रूस द्वारा निरंतर आपूर्ति का आश्वासन देने का संदेश स्पष्ट है कि भारत अपनी ऊर्जा नीति में रणनीतिक स्वायत्तता बनाए रखेगा। परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में एसएमआर और फ्लोटिंग प्लांट जैसी भविष्य की तकनीकों पर बातचीत दर्शाती है कि दोनों देश परंपरागत साझेदारी को हाई-टेक सहयोग में बदल रहे हैं। INSTC जैसे वैकल्पिक व्यापार मार्ग वैश्विक शक्ति-प्रतिस्पर्धा के युग में भारत को एक स्थलीय-समुद्री संतुलन प्रदान करेंगे।

पुतिन की भारत यात्रा के वैश्विक प्रभावों को देखें तो सामने आता है कि यह केवल दो देशों की साझेदारी का कार्यक्रम नहीं, बल्कि विश्व राजनीति का संकेत भी है। जब अमेरिका रूस पर प्रतिबंध बढ़ा रहा है और चीन आक्रामक उभार पर है, तब भारत-रूस समीकरण एक स्थिर धुरी की तरह उभर रहा है। ब्रिक्स में 2026 में भारत की अध्यक्षता के साथ यह साझेदारी वैश्विक आर्थिक और राजनीतिक मंचों पर नए संतुलन बना सकती है। साथ ही यह भी स्पष्ट हो गया है कि भारत अब वह देश नहीं रहा जो केवल एसओ-30, मिग, या टैंक आयात करे, अब वह निर्माण, सह-विकास और निर्यात की दिशा में बढ़ रहा है। रूस द्वारा पहली बार तीसरे देशों को संयुक्त निर्यात का प्रस्ताव इस परिवर्तन की पुष्टि करता है। इससे भारत के रक्षा उद्योग का विस्तार होगा, रोजगार और तकनीकी क्षमता बढ़ेगी और भारत एक ‘टेक्नोलॉजी टेकर’ से ‘टेक्नोलॉजी पार्टनर’ बनेगा। बहरहाल, पुतिन की यह यात्रा भारत-रूस रिश्तों के तीसरे युग की शुरुआत है, जहाँ रक्षा, ऊर्जा, परमाणु, आतंकवाद-रोधी सहयोग और व्यापार, सब एक संयुक्त उत्पादन-निर्माण मॉडल में बंध रहे हैं। वैश्विक शक्ति संतुलन के दौर में यह साझेदारी भारत को रणनीतिक स्वायत्तता, तकनीकी उन्नयन और बहुध्रुवीय विश्व में प्रभाव बढ़ाने में सक्षम बनाती है।

# बाबरी बनाम गीता पाठ



आदित्य नारायण चौपड़ा
लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

पश्चिम बंगाल की सियासत में अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनावों का नेरेटिव सैट हो चुका है और यह नेरेटिव है ध्रुवीकरण का। राज्य में एक तरह से धर्मयुद्ध छिड़ता दिखाई दे रहा है। धार्मिक प्रतीकों के जरिए राजनीतिक ध्रुवीकरण का नया दौर शुरू हो चुका है। मुर्शिदाबाद जिले में तृणमूल कांग्रेस के निलंबित विधायक हुमायूं कबीर ने बेलडांगा क्षेत्र में बाबरी मस्जिद की तर्ज पर एक नई मस्जिद का शिलान्यास किया जिससे सियासत में हलचल मच गई है। विधायक हुमायूं कबीर के इस कदम को मुस्लिम बहुल इलाकों में अल्पसंख्यक वोटों को एकजुट करने की रणनीति के रूप में देखा जा रहा है। कबीर ने तो ओवैसी की पार्टी के साथ मिलकर अगला चुनाव लड़ने की घोषणा भी कर दी है।

दूसरी ओर कोलकाता में आस्था का अलग ही सैलाब देखने को मिला। ब्रिगेड परेड ग्राउंड में जो हुआ उसे सामान्य नहीं कहा जा सकता। सनातन संस्कृति संसद के झंडे तले लगभग 5 लाख लोगों ने गीता का सामूहिक पाठ किया। मंच पर संतों की मौजूदगी थी। इस धार्मिक आयोजन में बंगाल भाजपा का शीर्ष नेतृत्व भी मौजूद रहा। इस कार्यक्रम में महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज, साध्वी ऋतंभरा, योग गुरु बाबा रामदेव, बागेश्वर धाम के धीरेन्द्र किशन शास्त्री और अनेक संत-महात्मा शामिल हुए। तीखी बयानबाजी हुई। बयानों का संदेश स्पष्ट था, हम गजबा-ए-हिंद नहीं, भगवा हिंद चाहते हैं। यह राष्ट्र राम का है राम का ही रहेगा। गीता पाठ के आयोजन के बाद हुमायूं कबीर ने भी एक लाख मुसलमानों को लेकर कुरान का पाठ कराने की घोषणा कर दी। उनका तर्क है कि अगर राम मंदिर बन सकता है तो बाबरी की याद में मस्जिद क्यों नहीं बन सकती। यह सीधे-सीधे ध्रुवीकरण की कोशिश है। पश्चिम बंगाल में साम्प्रदायिक तनाव बढ़ने की आशंका पैदा हो गई है।

गीता पाठ करने वालों का तर्क है कि भारत में हमें सनातनी चाहिए, तनातनी नहीं। सनातनी एकता ही विश्व शांति का सबसे बड़ा साधन है। भारत में सभी धर्मों का सम्मान किया जाता है। कोई मंदिर बनाये या मस्जिद बनाए इस पर किसी को क्या आपत्ति है। आस्था पूरी तरह से व्यक्तिगत होती है लेकिन बाबर के नाम पर मस्जिद का निर्माण कर समाज में जहर घोलना ठीक नहीं। बाबर एक आक्रांता था। उसने सैन्य ताकत के बल पर भारत में मुगल साम्राज्य स्थापित किया था। मुगलों ने 300 से अधिक वर्षों तक भारत पर राज किया। बाबरी मस्जिद का विवाद भी उसी से जुड़ा हुआ था। बाबर ने भारत में बहुत लूट मचाई। मुगल शासन में सदियों तक भारत के सामाजिक-सांस्कृतिक परिदृश्य को प्रभावित किया। मैं उसके इतिहास में नहीं जाना चाहता लेकिन ऐसे मुगल शासक को स्वतंत्र भारत में महिमा मंडित करने का कोई औचित्य मुझे नजर नहीं आता। श्रीमद्भागवद गीता का भारत के बहुसंख्यक हिन्दुओं के लिए बहुत महत्व है। यह एक जीवन दर्शन है। मनुष्य को जीवन की सही दिशा की अनुभूति गीता ही कराती है। भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को कुरुक्षेत्र की रणभूमि में सही निर्णय लेने के लिए न सिर्फ गीता का उपदेश दिया था, बल्कि उन्हें साक्षात अपने विराट रूप के दर्शन भी कराये थे। द्वापर युग में दी गई भगवान श्रीकृष्ण की सीख आज भी इंसान को सुख-शांति और मुक्ति प्राप्त करने के लिए मार्गदर्शक का काम करती है। गीता के उपदेश को यदि कोई व्यक्ति अम्ल में लाएगा तो उसका जीवन ही बदल जाएगा। फल की चिंता किए बिना कर्म करने का संदेश गीता में ही दिया गया है। पश्चिम बंगाल में सत्ता का रास्ता मुस्लिम मतों से होकर गुजरता है इसलिए पश्चिम बंगाल में धार्मिक आधार पर ध्रुवीकरण का युद्ध शुरू हो चुका है। भारतीय जनता पार्टी ने पश्चिम बंगाल में चुनाव जीतने के लिए पूरी तरह से तैयारी शुरू कर दी है। चुनाव किस तरह लड़ा और जीता जाता है इस समय भाजपा से बेहतर कोई नहीं जानता। कभी पश्चिम बंगाल में भाजपा का कोई जनाधार नहीं था। पिछले एक दशक में जिस तरह से भाजपा ने वहां अपने पांव जमाये हैं उससे समझा जा सकता है। अगर हुमायूं कबीर और ओवैसी मुस्लिम मतों का विभाजन कराने में सफल हो जाते हैं तो तृणमूल कांग्रेस को भारी नुक्सान हो सकता है। ममता के पारंपरिक मुस्लिम वोट बैंक में सेंधमारी का खतरा पैदा हो चुका है। भाजपा हिन्दुत्व की पिच पर आक्रामक बैटिंग कर रही है। पश्चिम बंगाल के हिन्दुओं को बाबरी के नाम पर मस्जिद निर्माण कराना भावनात्मक रूप से आहत कर रहा है।

अगर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी बाबरी मस्जिद निर्माण का विरोध करती हैं तो उनका कोर वोट बैंक खिसक सकता है। अगर ममता खामोश रहती हैं तो भी इसे तुष्टिकरण ही माना जाएगा। जिन हवाओं में सोनार बांग्ला के वादे गूंजने चाहिए उन हवाओं में अब उन्मादी नारे गूंज रहे हैं। सारी सियासत हिन्दू- मुसलमान के बीच सिमट कर रह गई है। सत्ता का महल कौन बनाएगा। यह तो चुनाव परिणाम ही बताएंगे लेकिन बहुसंख्यकों की भावनाओं को लामबंद करने का खेल शुरू हो चुका है। डर इस बात का है कि पश्चिम बंगाल की सियासत कहीं खूनी न हो जाए। मुस्लिम समुदाय बहुसंख्यकों की भावनाओं को समझे और बाबरी की तर्ज पर मस्जिद निर्माण का ईरादा त्यागे तो ही साम्प्रदायिक सद्भाव का मार्ग प्रशस्त हो सकता है। देखना होगा कि सियासत क्या करवट लेती है।

# मानवाधिकारः वैश्विक मानचित्र पर स्याह धब्बे और उम्मीद की किरणें

दिलीप कुमार पाठक

शांति केवल वहीं कायम रह सकती है जहां मानवाधिकारों का सम्मान किया जाता है, जहां लोगों को भोजन मिलता है, और जहां व्यक्ति और राष्ट्र स्वतंत्र हैं - दलाई लामा

दुनिया में मानवाधिकारों की स्थिति चिंताजनक है, जहाँ आधुनिक दासता, संघर्षों में उल्लंघन, अभिव्यक्ति पर रोक और भेदभाव जैसे मुद्दे बढ़ रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद ताइवान में यौन उत्पीड़न कानून और बुयुकाडा मानवाधिकार रक्षकों की रिहाई जैसी कुछ सकारात्मक बदलाव भी देखने को मिले हैं, जिससे पता चलता है कि मानवाधिकारों के लिए वैश्विक स्तर पर जागरूकता और संघर्ष जारी है द्य दुनिया के कई हिस्सों में सरकारों द्वारा असहमति की आवाजों को दबाने और नागरिक स्वतंत्रता पर प्रतिबंध लगाने के मामले बढ़े हैं।

**10 दिसम्बर मानवाधिकार दिवस**

नस्ल, रंग, लिंग, जातीयता, धर्म, या अन्य स्थिति के आधार पर भेदभाव अभी भी व्यापक रूप से मौजूद है, जिससे कमजोर आबादी प्रभावित हो रही है। मानव अधिकारों को लेकर आज का दिन काफ़ी अहम हो जाता है क्योंकि 10 दिसम्बर, 1948 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने विश्व मानवाधिकार घोषणा पत्र जारी कर प्रथम बार मानवाधिकार व मानव की बुनियादी मुक्ति पर घोषणा की थी। साल 1950 में संयुक्त राष्ट्र ने हर वर्ष की 10 दिसम्बर की को विश्व मानवाधिकार दिवस तय किया। 65 वर्ष से पहले हुआ पारित विश्व मानवाधिकार घोषणा पत्र एक मील का पत्थर है, जिसने समृद्धि, प्रतिष्ठा व शांतिपूर्ण सह अस्तित्व के प्रति मानव की आकांक्षा प्रतिबिंबित की है। आज यही घोषणा पत्र संयुक्त राष्ट्र संघ का एक बुनियादी भाग है। मानवाधिकार का मतलब किसी भी इंसान की ज़िंदगी, आज़ादी, बराबरी और सम्मान का अधिकार है। भारतीय संविधान इस अधिकार की न सिर्फ़ गारंटी देता है, बल्कि इसे तोड़ने वाले को कानून सजा भी देता है

मानव अधिकारों के बारे में जानना ज़रूरी हो जाता है जैसे -हर इंसान को जीवन, स्वतंत्रता, समानता और सम्मान का अधिकार है। भारत में 28 सितंबर 1993 को मानव अधिकार अधिनियम लागू हुआ। 12 अक्टूबर 1993 को सरकार ने राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग बनाया। इस आयोग का काम नागरिक-राजनीतिक अधिकारों के साथ-साथ आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक अधिकारों की देख-रेख करना है। इसमें बाल-मज़दूरी, एचआईवी/एड्स, स्वास्थ्य, भोजन, बाल-विवाह, महिला अधिकार, हिरासत में मौत, अल्पसंख्यकों, अनुसूचित जाति और जनजाति के अधिकार आदि शामिल हैं। इन सभी अधिकारों को बचाना और उनका सम्मान सुनिश्चित करना आयोग का मुख्य लक्ष्य है।

हर इंसान को शिक्षा, स्वास्थ्य, काम, घर, संस्कृति, खाना और मनोरंजन जैसी बुनियादी चीज़ों का अधिकार है-इन्हें ही विश्व मानवाधिकार घोषणा में बताया गया है। लेकिन दुनिया के कई हिस्सों में बहुत गरीबी है, और यही गरीबी बहुत सारे लोगों को उनके बुनियादी अधिकारों से दूर रखती है। इन जगहों पर बचों, बुजुर्गों और महिलाओं की ज़रूरतें अक्सर पूरी नहीं हो पातीं। साथ ही, नस्लवाद और जाति-भेद भी मानवाधिकारों की रक्षा में बड़ी रुकावट बनते हैं। सरल शब्दों में= गरीबी और भेदभाव लोगों को उनका हक नहीं मिलने देते।

मानव के जन्म लेने के साथ ही उसके अस्तित्व को बनाये रखने के लिए कुछ अधिकार उसको स्वतः मिल जाते हैं और वह उनका जन्मसिद्ध अधिकार होता है। इस दुनिया में प्रत्येक मनुष्य के लिए अपनी बुनियादी ज़रूरतों को पूरा करने के लिए अधिकार एक मनुष्य होने के नाते प्राप्त हो जाता है। चाहे वह अपने हक के लिए बोलना भी जानता हो या नहीं। एक नवजात शिशु को दूध पाने का अधिकार होता है और तब वह बोलना भी नहीं जानता। लेकिन माँ उसको स्वयं देती है और अगर नहीं देती है तो उसके घरवाले, डॉक्टर सभी उसको इसके लिए कहते हैं, क्योंकि ये उस बचे का हक है और ये उसे मिलना ही चाहिए। एक बचे के अस्तित्व को बनाये रखने के लिए ये ज़रूरत सबसे अहम होती है। लेकिन उसके बड़े होने के साथ-साथ उसके अधिकार भी बढ़ने लगते हैं। बचे के पढ़ने-लिखने और अपनी परवरिश आदि के लिए उसको समुचित सुविधाएँ और वातावरण देना भी ज़रूरी अधिकारों में आता है। उन्हें आत्म-सम्मान के साथ जीने के लिए, अपने विकास के लिए और आगे बढ़ने के लिए कुछ हालात ऐसे चाहिए, जिससे की उनके रास्ते में कोई व्यवधान न आये। पूरे विश्व में इस बात को अनुभव किया गया है और इसीलिए मानवीय मूल्यों की अवहेलना होने पर वे सक्रिय हो जाते हैं। इसके लिए हमारे संविधान में भी उल्लेख किया गया है। संविधान के अनुछेद 14,15,16,17, 19,20,21, 23,24, 39,43,45 देश में मानवाधिकारों की रक्षा करने के सुनिश्चित हैं। सिर्फ इतना ही नहीं, इस दिशा में आयोग के अतिरिक्त कई एनजीओ भी काम कर रहे हैं और साथ ही कुछ समाजसेवी लोग भी इस दिशा में अकेले ही अपनी मुहिम चला रहे हैं। मानवाधिकार दिवस सिर्फ एक तारीख नहीं है, बल्कि यह मानवता के लिए एक प्रेरणा है। यह हमें याद दिलाता है कि हर व्यक्ति को बिना किसी भेदभाव के समान अधिकार मिलना चाहिए। मानवाधिकारों की रक्षा करना और इसे बढ़ावा देना सभी का कर्तव्य है, ताकि हम एक न्यायपूर्ण और समान समाज का निर्माण कर सकें।

# इंडियन एविएशन समस्याः वर्षों से सुलग रही समस्या शोले बनकर सामने आई, सरकार दिखाए दृढ़ता

विनोद पाठक

इंडियन एविएशन सेक्टर आज जिस स्थिति में खड़ा है, उसे देखकर यह स्पष्ट हो जाता है कि भारत की आसमान में उड़ान भरने की महत्वाकांक्षा और उसकी जमीनी हकीकत के बीच बेहद गहरा अंतर है। बीते दशक में भारत ने एविएशन के बुनियादी ढांचे, एयरपोर्ट्स, क्षेत्रीय संपर्क और यात्रियों की संख्या के लिहाज से अभूतपूर्व बढ़ोतरी दर्ज की है, लेकिन एयरलाइंस के ऑपरेशन्स, फाइनेंशियल स्टेबिलिटी और कम्पेटिटिव एनवायरमेंट के मोर्चे पर तीव्र संकट से गुजर रहे है। यह विरोधाभास जितना चौंकाने वाला है, उतना ही चिंताजनक भी। भारत में एविएशन सेक्टर में विकास की अपार संभावनाएं हैं, लेकिन यह विकास टिकाऊ तभी होगा, जब मार्केट स्ट्रक्चर हेल्दी हो, नीतियां संतुलित हों और रेगुलेशन स्ट्रॉन्ग हो। आज की स्थिति में इंडिगो जैसी कंपनियों की मोनोपोली जितनी यात्रियों के लिए हानिकारक है, उतनी ही उद्योग के लॉन्ग टर्म फ्यूचर के लिए भी।

भारत सरकार को यात्रियों के अधिकारों को केंद्र में रखकर नई नीति बनानी होगी। यह संकट चेतावनी है, यदि इसे समय रहते न सुना गया तो भारत की उड़ानें बढ़ती जरूर दिखेंगी, लेकिन उड़ान भरने का आत्मविश्वास लगातार कम होता जाएगा। आज एविएशन सेक्टर में जिस प्रकार की अस्थिरता और अनिश्चितता बढ़ी है, वह किसी एक कंपनी की विफलता नहीं, बल्कि उद्योग के स्ट्रक्चरल डिफेक्ट का रिजल्ट है। एयरलाइंस की आर्थिक सेहत बिगड़ चुकी है, किराए आसमान छू रहे हैं और यात्रियों का भरोसा लगातार कमजोर पड़ रहा है। ऐसे में यह आवश्यक है कि इस संकट को केवल कंपनियों की विफलता न मानकर, इसे व्यापक नीतिगत असंतुलन और बाजार संरचना की समस्या के रूप में देखा जाए।

दरअसल, भारत का एविएशन संकट अचानक नहीं आया। यह कई वर्षों से पैदा होती रही उन समस्याओं का परिणाम है, जिन्हें समय रहते संबोधित नहीं किया गया। इनमें सबसे बड़ी समस्या प्रैट एंड व्हिटनी इंजनों की तकनीकी खामियों से जुड़ी रही, जिसने इंडिगो और गो फर्स्ट जैसे प्रमुख खिलाड़ियों को गहरी ऑपरेशन क्राइसिस में धकेल दिया। गो फर्स्ट के लगभग आधे बेड़े को उड़ान से बाहर कर देना पड़ा और अंततः कंपनी दिवालिया प्रक्रिया में चली गई। इंडिगो के भी 70 से अधिक विमान खड़े हो गए, जो कि उसकी कुल क्षमता का बड़ा हिस्सा है। एक ही इंजन निर्माता पर अत्यधिक निर्भरता ने भारतीय एयरलाइंस को ऐसी स्थिति में पहुंचा दिया कि तकनीकी समस्या का आर्थिक और ऑपरेशन डिजास्टर में बदलना तय था।



दूसरी तरफ, एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) की कीमतों ने एयरलाइंस की कमर तोड़ दी है। एयरलाइन ऑपरेशन में ईंधन का खर्च 35-40 प्रतिशत होता है और वर्ल्ड मार्केट में उतार-चढ़ाव के कारण यह लागत तेजी से बढ़ती गई। रुपया भी डॉलर के मुकाबले कमजोर होता गया, जबकि किराया, लीज पेमेंट और मेंटेनेंस जैसी लगभग सारी लागतें डॉलर में होती हैं। इससे एयरलाइंस पर फाइनेंशियल प्रेशर कई गुना बढ़ गया, लेकिन तकनीकी और आर्थिक समस्याओं से परे, एक तीसरी समस्या भी उतनी ही गंभीर है, कर्मचारियों का बढ़ता असंतोष। विस्तारा और एयर इंडिया एक्सप्रेस जैसी एयरलाइंस में पायलटों व केबिन क्रू द्वारा अचानक सिक लीव पर चले जाने की घटनाओं ने उद्योग की गहरी आंतरिक अस्थिरता को उजागर किया था। किसी भी कंपनी में विलय एक संवेदनशील प्रक्रिया होती है और स्पष्ट संवाद के अभाव में यह तय था कि कर्मचारी असंतोष खुले विद्रोह में बदल जाएगा। भारत सरकार ने यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा की रक्षा के लिए कुछ नए नियम लागू करने की कोशिश की, जिनमें उड़ान रद्द होने या लंबी देरी की स्थिति में अनिवार्य मुआवजा, क्रू की कमी के कारण रद्द उड़ानों पर पेनल्टी और टिकट मूल्य में पारदर्शिता जैसे प्रावधान शामिल थे, लेकिन इंडिगो सहित कुछ प्रमुख एयरलाइंस ने इन नियमों को लागू करने में स्पष्ट अनिच्छा दिखाई। एयरलाइंस ने तर्क दिया कि इन नीतियों से ऑपरेशन लागत बढ़ेगी और उनका व्यवसाय प्रभावित होगा।

उद्योग लॉबी के दबाव में कुछ नियमों को आगे बढ़ा दिया गया या नरम कर दिया गया। यह स्थिति बताती है कि जब तक सरकार यात्री अधिकारों को सर्वोच्च प्राथमिकता बनाकर नियमों को सख्ती से लागू नहीं करेगी, तब तक एयरलाइंस की मनमानी पर रोक लगाना मुश्किल होगा। हमें यह स्वीकार करना होगा कि भारत सरकार ने एविएशन इंफ्रास्ट्रक्चर के विस्तार में प्रभावशाली कार्य किया है। वर्ष 2014 से अब तक एयरपोर्ट्स की संख्या 74 से बढ़कर 150 से अधिक हो चुकी है। उड़ान योजना ने क्षमता निर्माण का नया अध्याय शुरू किया और छोटे शहरों को देश की हवाई मानचित्र पर लाया, लेकिन यही तस्वीर दूसरी तरफ से अधूरी है। डायरेक्टरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (डीजीसीए) लगातार कमजोर साबित हुआ है। गो फर्स्ट के गिरने से पहले उसके फाइनेंस और ऑपरेशनल इंडिकेटर्स की पहचान करना डीजीसीए की जिम्मेदारी थी, जो पूरी तरह विफल रही। यह डीजीसीए की ऐतिहासिक चूक थी।

सरकार ने एयरलाइंस में प्रतिस्पर्धा बढ़ाने के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठाए। नई कंपनियों के लिए लाइसेंस प्रक्रिया जटिल और महंगी है, जबकि पुरानी कंपनियों के पतन को रोकने के लिए कोई स्पष्ट नीति नहीं है। इससे यात्रियों के लिए इंडियन एविएशन सेक्टर का यह संकट गहरे आर्थिक और सामाजिक प्रभाव लेकर आया है। किराए 30-50 प्रतिशत तक महंगे हो गए हैं। छोटे मार्गों पर प्रतिस्पर्धा लगभग खत्म हो गई है। बड़े मार्गों पर किराए कभी-कभी दो से तीन गुना तक बढ़ जाते हैं। उड़ानों का रद्द होना अब सामान्य बात हो गई है। कंपनियों द्वारा जारी %सॉरी% संदेश यात्री के समय, धन और उद्देश्य की भरपाई नहीं कर सकते। यूरोप में उड़ान रद्द होने पर यात्रियों को 250 से 600 यूरो (26 हजार से 63 हजार रुपए) तक का मुआवजा मिलता है। भारत में ऐसी कोई सशक्त व्यवस्था नहीं है। एयरलाइंस बिना पेनल्टी के उड़ान रद्द कर सकती हैं और यात्रियों को केवल ई-मेल माफी या वाउचर पकड़ा कर बात खत्म कर दी जाती है। यह स्पष्ट है कि भारत में यात्री अधिकारों का ढांचा बेहद कमजोर है। रेगुलेटरी संस्था को कंपनियों पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई का अधिकार होना चाहिए, जो फिलहाल लगभग नगण्य है। भारत यदि विश्व का तीसरा सबसे बड़ा एविएशन मार्केट बनना चाहता है तो उसे नीतियों को विस्तार से परे जाकर गहराई में सुधारना होगा। सबसे पहला उपाय होना चाहिए, एटीएफ को जीएसटी में लाना, दूसरा डीजीसीए को अधिक स्वायत्त, सशक्त और उत्तरदायी संस्था बनाया जाए, तीसरा यात्रियों को यूरोपीय मॉडल की तरह मुआवजे का कानूनी अधिकार मिले और चौथा नए खिलाड़ियों के प्रवेश को सरल बनाया जाना चाहिए, ताकि प्रतिस्पर्धा बनी रहे। एयरलाइंस को भी अपनी ऑपरेशनल स्ट्रक्चर सुधारनी होगी। इंजन सप्लायरों पर निर्भरता कम करनी होगी और कर्मचारियों के साथ संवाद मजबूत करना होगा, ताकि सामूहिक असंतोष परिचालन ठप न करे। कुल मिलाकर भारत जैसे तेजी से बढ़ते एविएशन मार्केट में कंपनियों की सहूलियत नहीं, यात्रियों की सुरक्षा और अधिकार नीति का केंद्र होना चाहिए। सरकार को इस दिशा में दृढ़ता दिखानी ही होगी।

# चीन ने पहली बार पुतिन को लेकर भारत पर जो कहा, सुनकर दंग रह गई दुनिया!

नई दिल्ली

रूस के राष्ट्रपति पुतिन जब भारत दौरे पर आए तो दुनिया भर में कई तरह की चर्चाएं हुई। भारत विरोधी कई देशों का ब्लड प्रेशर भी बढ़ा। कईयों ने इस दौरे पर अपने-अपने हिसाब से प्रतिक्रियाएं भी दी। लेकिन पिछले कुछ दिनों से सबसे ज्यादा किसी के रिएक्शन पर नजर थी तो वो चीन की थी। दरअसल रूस के राष्ट्रपति पुतिन की भारत यात्रा पर चीन ने पहली बार आधिकारिक प्रतिक्रिया देते हुए इसे सकारात्मक बताया है। बीजिंग ने कहा है कि भारत, चीन, रूस तीनों देश ग्लोबल साउथ की बड़ी आवाज हैं और इनके बीच मजबूत रिश्ता ना सिर्फ इनके अपने हित में है बल्कि एशिया और पूरी दुनिया की शांति और स्थिरता के लिए भी जरूरी है।



चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकून ने कहा है कि तीनों देश उभरती अर्थव्यवस्थाएं हैं और इनके बीच भरोसा और स्थिरता वैश्विक स्तर पर सकारात्मक असर डालते हैं। उन्होंने कहा कि चीन भारत और रूस दोनों के साथ मिलकर रिश्तों को आगे बढ़ाने के लिए तैयार है। साथ ही उन्होंने कहा कि हम पुतिन की भारत यात्रा को बहुत करीब से देख रहे थे। हमारे रूस के साथ बहुत अच्छे संबंध हैं। यानी कि चीन ने यह साफ कर दिया है कि वह भारत और रूस के साथ मिलकर आगे बढ़ना कुछ समय से पूर्वी लद्दाख विवाद के कारण संवेदनशील रहे हैं। लेकिन चीन का कहना है कि अब वह लंबे समय के नजरिए से रिश्तों को बेहतर बनाना चाहता है।

दरअसल भारत दौरे से पहले एक इंटरव्यू में पुतिन ने कहा था कि भारत और चीन हमारे करीबी दोस्त हैं। हम इस रिश्ते को काफी अहमियत देते हैं। अमेरिका कहता रहा कि भारत रूस से बड़ी मात्रा में सस्ता तेल खरीद रहा है। लेकिन पुतिन ने इन आरोपों को खारिज किया। चीन खुद भी रूस का सबसे बड़ा तेल और गैस खरीददार है और उसने भी अमेरिका की उन मांगों को ठुकराया जिसमें रूस से ऊर्जा खरीद बंद करने को कहा गया था। तो वहीं भारत दौरे के दौरान पुतिन ने आईना दिखाते हुए साफ कहा कि रूस की ओर से भारत को लगातार फ्यूल की सर्विज जारी रहेगी।

पुतिन के इस बयान से ट्रंप की तिलमिलाहट जरूर बढ़ गई होगी। पुतिन के भारत दौरे के बाद टेरिफ पर टेरिफ लगाने वाले ट्रंप कैसे घबराए हुए हैं? इसका एक बड़ा सबूत सामने आ गया है। खबर है कि भारत में रूस के राष्ट्रपति पुतिन की भारत यात्रा के 48 घंटे बाद ही अमेरिका ने अपने अंडर सेक्रेटरी ऑफ स्टेट फॉर पॉलिटिकल अफेयर्स एलिसन हुकर को भारत भेज दिया है। यानी कि अब ट्रंप डैमेज कंट्रोल में जुट गए हैं।

### दक्षिण कोरिया के एक थर्मल पावर प्लांट में आग लगने से दो मजदूर घायल

**सोल, (वार्ता)।** दक्षिण कोरिया के एक थर्मल पावर प्लांट में आग लगने से दो मजदूर घायल हो गए। योनहाप न्यूज एजेंसी ने यह जानकारी उपलब्ध कराई। स्थानीय समय के अनुसार आज दोपहर करीब 2:43 बजे अग्निशमन विभाग के अधिकारियों को सूचना मिली कि राजधानी सोल से लगभग 150 किमी दक्षिण-पश्चिम में टेआन में एक थर्मल पावर प्लांट के पिछले गेट के पास आग लगी हुई है। अधिकारियों ने आग बुझाने के लिए दमकलकर्मियों और उपकरणों को भेजा। ऐसा माना जा रहा है कि थर्मल पावर प्लांट की इमारत की पहली मंजिल पर गैस विस्फोट हुआ था। आग बुझाने वाले अधिकारी और पुलिस घटनास्थल पर हताहत की तलाश कर रहे हैं। वहां से आग में झुलसे दोनों मजदूरों को बाहर निकाला गया और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## उइगर नरसंहार मान्यता दिवस के चार साल पूरे, चीनी अत्याचारों के खिलाफ कार्रवाई का वैश्विक आह्वान

नई दिल्ली



विश्व उइगर कांग्रेस (डब्ल्यूयूसी) ने 9 और 10 दिसंबर को उइगर नरसंहार मान्यता दिवस की स्थापना और उइगर न्यायाधिकरण के अंतिम फैसले के चार साल पूरे होने के उपलक्ष्य में, जारी उइगर नरसंहार के पीड़ितों को याद किया। डब्ल्यूयूसी ने कहा कि उइगर न्यायाधिकरण की स्थापना जून 2020 में उसके पूर्व अध्यक्ष डोलकुन ईसा के अनुरोध पर की गई थी, ताकि पूर्वी तुर्किस्तान के उइगरों, कज़ाकों और अन्य तुर्क मुस्लिम लोगों के खिलाफ चीन द्वारा किए गए कथित अत्याचारों का दस्तावेजीकरण किया जा सके। सर जेफ्री नाइस की अध्यक्षता वाले इस स्वतंत्र न्यायाधिकरण में कानूनी विशेषज्ञ, शिक्षाविद और नागरिक समाज के प्रतिनिधि शामिल थे, और इसने नरसंहार और मानवता के खिलाफ अपराधों के आरोपों की जाँच की। डब्ल्यूयूसी के अध्यक्ष तुर्गुंजन अलाउदुन के हवाले से, विज्ञप्ति में कहा गया है कि 9 दिसंबर हमें याद दिलाता है कि नरसंहार कोई अमूर्त ऐतिहासिक अवधारणा नहीं है, बल्कि उइगर लोगों द्वारा झेली जा रही एक दैनिक वास्तविकता है। उन्होंने आगे कहा कि न्यायाधिकरण ने ऐसे भारी सबूत पेश किए हैं जिन्हें दुनिया अब और नज़रअंदाज़ नहीं कर सकती, और चेतावनी दी कि एक समुदाय के खिलाफ नरसंहार को जारी रखने की अनुमति देना वैश्विक सुरक्षा और अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था के लिए खतरा है। डब्ल्यूयूसी के अनुसार, न्यायाधिकरण ने जून, सितंबर और नवंबर 2021 में हुई सुनवाई के बाद 9 दिसंबर, 2021 को अपना अंतिम फैसला सुनाया। यह फैसला 500 से ज़्यादा गवाहों के बयानों, एक पूर्व चीनी पुलिस अधिकारी सहित 30 से ज़्यादा प्रत्यक्ष गवाहों की गवाही और 40 विशेषज्ञ गवाहों के इनपुट पर आधारित था। विज्ञप्ति में कहा गया है कि न्यायाधिकरण इस निष्कर्ष पर पहुँचा है कि पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ़ चाइना उइगर लोगों के ख़िलाफ़ नरसंहार और मानवता के ख़िलाफ़ अपराध कर रहा है। डब्ल्यूयूसी ने आगे उल्लेख किया कि कम से कम दस राष्ट्रीय संसदों ने औपचारिक रूप से इन अत्याचारों को मान्यता दी है। हालाँकि, संगठन ने ज़ोर देकर कहा कि केवल प्रतीकात्मक मान्यता अपर्याप्त है, खासकर जब चीन अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार संस्थाओं में अपना प्रभाव बढ़ा रहा है और संयुक्त राष्ट्र का सबसे बड़ा बजट योगदानकर्ता बन गया है, जैसा कि विज्ञप्ति में उल्लेख किया गया है। न्यायाधिकरण के फैसले के चार साल बाद, डब्ल्यूयूसी ने आरोप लगाया कि चीन नरसंहार को छुपाने की कोशिश कर रहा है।

# फंड रोकने से नहीं रुकेगा बंगाल का विकास : ममता बनर्जी

कोलकाता

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को केंद्र पर निशाना साधते हुए कहा कि उनकी सरकार को किसी सहायता की आवश्यकता नहीं है और सभी कल्याणकारी योजनाओं को स्वतंत्र रूप से चलाना जारी रखेगी। उन्होंने एनआरसी और सीएए के प्रति अपने कड़े विरोध को भी दोहराया और घोषणा की कि बंगाल कभी भी डिटेंशन कैंप की अनुमति नहीं देगा। एक जनसभा को संबोधित करते हुए, बनर्जी ने कहा कि हमें केंद्र से किसी मदद की आवश्यकता नहीं है; हम सभी योजनाएँ स्वयं चला रहे हैं। परसों, उन्होंने (केंद्र ने) हमें एक नोटिस जारी कर 6 दिसंबर तक तिमाही श्रम बजट जमा करने को कहा था। लेकिन मैं कहना चाहती हूँ कि आपके नोटिस का कोई महत्व नहीं है। बंगाल 100 दिनों का कार्य कार्यक्रम अपने दम पर चलाएगा।



मुख्यमंत्री ने लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करने का संकल्प लिया और कहा कि बंगाल में कोई डिटेंशन कैंप नहीं होगा। न एनआरसी, न सीएए, हम इन्हें कभी स्वीकार नहीं करेंगे। हम लोकतंत्र बचाएँगे और बंगाल को बचाएँगे। मनरेगा फंड के निलंबन को लेकर केंद्र सरकार की आलोचना करते हुए, मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी और अन्य नेताओं से मुलाकात की थी, लेकिन उन्होंने अभी तक कोई जवाब नहीं दिया है।

ममता ने कहा, उन्होंने 100 दिनों के काम के लिए धनराशि रोक दी। मैंने प्रधानमंत्री और अन्य नेताओं से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की और धनराशि फिर से शुरू करने की अपील की। निचली अदालत से लेकर उच्च न्यायालय तक, सभी ने 100 दिनों का काम शुरू करने का आदेश दिया, लेकिन उन्होंने अभी तक कोई जवाब नहीं दिया है। उन्होंने यह भी बताया कि राज्य सरकार ने 32 भारतीय मछुआरों को सफलतापूर्वक वापस लाया है, जो अनजाने में बांग्लादेश में प्रवेश कर गए थे। इसके साथ ही एक महिला और उसके बच्चे को भी मालदा सीमा के माध्यम से वापस लाया गया है।

### ढाका यूनिवर्सिटी में पाकिस्तान के खिलाफ उबले छात्र

**ढाका।** बांग्लादेश के साथ मिलकर भारत के खिलाफ साजिश रचने की चाल चल रहे पाकिस्तान को वहां के युवाओं और छात्रों ने आईना दिखाया है। बांग्लादेश की राजधानी ढाका के छात्रों ने विजय दिवस से पहले बड़ा प्रदर्शन किया है और कहा है कि रजाकरों के साथ किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जा सकता है। ढाका यूनिवर्सिटी के छात्रों ने पाकिस्तान को सीधी चुनौती दी। छात्रों ने विजय दिवस पर यूनिवर्सिटी गेट पर हाथ से बना बड़ा बैनर लगाया। यहां उन्होंने 1971 की जंग में पराजित पाकिस्तान का झंडा भेजकर साफ संदेश लिखा- नो कॉम्प्रमाइज विद रजाकर। छात्रों ने 1971 में पाकिस्तान द्वारा बांग्लादेश में किए गए नरसंहार का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि एक अलग राष्ट्र के रूप में आने के लिए बांग्लादेश के लोगों ने भारी कीमत चुकाई। इन छात्रों का कहना था- पीढ़ियां बदल सकती हैं, लेकिन सच नहीं बदलता।

# शांति योजना पर मिलकर काम करेंगे यूक्रेन, यूरोपीय देश : जेलेंस्की

लंदन, (वार्ता/शिन्हुआ)

यूक्रेन के राष्टपति वोलोदिमीर ज़ेलेंस्की ने रूस के साथ संघर्ष विराम की संभावनाओं को लेकर कहा है कि यूक्रेन और यूरोपीय देश अमेरिका की ओर से प्रस्तावित शांति योजना के नये स्वरूप में बदलावों पर मिलकर काम करेंगे। इंटरफैक्स-यूक्रेन न्यूज़ एजेंसी ने यह जानकारी दी है।



श्री ज़ेलेंस्की ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर, फ्रांसीसी राष्टपति इमैनुअल मैक्रों और जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज़ के साथ हुई बैठक के बाद कहा कि यह योजना मंगलवार शाम तक तैयार हो जायेगी। इस शांति योजना को हाल ही में घटाकर 20 बिंदुओं का किया गया था। उन्होंने कहा कि योजना में से ऐसी बातें हटा दी गयी थीं जो खुले रूप से यूक्रेन-विरोधी थीं, लेकिन अब भी यूक्रेनी क्षेत्रों के मुद्दे का कोई हल नहीं निकल सका है। उन्होंने व्हाट्सऐप पर संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा, हम जल्द ही इसे दोबारा देखेंगे और इसे अमेरिका को भेजेंगे।

श्री ज़ेलेंस्की ने यूक्रेन के पुनर्निर्माण के लिये फंडिंग और सुरक्षा गारंटी से जुड़े योजना के प्रावधानों के महत्व पर ज़ोर दिया। उन्होंने कहा, हमें सबसे मज़बूत सुरक्षा गारंटी अमेरिका से मिल सकती है। बेशक, अगर वे सिर्फ़ खोखले वादे न हों बल्कि कानूनी तौर पर बाध्यकारी हों और अमेरिकी संसद से मंजूरी लेकर प्राप्त किये गये हों। इससे पूर्व, श्री ज़ेलेंस्की ने अमेरिका द्वारा प्रस्तावित ढांचे के तहत शांति योजना को लेकर यहां ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी के शीर्ष नेतृत्व के साथ बैठक की। इस बैठक के बाद स्टार्मर सरकार ने एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा कि सभी नेताओं ने यूक्रेन में न्यायपूर्ण और स्थायी शांति की ज़रूरत पर ज़ोर दिया है। इसमें यूक्रेन की सुरक्षा की गारंटी भी शामिल है।

उल्लेखनीय है कि पिछले सप्ताह अमेरिकी और यूक्रेनी प्रतिनिधिमंडलों ने अमेरिका के फ्लोरिडा राज्य के मियामी शहर में क्षेत्रीय मुद्दों और यूक्रेन की सुरक्षा गारंटी को लेकर एक बैठक भी की थी।

### जापान में जोरदार भूकंप से 33 लोग घायल, पीएम ने बनाई इमरजेंसी टास्क फोर्स

**टोक्यो।** बीती रात जापान में आए 7.5 की तीव्रता वाले भूकंप से लोग अभी भी दहशत में है। भूकंप के बाद जापान के तटीय इलाकों में सुनामी ने भी दस्तक दे दी है। इस आपदा ने पूरे जापान को हिलाकर रख दिया है। जापान की प्रधानमंत्री साने ताकाइची इमरजेंसी टास्क फोर्स का गठन किया है। सड़के धंसने से लेकर इमारतें क्षतिग्रस्त होने तक, जापान से चौंकाने वाली तस्वीरें सामने आ रही हैं। भूकंप के कारण 33 लोगों के जख्मी होने की सूचना है, जिनमें से 1 की हालत गंभीर है। फायर और आपदा प्रबंधन एजेंसी ने यह जानकारी दी है। प्रधानमंत्री साने ताकाइची ने मीडिया से बातचीत के दौरान बताया कि इमरजेंसी टास्क फोर्स बनाई गई है। हमारे लिए लोगों की जिंदगी ज्यादा जरूरी है और उनकी जान बचाने के लिए हम सबकुछ करेंगे। क्षेत्र के परमाणु ऊर्जा संयंत्रों की सुरक्षा जांच की जा रही है।

# आत्मसमर्पण करने वाली वामपंथी उग्रवादियों को पूरी मदद दे रही है सरकार: राय

नयी दिल्ली, (वार्ता)

केंद्र सरकार ने कहा है कि देश में वामपंथी उग्रवाद को खत्म करने की नीति के तहत बड़ी संख्या में प्रतिवाद करने वाले उग्रवादियों की मुठभेड़ में मौत हो गयी है और हज़ारों को गिरफ्तार किया गया है। इसके साथ ही आत्मसमर्पण करने वाले उग्रवादियों को जीवन की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए हर उन्हें तरह से मदद दी जा रही है। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने लोकसभा में एक पूरक प्रश्न के जवाब में कहा कि वामपंथी उग्रवादियों को लोकतंत्र पर भरोसा नहीं है। सरकार वामपंथी उग्रवाद को पूरी तरह से खत्म करने की कार्रवाई तेजी से कर रही है। उनका कहना था कि वामपंथी उग्रवाद 1967 में शुरू हुआ और अब इसे मार्च 2026 तक पूरी तरह से खत्म कर दिया जाएगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जून 2019 से अब तक 19 नक्सली नेता मारे जा चुके हैं और हजारों उग्रवादियों को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। उनका कहना था कि जो उग्रवादी आत्म समर्पण



कर रहे हैं उन्हें सरकार आर्थिक सहायता उपलब्ध करा रही है ताकि वे आम जीवन धारा से जुड़ सकें। इसके लिए उन्हें भूमि दी जा रही है, उनके बच्चों को मुफ्त शिक्षा दी जा रही है और चिकित्सा की निशुल्क व्यवस्था की गई है। उन्हें कुटीर उद्योगों से जोड़ा जा रहा है और आवासीय भूमि देकर उन्हें बसाने का काम सरकार कर रही है। इस वर्ष अब तक 2000 से अधिक माओवादी उग्रवादी आत्म समर्पण कर चुके हैं। उन्होंने पूर्ववर्ती सरकारों पर वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया और कहा कि इसके लिए ठोस नीति बनाई होती तो वामपंथी उग्रवाद अब तक खत्म हो गया होता लेकिन अब उनकी सरकार इसके सफाई के लिए पूरी तरह से तैयार है और जो नीति चलाई जा रही है उससे देश को जल्द ही वामपंथी उग्रवाद से मुक्ति मिल जाएगी। श्री राय ने कहा कि वामपंथी उग्रवाद से पहले देश के 10 राज्य प्रभावित थे जो अब कम होकर पांच रह गए हैं। इनमें भी इस उग्रवाद के खिलाफ तेजी से कार्रवाई चल रही है।

# ट्रंप ने भारत पर नये आयात शुल्क लगाने की धमकी दी

वाशिंगटन, (वार्ता)

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कृषि आयातों पर नए शुल्क लगाने की धमकी दी है, जिसमें भारत से आने वाले चावल और कनाडा से आने वाला उर्वरक विशेष रूप से शामिल हैं, क्योंकि दोनों देशों के साथ व्यापार वार्ताएं लंबी खिंच रही हैं। श्री ट्रंप ने व्हाइट हाउस में अमेरिकी किसानों के लिए अरबों डॉलर के राहत पैकेज की घोषणा करते हुए कहा, भारत को अमेरिका में चावल डंप नहीं करना चाहिए। राष्ट्रपति के ये बयान विदेशी कृषि आपूर्तिकर्ताओं,



खासकर एशियाई देशों जैसे भारत और थाईलैंड, की अमेरिकी सरकार द्वारा की जा रही लंबे समय से आलोचना का एक ही नया और तीखा रूप है। श्री ट्रंप ने कहा कि अमेरिकी किसानों को दिये जाने वाले 12 अरब डॉलर के इस राहत पैकेज कार्यक्रम को विदेशी व्यापारिक साझेदारों से पहले से एकत्र किये गये आयात शुल्क से वित्तपोषित किया जाएगा। राष्ट्रपति ने तर्क दिया कि बढ़ते आयात घरेलू किसानों पर दबाव डाल रहे हैं और अमेरिकी कृषि की रक्षा के लिए वे आयात शुल्क को प्राथमिक उपकरण के रूप में इस्तेमाल करते रहेंगे। ये ताज़ा टिप्पणियां ऐसे समय में आई हैं जब रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भारत की यात्रा पर आए थे, जहां उन्होंने द्विपक्षीय रक्षा और व्यापार संबंधों पर चर्चा की। इस महीने भारतीय और अमेरिकी अधिकारियों के बीच व्यापार वार्ताएं जारी रहने की उम्मीद है।

## फिल्म/टीवी मनोरंजन

## कार्तिक आर्यन ने शुरुआत में 'भूल भुलैया' फ्रैंचाइज़ी में काम के लिए मना किया था

बॉलीवुड स्टार कार्तिक आर्यन ने बताया है कि शुरुआत में उन्होंने 'भूल भुलैया' फ़्रैंचाइज़ी में काम के लिए मना कर दिया था। सऊदी अरब में आयोजित रेड सी इंटरनेशनल फ़िल्म फ़ेस्टिवल में कार्तिक आर्यन ने भारत का प्रतिनिधित्व किया, जहाँ उन्होंने दुनिया भर के दर्शकों और इंडस्ट्री से जुड़े लोगों के साथ बातचीत की। उनकी मौजूदगी ने ग्लोबल प्लेटफ़ॉर्म पर भारतीय सिनेमा की बढ़ती पहचान को और मज़बूत किया। कार्तिक ने सेशन के दौरान खुलासा किया कि शुरुआत में उन्होंने भूल भुलैया फ़्रैंचाइज़ी को ठुकरा दिया था। उन्होंने कहा, जब यह फ़िल्म पहली बार मेरे पास आई, तब कोई कहानी नहीं थी, सिर्फ़ एक सीक्वल का आइडिया था। मैं उत्साहित नहीं था। लेकिन भूषण कुमार सर ने मुझे समझाया, फिर हम सबने मिलकर उस पर काम किया और सब कुछ बदल गया। आज मैं जहाँ भी जाता हूँ, बच्चे मुझे 'रूह बाबा' कहकर बुलाते हैं। मुझे ख़ुशी है कि मैंने यह फ़िल्म की। भूल भुलैया 2 और उसके बाद भूल भुलैया 3 कार्तिक के करियर में मील के पत्थर साबित हुईं। खासकर भूल भुलैया 2, जिसने पोस्ट-कोविड दौर में थिएटरों में बड़ी सफलता हासिल की, दर्शकों को फिर से बड़े पर्दे की तरफ खींचा और कार्तिक की बॉक्स ऑफिस पकड़ को मज़बूती से स्थापित किया। रेड सी इंटरनेशनल फ़िल्म फ़ेस्टिवल में किए गए इस ख़ुलासे ने न सिर्फ़ उनके फ़्रैंचाइज़ी से जुड़े सफ़र की झलक दिखाई, बल्कि उनके वैश्विक प्रभाव को भी रेखांकित किया, जो उन्हें बॉलीवुड के सबसे लोकप्रिय सितारों में से एक बनाता है।





## शकुन बत्रा के साथ अपना अगला प्रोजेक्ट करेंगे अली फजल!

अभिनेता अली फज़ल, निर्देशक शकुन बत्रा के साथ अपना अगला प्रोजेक्ट कर सकते हैं।अली फज़ल,इस समय मिर्ज़ापुर- द मूवी और आमिर ख़ान की आने वाली फ़िल्म लाहौर 1947 की शूटिंग में व्यस्त हैं। वह अब एक नए प्रोजेक्ट को लेकर सुर्खियों में हैं। चर्चा है कि अली फजल जल्द ही शकुन बत्रा के साथ एक नया काम करने वाले हैं। हाल ही में अली ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर सिर्फ इतना लिखा - इट्स ए रैप। इस छोटे से मैसेज ने लोगों के बीच जिज्ञासा बढ़ा दी है कि शायद अली ने चुपचाप कोई नया प्रोजेक्ट पूरा कर लिया है। अब खबर है कि यह प्रोजेक्ट शकुन बत्रा के साथ उनकी नई और अनोखी कोलैबोरेशन हो सकती है। सूत्रों के अनुसार, अली फजल के शकुन बत्रा के साथ एक नई फ़िल्म करने की चर्चा है, जो सोशल मीडिया की दुनिया पर आधारित होगी। अभी तक कोई आधिकारिक ऐलान नहीं हुआ है, लेकिन बताया जा रहा है कि यह फ़िल्म डिजिटल लाइफ की जटिलताओं, दबावों और दोहरेपन को दिखाएगी,जो अली और शकुन दोनों के लिए एक दिलचस्प बदलाव होगा, क्योंकि शकुन अपने गहरे और कैरेक्टर-ड्रिवन स्टोरीटेलिंग के लिए जाने जाते हैं। एक सूत्र ने बताया, अली पिछले कुछ समय से चुपचाप एक बहुत ही दिलचस्प प्रोजेक्ट पर काम कर रहे थे। उनकी इट्स ए रैप पोस्ट ने खबरों को और हवा दे दी है। उन्होंने शकुन बत्रा के साथ मिलकर एक ऐसी फ़िल्म की है जो सोशल मीडिया का असर आज के रिश्तों और पहचान पर कैसे पड़ता है, इसे गहराई से दिखाती है। यह अली के करियर का सबसे अनोखा प्रोजेक्ट हो सकता है और फैन्स अब आधिकारिक घोषणा का इंतज़ार कर रहे हैं।

## केदारनाथ को रचना मेरे लिए अपने-आप में एक भावनात्मक तीर्थयात्रा थी : कनिका ढिल्लन

जानीमानी लेखिका कनिका ढिल्लन का कहना है कि फिल्म केदारनाथ को रचना उनके लिए अपने-आप में एक भावनात्मक तीर्थयात्रा थी। फिल्म केदारनाथ ने अपनी रिलीज़ के सात साल पूरे कर लिये हैं।एक ऐसी फिल्म जिसने अपनी मार्मिक प्रेमकहानी को 2013 उत्तराखंड की विनाशकारी बाढ़ की वास्तविक त्रासदी के साथ संवेदनशीलता से जोड़कर प्रस्तुत किया। दिवंगत सुशांत सिंह राजपूत और सारा अली खान की यह फिल्म न सिर्फ तकनीकी दृष्टि से महत्वाकांक्षी थी, बल्कि भावनात्मक रूप से भी दर्शकों को बेहद छूने वाली रही। यही वह फिल्म थी जिसने सारा अली खान को बॉलीवुड में एक यादगार लॉन्च दिया और उनके नाम सर्वश्रेष्ठ डेब्यू (महिला) का फिल्मफेयर अवॉर्ड दर्ज हुआ। अभिषेक कपूर के निर्देशन में बनी केदारनाथ को समीक्षकों और दर्शकों,दोनों का भरपूर प्यार मिला। लेकिन फिल्म की सबसे मजबूत नींव थी इसका गहन और संवेदनशील लेखन, जिसे रचा था कनिका ढिल्लन ने। कनिका ढिल्लन की कहानी ने इस आपदा को सिर्फ एक विशाल प्राकृतिक घटना की तरह नहीं दिखाया, बल्कि इसे मानवीय संवेदना और प्रेम के साथ जोड़कर एक भावपूर्ण कथा में बदल दिया। फिल्म की आत्मा मांडाकिनी मुख्खू (एक पुजारी की बेटी) और मंसूर खान (एक मुस्लिम पिट्ठू) की प्रेमकहानी में बसती है।एक ऐसा अंतरधार्मिक रिश्ता जो समाज की जड़बद्ध मान्यताओं को चुनौती देता है। ढिल्लन ने इस प्रेम को उस विनाशकारी बाढ़ की पृष्ठभूमि में रखा, जहाँ प्रकृति की शक्ति इंसानी विभाजनों से कहीं बड़ी साबित होती है।



## बोमन ईरानी की हालिया पोस्ट ने अफवाहों का बाजार गर्म किया



बॉलीवुड के जानेमाने चरित्र अभिनेता और निर्देशक बोमन ईरानी की हालिया पोस्ट ने अफ़वाहों का बाज़ार गर्म कर दिया है, और इस बार चर्चा किसी फ़िल्म की नहीं, बल्कि उसके पीछे होने वाली बातों की है। इंटरनेट पर लोग बोमन पोस्ट की पंक्तियों के बीच छिपे इशारों को पढ़ने में व्यस्त हैं। कई लोग सोच रहे हैं कि क्या हमेशा शांत दिखने वाले स्टार धीरे-धीरे उन पर्दे के पीछे की तनातनी और ऑफ-स्क्रीन ड्रामे से दूरी बना रहे हैं, जो अक्सर सार्वजनिक हस्तियों के पीछे चलता रहता है।फ़ैन्स अब यह जानने को उत्सुक हैं कि क्या बोमन ने चुपचाप अपनी सीमाएँ तय कर ली हैं।लगातार शोर से ज़्यादा सुकून चुनते हुए या फिर इसके पीछे कोई गहरी कहानी है जो अभी सामने नहीं आई है। फिलहाल, बोमन इन अटकलों को खुद ही चलने दे रहे हैं, जबकि उनके करीबियों का कहना है कि यह संदेश विवाद से ज़्यादा व्यक्तिगत है। बोमन ईरानी ने अपने 66 वें जन्मदिन से पहले अपनी दूसरी निर्देशकीय फ़िल्म की घोषणा की है। वह प्रभास की आने वाली फ़िल्म 'राजा साब' में भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते नज़र आएंगे।

# मणिनागेन्द्र सिंह फाउंडेशन के तत्वावधान में राज्य स्तरीय जूनियर व्हॉलीबॉल प्रतियोगिता सम्पन्न

## बालक वर्ग एवं, बालिका वर्ग में खेले गए रोमांचक मुकाबले

नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)

मणिनागेन्द्र सिंह फाउंडेशन के तत्वावधान में 6 से 8 दिसंबर तक स्टेडियम ग्राउंड पर आयोजित तीन दिवसीय राज्य स्तरीय जूनियर व्हॉलीबॉल प्रतियोगिता में बालक बालिका वर्ग में रोमांचक मुकाबले खेल प्रेमियों को देखने मिले। दूधिया रोशनी में खेले गए रोमांचक मुकाबलों में दर्शकों को भीषण ठंड का अहसास ही नहीं हुआ। लीग मैच, , क्वार्टर फाइनल, सेमीफाइनल में शानदार प्रदर्शन के जीत दर्ज कर फाइनल में बालक वर्ग में नर्मदापुरम जोन एवं चंबल जोन के मध्य खेले गए रोमांचक मुकाबले में नर्मदापुरम जोन ने जीत दर्ज कर प्रतियोगिता में विजेता रही। बालिका वर्ग में जबलपुर जोन एवं आर सी सी भोपाल के मध्य खेले गए रोमांचक मुकाबले में आरसीसी भोपाल ने विजय श्री हासिल कर प्रतियोगिता की विजेता रही।तीसरे स्थान पर बालक वर्ग में छिंदवाड़ा जोन एवं बालिका वर्ग में चंबल जोन रही।प्रतियोगिता में बालक बालिका वर्ग विजेता



उपविजेता एवं तृतीय स्थान की टीम को मणिनागेन्द्र सिंह फाउंडेशन के संरक्षक पूर्व राज्यमंत्री श्री जालम सिंह पटेल, विधायक श्री विश्वनाथ सिंह, श्री महेंद्र नागेश, जिला अध्यक्ष श्री रामस्नेही पाठक, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्री महंत प्रीतमपुरी, खो खो संघ जिला अध्यक्ष श्री सुनील कोठारी द्वारा इनामी कप एवं ऑफिशियल्स, रैफरी को मोमेंटो प्रदान किया गया। पूर्व राज्यमंत्री श्री जालम सिंह पटेल ने कहा कि आप सभी ऑफिशियल्स कोच रैफरी एवं प्रतियोगिता में लगन से कार्य करने वाले सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप सभी की मेहनत से प्रतियोगिता सफल सम्पन्न हुई। प्रतियोगिता के समापन पर तेंदूखेड़ा विधायक, गोटेगांव विधायक एवं जिला अध्यक्ष श्री रामस्नेही पाठक द्वारा सफल आयोजन हेतु मणिनागेंद्र सिंह फाउंडेशन के सदस्यों की सराहना की।

### राष्ट्रीय टीम के लिए हुई टीम की घोषणा

समापन अवसर पर मध्यप्रदेश वालीबॉल एसोशियेशन के महासचिव एवं भारतीय वालीबॉल एसोशियेशन कोषाध्यक्ष श्री हरिसिंह चौहान की उपस्थिति में होशंगाबाद ज़ोनल सेक्रेटरी मनीष कटारे द्वारा बालक बालिका वर्ग के खिलाड़ियों के नाम की घोषणा की गई।उक्त अवसर पर, नगर पालिका उपाध्यक्ष अजीत सिंह ठाकुर,जिला ओलंपिक संघ अध्यक्ष श्री अजय प्रताप सिंह,वरिष्ठ खिलाड़ी श्री लीलाधर जी पटेल गुंदरई,, मेरसिंह गुमास्ता जी, आदित्य सिंह पटेल,जिला पंचायत सदस्य सीताराम नामदेव जी, खुमान सिंह पटेल,मामा सरदार सिंह जी,विजय लूनावत जी मण्डल अध्यक्ष श्री अंशुल नेमा जी उपस्थित रहे।सभी अतिथियों का स्वागत मणिनागेंद्र सिंह फाउंडेशन, सहयोग क्रीड़ा मण्डल,सहकार सामाजिक संस्था के सदस्यों द्वारापुष्पहार एवं मोमेंटो भेंट कर किया गया।प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश वालीबॉल एसोशियेशन उपाध्यक्ष संतोष राजपूत , रैफरी बोर्ड चेयरमैन पी एन ठाकुर , स्क्रीनिंग एवं जोनल सेक्रेटरी सतना संतोष सिंह रीवा, मदन शर्मा जबलपुर, हरीश परोहा सागर, संतोष सिंह शहडोल ,जिला वालीबॉल संघ सचिव मृदुलेश दुबे,जिला वालीबॉल के वरिष्ठ खिलाड़ी योगेश शर्मा, आयोजन सचिव वालीबॉल जोनल सेक्रेटरी होशंगाबाद मनीष कटारे, खेल युवा कल्याण अधिकारी श्रीमती सुनीता यादव, जिला क्रीड़ा अधिकारी अनुज जैन,खेलो इंडिया की टेक्निकल ऑफिसर डॉ अंजीता वर्मा, खेल समन्वयक, , नरसिंहपुर जिला वालीबॉल के समस्त वरिष्ठ खिलाड़ियों , मणिनागेंद्र सिंह फाउंडेशन, सहयोग क्रीड़ा मण्डल,सहकार सामाजिक संस्था के सदस्य,खेल युवा कल्याण विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग के समस्त खेल व्यायाम शिक्षकों का सहयोग रहा । कार्यक्रम का संचालन संजय चौबे एवं आभार वालीबॉल जोनल सेक्रेटरी प्रतियोगिता के संयोजक मनीष कटारे द्वारा किया गया।



# नरसिंहपुर में दिव्यांगजनों एवं वृद्धजनों का चिन्हांकन और परीक्षण शिविर का हुआ आयोजन

## शिविर में 228 दिव्यांगजनों एवं वृद्धजनों को उपकरण प्रदान करने के लिए हुआ चिन्हांकन

नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)

पूर्व राज्यमंत्री श्री जालम सिंह पटेल, श्री रामसनेही पाठक, अन्य जनप्रतिनिधि, कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने मंगलवार को पीजी कॉलेज नरसिंहपुर के ऑडिटोरियम में भारत सरकार के उपक्रम एलिम्को एडिप एवं वयोश्री योजनांतर्गत दिव्यांगजनों एवं वृद्धजनों को सहायक उपकरण प्रदान करने के उद्देश्य से चिन्हांकन और परीक्षण के लिए आयोजित शिविर में पहुंचे।

शिविर में 228 दिव्यांगजनों एवं वृद्धजनों को उपकरण प्रदान करने के लिए चिन्हांकित किया गया। इस दौरान वाकिंग स्टिक, ट्राईसाईकिल, व्हील चेयर, हियरिंग ऐड, कमर एवं घुटनों के बेल्ट आदि के लिए दिव्यांगजनों एवं वृद्धजनों का चिन्हांकन किया गया है।

इस अवसर पर श्री सुनील कोठारी, श्रीमती संध्या कोठारी, श्री आनंद दुबे, उप संचालक सामाजिक न्याय श्रीमती अंजना त्रिपाठी, फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. धनंजय पटेल व डॉ. राजेंद्र सोनी सहित अन्य अधिकारी- कर्मचारी मौजूद थे।उप संचालक सामाजिक न्याय श्रीमती त्रिपाठी ने बताया कि नगर पालिका करेली के अंतर्गत सोमवारा बाजार में 10 दिसम्बर को, जनपद पंचायत चीचली के अंतर्गत ग्राम पंचायत सूखाखैरी में 11 दिसम्बर को व ग्राम पंचायत शाहपुर में 12 दिसम्बर को और जनपद पंचायत सांईखेड़ा के अंतर्गत जनपद पंचायत सांईखेड़ा में 13 दिसम्बर को चिन्हांकन एवं परीक्षण शिविर लगाए जाएंगे।

# राज्य स्तरीय जूनियर हॉकी प्रतियोगिता 10 से 14 दिसंबर तक

**नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत।** मणिनागेंद्र सिंह फाउंडेशन के तत्वावधान में सहयोग क्रीड़ा मंडल के सहयोग से पूर्व राज्यमंत्री श्री जालम सिंह जी पटेल के संरक्षण में राज्य स्तरीय जूनियर हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन स्थानीय स्टेडियम ग्राउंड पर 10 से 14 दिसंबर तक किया जा रहा है। आयोजन समिति के संचालक श्री मनीष कटारे, पंकज नेमा और विकास शर्मा ने बताया कि खिलाड़ियों के आवास, भोजन एवं परिवहन की समस्त व्यवस्थाएँ फाउंडेशन द्वारा पूरी कर ली गई हैं। जिले के खेलप्रेमियों को इस दौरान रोमांचक हॉकी मुकाबले देखने का अवसर मिलेगा। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 31,000 रुपए और द्वितीय पुरस्कार 21,000 रुपए सहित अन्य आकर्षक पुरस्कार फाउंडेशन द्वारा निर्धारित किए गए हैं। प्रतियोगिता में मणिनागेंद्र सिंह फाउंडेशन नरसिंहपुर, नरसिंहपुर हॉकी अकादमी, जबलपुर, आरडीव्हीव्ही जबलपुर, खरगौन, सागर, सिवनी, बालाघाट, दमोह, देवरी, उज्जैन, उमरिया, गुना, तथा नागदा (इंदौर) की टीमें अपना कौशल प्रदर्शन करेंगी।आयोजन समिति के सदस्य संतोष राजपूत, सुनीता यादव, प्रवीण ठाकुर, संदीप नामदेव सहित फाउंडेशन एवं सहयोग क्रीड़ा मंडल के सदस्यों ने खेलप्रेमियों से खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन हेतु अधिकाधिक उपस्थिति की अपील की है।

## बरमान मेला संबंधी बैठक आज

**नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत।** कलेक्टर एवं अध्यक्ष मेला समिति बरमान श्रीमती रजनी सिंह द्वारा बरमान मेला- 2026 की प्रारंभिक तैयारियों के संबंध में बुधवार 10 दिसम्बर को प्रातः 11 बजे से विश्राम गृह बरमानकलां में आयोजित की जायेगी।

# जिले में यूरिया 1482 मी. टन, डीएपी 2 हजार 518 मी. टन, एनपीके 5 हजार 497 मी. टन और एसएसपी 7 हजार 483 मी. टन भंडारित है

नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)

उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास नरसिंहपुर श्री मोरिस नाथ ने बताया कि सोमवार 8 दिसम्बर 2025 तक जिले में यूरिया 1482 मी. टन, डीएपी 2 हजार 518 मी. टन, एनपीके 5 हजार 497 मी. टन और एसएसपी 7 हजार 483 मी. टन भंडारित है। जिले के 6 मार्कफेड डबल लॉक केन्द्रों में 805 डीएपी, 3 हजार 926 एनपीके और 2 हजार 204 मी. टन एसएसपी उपलब्ध है। इसी तरह पैक्स (समितियों) के 104 केन्द्रों में 1282 मी. टन यूरिया, 1105 मी. टन डीएपी, 899 मी. टन एनपीके और 1954 मी. टन एसएसपी उपलब्ध है। एमपी एग्रो में 20 मी. टन डीएपी, 127 मी. टन एनपीके और 5 मी. टन एसएसपी उपलब्ध है। इसके अलावा निजी विक्रेताओं के पास 200 मी. टन यूरिया, 588 मी. टन डीएपी, 545 मी. टन एनपीके और 3 हजार 320 मी. टन एसएसपी उपलब्ध है।

कलेक्टर के मार्गदर्शन में जिले में किसानों के लिए लगातार उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि जिले में रबी वर्ष 2024- 25 में माह नवंबर तक 16 हजार 548 मी. टन यूरिया का वितरण किया गया था, जबकि इस वर्ष रबी 2025- 26 में माह नवंबर तक 21 हजार 845 मी. टन वितरण गया है, जो गत वर्ष की तुलना में अधिक है। इसी प्रकार रबी वर्ष 2024- 25 में माह दिसम्बर तक 11 हजार 662 मी. टन डीएपी का वितरण किया था, जबकि इस रबी 2025- 26 में माह दिसम्बर तक 11 हजार 925 मी. टन भंडारण किया गया है, जो गत वर्ष की तुलना में अधिक है। जिले में लगातार किसानों के लिए उर्वरकों की रैक प्राप्त हो रही है। नरसिंहपुर रैक प्वाइंट पर इफको कम्पनी का डीएपी 3800 मी.टन रैक प्राप्?त हो गई है। जिसे मार्कफेड गोदाम, समितियों, एमपीएग्रो एवं निजी विक्रेताओं पर भंडारण कराया जा रहा है। शासन के निर्देशानुसार गर्वमेंट क्षेत्र में 70 प्रतिशत और प्राईवेट क्षेत्र में 30 प्रतिशत प्रदाय किया गया है। जिले में उर्वरक का भंडारण है। जिले में डबल लॉक केन्द्र से सभी सहकारी समितियों को यूरिया की आपूर्ति की जा रही। जो किसान समिति के सदस्य है, वे अपनी- अपनी समितियों से उर्वरक क्रय करें तथा शेष किसान जिले के डबल लॉक केन्द्रों, विपणन सहकारी समिति एमपी एग्रो एवं निजी विक्रेताओं के यहां से उर्वरक क्रय कर सकते हैं।

किसानों से आग्रह किया गया है कि खाद से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या एवं खाद मिलने में असुविधा संबंधी सूचना श्रीमती सुनीता मवासे पटेल के मो. 9131655751 अनुविभागीय कृषि अधिकारी उपसंभाग नरसिंहपुर (नरसिंहपुर, करेली एवं गोटेगांव) और अनुविभागीय कृषि अधिकारी उपसंभाग गाडरवारा श्रीमती पूजा पासी के मो. 9827576645 (चीचली, चॉवरपाठा व सांईखेडा) पर दे सकते हैं।

# जिले में पंचायतों के उप निर्वाचन वर्ष 2025 (उत्तरार्द्ध) के निर्वाचन की सूचना जारी

**नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत।** मप्र राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल एवं कार्यालय कलेक्टर (स्थानीय निर्वाचन) नरसिंहपुर के अनुसार पंचायतों के उप निर्वाचन वर्ष 2025 (उत्तरार्द्ध) के चुनाव कराये जाने हैं। इसके लिए 8 दिसम्बर 2025 को निर्वाचन की सूचना जारी की गई है। अतः उक्त तिथि से जिन जनपद पंचायतों के ग्रामों में उप चुनाव होने हैं उन स्थानों पर आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो गई है। जिले की जनपद पंचायत नरसिंहपुर की ग्राम पंचायत बारूरेवा, सिमरिया व खमरिया (न.), करेली की ग्राम पंचायत रांकई, गोटेगांव की ग्राम पंचायत देवनगर पुराना, सिमरिया व श्रीनगर, चीचली की ग्राम पंचायत खड़ई व खला चांवरपाठा की ग्राम पंचायत अजंसरा व चिर्रिया और सांईखेड़ा की ग्राम पंचायत देतपोन में उप निर्वाचन वर्ष 2025 (उत्तरार्द्ध) के चुनाव सम्पन्न किया जाएगा। जिला दण्डाधिकारी नरसिंहपुर श्रीमती रजनी सिंह ने शस्त्र अधिनियम 1959 के प्रावधानों के तहत उक्त जनपद पंचायतों के ग्रामों के शस्त्र लायसेंसधारियों को जारी शस्त्र लायसेंस निर्वाचन अधिसूचना 8 दिसम्बर 2025 से निर्वाचन परिणाम 5 जनवरी 2026 तक के लिए तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का आदेश जारी किया है। उक्त सभी शस्त्र लायसेंसधारी उनके लायसेंस में दर्ज सभी शस्त्र संबंधित थाने में तीन दिवस के भीतर अनिवार्य रूप से जमा कर पावती प्राप्त करेगें। साथ ही जिन ग्राम पंचायत/ जनपद पंचायत के सीमा क्षेत्रों में चुनाव संपन्न होने हैं, वहां किसी भी प्रकार के अस्त्र-शस्त्र प्रवेश धारण करना वर्जित होगा। आदेश का उल्लंघन पाये जाने पर संबंधित शस्त्र लायसेंसधारियों के विरूद्ध सख्त वैधानिक कार्यवाही की जावेगी। यह आदेश बैंक सुरक्षा गार्ड, शासन के स्वीकृत गार्ड, सुरक्षा बलों, पुलिस सुरक्षा बलों व अर्द्धसैनिक बलों पर लागू नहीं होगा।

# नगर निगम आयुक्त ने की राजस्व वसूली की समीक्षा

## लोक अदालत में नगर निगम से संबंधित प्रकरणों का कराये निराकरण : आयुक्त

**सिंगरौली।** नगर निगम आयुक्त श्रीमती सविता प्रधान ने आगामी 13 दिसम्बर को आयोजित होनी वाली लोक अदालत के तैयारियो सहित राजस्व वसूली की समीक्षा की। उन्होने निर्देश दिए कि बड़े बकायेदारों से कड़ाई कर करों की वसूली करे। बैठक में आयुक्त ने वार्डवार वसूली एवं डिमांड की जानकारी लेकर डिमांड के विरूद्ध वसूली करने के निर्देश दिए। उन्होंने उपायुक्त एवं राजस्व



अधिकारी आर पी बैस को निर्देश दिए कि आगामी 13 दिसम्बर को आयोजित होने वाली लोक अदालत का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार कराकर बकायेदारो को लोक अदालत में मिलने वाली छूट का लाभ उठाने के लिए प्रेरित करे। साथ ही निर्देश दिए कि राजस्व निरीक्षको के माध्यम से सम्पत्ति कर, भू भटक, जल कर दुकान किराया का अधिक से अधिक नोटिस तामिल कर प्रकरणो का लोक अदालत के माध्यम से निराकरण कराये। निगमायुक्त ने निर्देश दिए कि प्रत्येक वार्ड प्रभारी डिमांड के विरूद्ध मकान की संख्या एवं सम्पत्ति करदाता के संबंध में मांग पंजी से मिलान करें। साथ ही वसूली में तेजी लाने जोर लगाए।उन्होंने वित्तीय वर्ष पर शत प्रतिशत वसूली के निर्देश दिये।आयुक्त ने निर्देश दिए कि प्रत्येक वार्ड प्रभारी घर-घर जाकर वसूली करे, उन्होंने ये भी कहा कि अगर कोई करदाता टैक्स देने में आना कानी करते है उनके विरूद्ध कुर्की की कार्यवाही प्रस्तावित करे।

# हीरा ज्वेलर्स का बंपर ड्रा खोला गया

## समक्ष मालवीय सहावन को पहला इनाम कार मिली

**गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।** हीरा ज्वेलर्स गाडरवाड़ा प्रा. लि. द्वारा आयोजित बंपर महा ड्रॉ 7 दिसंबर को होटल हीरा पार्क में खोला गया । बंपर महा ड्रॉ के मौके पर आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुनीता पटेल, पूर्व विधायक दीनदयाल ढिमोले, नरेश पाठक, उद्योगपति विनीत महेश्वरी, सुभाष जैन, नया सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष नारायण सोनी ने हीरा ज्वेलर्स द्वारा ग्राहकों के लिये किये गए उपहार ड्रा योजना की प्रशंसा की और उन्होंने कहा कि पूरे महाकौशल क्षेत्र में हीरा ज्वेलर्स ने ख्याति अर्जित की है उनकी विश्वसनीयता का परिणाम है कि आज जिनेश जैन सजल जैन। हीरा ज्वेलर्स ने एक अलग ही मुकाम हासिल किया है । स्वागत भाषण में हीरा ज्वेलर्स के संचालक जिनेश जैन ने बताया कि ग्राहकों की संतुष्टि ही हमारी सफलता का परिणाम है । ग्राहकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए हम एक ओर नए शोरूम का नगर में जल्द शुभारंभ करने वाले है । महा बम्पर ड्रा का कूपन एक छोटी सी बच्ची से निकलवाया गया । इस ड्रा में मुख्य पुरस्कार किसना डायमंड द्वारा 1 कार का बंपर इनाम समक्ष मालवीय साहावन साले चोका को मिला।

2 होंडास्कूटी में भूपेंद्र पटेल थलवाड़ा एवं हरप्रसाद विश्नोई गाडरवारा विजेता बने । सपोर्टिंग योजना के अंतर्गत निकले सभी इनामों का वितरण भी किया गया जिसमे 1 ग्राम 24 कैरेट गोल्ड कॉइन 11 भाग्यशाली विजेताओं दिए गए जिसमे संजय भार्गव, महेश अधरुज, चंदहास तोमर, स्वाती अरेले, जयहिंद राजपूत, प्रोहित ढिमोले, राजेन्द्र रघुवंशी, विनोद कौरव, स्वाती कौरव, योगेश कौरव, रामदीन रघुवंशी विजेता रहे।

# एनटीपीसी विंध्याचल में परियोजना.स्तरीय क्वालिटी सर्कल कन्वेंशन 2025 का सफल आयोजन

सिंगरौली (स्वतंत्र मत)

एनटीपीसी विंध्याचल में दिनांक 8 दिसंबर 2025 को परियोजना.स्तरीय क्वालिटी सर्कल ;फब्द्ध कन्वेंशन का सफल आयोजन किया गया। यह आयोजन नवाचारए सतत सुधार एवं कर्मचारी.प्रेरित परिवर्तन के प्रति स्टेशन की मजबूत प्रतिबद्धता को और सशक्त बनाता है। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुईए जिसका नेतृत्व श्री संजीब कुमार साहाए परियोजना प्रमुख;विंध्याचलद्ध ने वरिष्ठ अधिकारियों श्री एण् जेण् राजकुमारए महाप्रबंधक ;प्रचालन एवं अनुरक्षणद्धए श्री सत्येंद्र कुमार सिन्हाए महाप्रबंधक ;प्रचालन एवं एफएमद्धए डॉण् बीण्केण् भरालीए महाप्रबंधक ;चिकित्साद्ध एवं श्री देबब्रत त्रिपाठीए महाप्रबंधक ;तकनीकी सेवाएँद्ध की उपस्थिति में किया। अपने प्रेरणादायी संबोधन में श्री साहा ने क्यूसी टीमों के सतत प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि क्वालिटी सर्कल संचालन उत्कृष्टता और कार्यस्थल सुधार को बढ़ावा देने का महत्वपूर्ण माध्यम है।

इस अवसर पर कुल 14 ऊर्जावान क्यूसी टीमों ने कार्यस्थल चुनौतियों के लिए अपने अभिनव समाधान प्रस्तुत किएए जो विंध्याचल की सहयोगात्मक एवं समस्या.समाधान की संस्कृति को दर्शाते हैं। प्रस्तुतियों का मूल्यांकन प्रतिष्ठित जूरी श्री सुमित्र घोषए अपर महाप्रबंधक ;सी एंड आई मेंटेनेंसद्धए एनटीपीसी सिंगरौलीए श्री रत्नाकरए अपर महाप्रबंधक ;वीएसआर ओवरहालिंगद्ध एवं श्री रंजन कुमारए अपर महाप्रबंधक ;हरित रसायनद्ध एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा किया गया। समापन समारोह में परिणाम घोषित किए गएए जिसमें टीम श्विंध्य टाइटन्सश् ने विजेता का स्थान प्राप्त किया। टीम श्नवीनश् प्रथम उप.विजेता तथा टीम श्रसायनमश् द्वितीय उप.विजेता रहीं। इसके अतिरिक्त प्रगति चक्रए वोल्कैनो एवं तरंग टीमों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए। उत्साहपूर्ण सहभागिता और प्रभावी नवाचारों के साथ यह क्यूसी कन्वेंशनए बिजनेस एक्सीलेंस की दिशा में विंध्याचल की निरंतर प्रगति को एक बार फिर रेखांकित करता है।

# जनसुनवाई में आये 125 आवेदन पत्रों की सुनवाई हुई

**नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में आवेदकों ने विभिन्न विषयों से संबंधित आवेदन पत्र प्रस्तुत किए। जनसुनवाई में विभिन्न समस्याओं से संबंधित कुल 125 आवेदन पत्र प्राप्त हुए। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का तत्काल निराकरण किया। उन आवेदन पत्रों को निर्धारित समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जिला पंचायत सीईओ श्री गजेन्द्र सिंह नागेश सहित अन्य विभागीय अधिकारियों ने भी जनसुनवाई में लोगों की समस्याएं सुनी।

# महाविद्यालय में प्रतियोगिताओं के पुरस्कार वितरित

**गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।** स्थानीय महाराणा प्रताप शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गाडरवारा में मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशों के परिपालन में रेड रिबन क्लब प्रभारी डॉक्टर दर्शन सिंह किरार द्वारा एड्स पखवाड़ा अंतर्गत महाविद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया एवं सभी प्रतियोगिताओं में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरण प्राचार्य डॉ. पी.एस. कौरव एवं हिंदी विभागध्यक्ष डॉ. जवाहरलाल शुक्ला के द्वारा प्रमाण पत्र, पेन, डायरी आदि सामग्री पुरस्कार के रूप में वितरित की गयी द्य प्रतियोगिताएं जैसे- पोस्टर निर्माण-प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पूजा वर्मा, द्वितीय स्थान सोनाली रजक, तृतीय स्थान नेहा कौरव, निबंध प्रतियोगिता-में प्रथम



स्थान पिंकी राजपूत, द्वितीय स्थान दिव्या राजपूत, और तृतीय स्थान प्रियंका धानक स्लोगन निर्माण प्रतियोगिता-में प्रथम स्थान यशोदा खंगार, द्वितीय स्थान चेष्टा भार्गव, एवं तृतीय स्थान सोनाली रजक, भाषण प्रतियोगिता- में प्रथम स्थान चेष्टा भार्गव, द्वितीय स्थान पर अनीता जाटव इसी प्रकार रंगोली प्रतियोगिता -में प्रथम स्थान संध्या धानक द्वितीय स्थान स्मिता पटेल एवं तृतीय स्थान पर पूजा कौरव का रहा द्य कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी एवं रेड रिबन क्लब प्रभारी डॉ. दर्शन सिंह किरार के द्वारा किया गया कार्यक्रम में प्रो.एस के नायक डॉ. टीकाराम,डॉ कमलेश डेहरिया, डॉ. सोनिका सहाय,डॉ. अरुणिमा नामदेव तथा राष्ट्रीय सेवा योजना एवं महाविद्यालीन विद्यार्थी प्रिया दुबे,अनीता चौधरी, प्रतिभा राजपूत पूजा वर्मा श्रद्धा चमार, संजीव केवट, आकाश धानक उपस्थित थे।


# न्यायालय नजूल अधिकारी नरसिंहपुर

**सार्वजनिक उद्घोषणा**

रा.मा.क्र. अ-20(1)/सन् 2025-26

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार स्थायी पट्टाधिकार को भूमिस्वामी अधिकार में संपरिवर्तन की कार्यवाही म.प्र. नजूल भूमि निर्वर्तन निर्देश 2020 के अंतर्गत स्थायी पट्टाधिकार को भूमिस्वामी अधिकार में संपरिवर्तन इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। कोई हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 29/12/2025 को प्रातः 11 बजे स्थान नरसिंहपुर में इस न्यायालय के समक्ष या स्वंय या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिये गये हों या वैध प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन प्रकरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

**अनुसूची**

| नजूल शीट क्र. | नगरीय क्षेत्र का नाम | प्लाट क्र. | रकबा | विद्यमान अभिलेख में धारक धारकों के नाम/पिता/माता का नाम पूर्ण नाम पता | उस व्यक्ति/व्यक्तियों का नाम/पिता माता का नाम पूर्ण नाम पता जिनके पक्ष में प्रकरण विचाराधीन है |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 05 | कंदेली | 18/20 | 1500 वर्गफुट | श्रीमति लक्ष्मी सराफ पत्नि स्व. चंद्रप्रकाश सराफ निवासी शंकराचार्य वार्ड कंदेली | श्रीमति लक्ष्मी सराफ पत्नि स्व. चंद्रप्रकाश सराफ निवासी शंकराचार्य वार्ड कंदेली |

आज दिनांक 08/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय पदमुद्रा के अधीन जारी किया गया।

नजूल अधिकारी, नरसिंहपुर



# न्यायालय नजूल अधिकारी नरसिंहपुर

**सार्वजनिक उद्घोषणा**

रा.मा.क्र. अ-20(1)/सन् 2025-26

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार स्थायी पट्टा नवीनीकरण की कार्यवाही इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। कोई हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 29/12/2025 को प्रातः 11 बजे स्थान नरसिंहपुर में इस न्यायालय के समक्ष या स्वंय या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिये गये हों या वैध प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन प्रकरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

**अनुसूची**

| नजूल शीट क्र. | नगरीय क्षेत्र का नाम | प्लाट क्र. | रकबा | विद्यमान अभिलेख में धारक धारकों के नाम/पिता/माता का नाम पूर्ण नाम पता | उस व्यक्ति/व्यक्तियों का नाम/पिता माता का नाम पूर्ण नाम पता जिनके पक्ष में प्रकरण विचाराधीन है |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 12 | कंदेली | 81/3 | 1170.80 वर्गफुट | शैलेश सराफ आ चंद्रप्रकाश सराफ सा. कंदेली | शैलेश सराफ आ चंद्रप्रकाश सराफ सा. कंदेली |

आज दिनांक 08/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय पदमुद्रा के अधीन जारी किया गया।

नजूल अधिकारी, नरसिंहपुर

# अतिथि शिक्षकों को दो माह का दिलायें मानदेय

## जनसुनवाई में अधिकारियों ने सुनीं 137 आवेदकों की समस्यायें

कटनी (स्वतंत्रमत)।

कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में अधिकारियों ने यहां पहुंचे 137 आवेदकों की समस्यायें व शिकायते सुनीं और संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिये। इस दौरान अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्रा, संयुक्त कलेक्टर जितेन्द्र पटेल, डिप्टी कलेक्टर द्वय विंकी सिंहमारे उईके एवं ज्योति लिल्हारे मौजूद रहे। जनसुनवाई के दौरान वार्ड क्रमांक 12, ग्राम पंचायत बिलहरी निवासी राजेन्द्र प्रसाद सेन ने अधूरी पड़ी सड़क को पूरा कराने हेतु आवेदन देते हुये कहा कि मेरे वार्ड में 1 माह से सड़क निर्माण का कार्य अधूरा पड़ा हुआ है। जिससे ग्रामवासियों को आने-जाने में समस्या का सामना करना पड़ता है। इस पर जनपद पंचायत रीठी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये।



### किसान सम्मान निधि की राशि दिलायें

ग्राम धूरी निवासी रामस्वरूप विश्वकर्मा ने बताया कि पात्र होने के बावजूद पिछले 6 माह से मुझे पीएम किसान सम्मान निधि एवं सीएम किसान कल्याण की राशि नहीं मिल रही है। इसे पुनः चालू करवा दीजिये। इस पर अधीक्षक भू-अभिलेख को पात्रतानुसार योजना का लाभ दिलाने के निर्देश दिये गये।

### आंगनबाड़ी सहायिका के पद पर नियुक्ति दिलायें

जनसुनवाई के दौरान जारारोड़ा तहसील विजयराघवगढ़ निवासी प्रिया गुप्ता ने बताया कि मैंने आंगनबाड़ी सहायिका के पद के लिये आवेदन दिया था। परंतु, मैरिट सूची में प्रथम स्थान प्राप्त करने के बावजूद मुझे अभी तक नियुक्ति नहीं मिली है। जिला परियोजना कार्यालय द्वारा बताया गया कि आपके प्रति दावा-आपत्ति के कारण नियुक्ति नहीं हुई है। मेरे दस्तावेज में किसी भी प्रकार की त्रुटि नहीं है। इसलिए मुझे नियुक्ति दी जाये। इस पर महिला एवं बाल विकास को उचित कार्यवाही कर शिकायत का निराकरण करने के निर्देश दिये गये। जनसुनवाई के दौरान शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नैगवां में पदस्थ रामकेत द्विवेदी, जयप्रकाश पटेल, शिवाकांत मिश्रा, अनिल कुमार यादव एवं अन्य अतिथि शिक्षकों ने अगस्त एवं नवंबर माह का बकाया मानदेय दिलाये जाने की मांग करते हुये बताया कि हमारा विद्यालय दूरस्थ जंगल के बीच में स्थित है।

जिस कारण यहां पर किसी भी टेलीकॉम ऑपरेटर का नेटवर्क नहीं मिलता है। इस वजह से यहां कार्यरत अतिथि शिक्षक ई-अटेंडेंस नहीं लगा पा रहे हैं। जिससे वेतन भुगतान में विलंब हो जाता है। इस पर जिला शिक्षा अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये।

# धान उपार्जन का फर्जी पंजीयन निरस्त

## तीन दिन में जवाब प्रस्तुत नहीं करने पर होगी कार्रवाई

कटनी (स्वतंत्रमत)।

खरीफ विपणन वर्ष के दौरान रीठी तहसील में धान खरीदी पंजीयन में धोखाधड़ी के मामले में कलेक्टर आशीष तिवारी ने रीठी के कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी व बिलहरी के नायब तहसीलदार के संयुक्त दल द्वारा पूरे मामले की जांच कराने के बाद कूटरचना करते हुये धान का फर्जीपंजीयन कराने के मामले में लिप्त कम्प्यूटर ऑपरेटर प्रीतम सिंह लोधी, मीरा बाई पति विनोद कुमार, सम्पत अग्रवाल और रन्जना अग्रवाल को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुये सभी से 3 दिन में समक्ष में उपस्थित होकर जवाब देने के निर्देश दिये थे। जिला आपूर्ति अधिकारी ने चारों को जिला खाद्य कार्यालय में उपस्थित होकर तीन दिवस के अंदर अपना जवाब प्रस्तुत करें नियत अवधि में जवाब प्रस्तुत नहीं करने की दशा में उनके विरुद्ध एकपक्षीय कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने ग्राम निटर्रा निवासी मीराबाई पत्नी गुलाब सिंह द्वारा धान पंजीयन के संबंध में की गई शिकायत के मामले की जांच कराने पर पाया कि मीराबाई पत्नी विनोद कुमार के नाम पर पंजीयन हैं जिसका कुल पंजीकृत रकबा 19.37 हेक्टेयर है। दिलचस्प पहलू यह है कि पंजीयन में मीराबाई पत्नी विनोद कुमार के अलावा रीठी तहसील के विभिन्न ग्रामों की मीराबाई नाम की भू-स्वामियों की भी जमीनें बिना उनकी सहमति से जोड़े गये थे।




जांच दल की अनुशंसा पर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर किए गए इस पंजीयन को निरस्त करने हेतु आयुक्त खाद्य भोपाल को तत्काल प्रस्ताव भेज दिया गया था। उल्लेखनीय है कि इस मामले में रीठी के तहसीलदार संदीप सिंह ठाकुर व नायब तहसीलदार इसरार खान द्वारा खसरा सत्यापन में लापरवाही करने पर कारण बताओ नोटिस जारी कर 3 दिन में जवाब मांगा गया था।

# हितग्राहियों से पल्लेदारी के नाम पर वसूली

## धान खरीदी केंद्र रैपुरा का मामला



कटनी (स्वतंत्रमत)।

जहां एक ओर किसानों के लिए सरकार कई प्रकार की सुविधा दे रही है वही पन्ना जिला के रैपुरा तहसील अंतर्गत आने वाले प्राथमिक कृषि शाख सहकारी समिति मर्यादित फतेपुर धान खरीदी केंद्र कृषि उपज मंडी रैपुरा धान खरीदी केंद्र क्रमांक एक में किसानों ने खरीदी केंद्र प्रभारी कैलाश विश्वकर्मा के ऊपर आरोप लगाते हुए कहा है की धान खरीदी प्रभारी कैलाश विश्वकर्मा द्वारा पहले तो धान को मंडी में दिनांक 3 दिसंबर को तुलवाने के लिए रखवा लिया गया और दिनांक ७ तक धान को नहीं तोला गया है वही पल्लेदारी के नाम पर प्रति बोरी 7 रुपए की मांग की जा रही हैं और धान की तुलाई 41200 प्रति बोरी ली जा रही है जो की पूर्ण रूप से गलत है, जबकि शासन की ओर से किसानों के लिए निशुल्क पल्लेदारी की व्यवस्था की जाती है वही इस विषय पर खरीदी प्रभारी कैलाश विश्वकर्मा से बात करने पर उन्होंने कहा कि उक्त व्यक्तियों द्वारा जो भी आरोप लगाए जा रहे हैं वह निरर्थक हैं, इस प्रकार से किसानो से पल्लेदारी और अतिरिक्त धान तुलाई ली जा रही है।



### शेरू के बिछौना का नि:शुल्क वितरण

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** गत वर्षों की भांति 2025 में भी हमारी सोसायटी द्वारा मूक पशुओं स्ट्रीट डॉग्स के लिए ठंड से बचाव हेतु शेरू के बिछौना का नि:शुल्क वितरण किया जा रहा है। ये वही निष्ठावान स्ट्रीट डॉग्स हैं जो हमारी गलियों की नि:शुल्क चौकीदारी करते हैं और बदले में सिर्फ प्यार चाहते हैं। इस वर्ष भी कड़ाके की ठंड को ध्यान में रखते हुए उन मूक जीवों के लिए यह बिछौना उपलब्ध कराया जा रहा है जिनके पास रात में ठंड से बचने का कोई आसरा नहीं है। जो भी पशु-प्रेमी इसे अपने घर के बाहर शेरू का बिछौना रखना चाहते है, तो कृपया नीचे दी गई जानकारी व्हाट्सएप्प नंबर पर भेजकर अपना बिछौना सुनिश्चित करें।

# वार्षिक उत्सव समारोह में बच्चों ने मनमोहा

## ग्रेस मिशन स्कूल में हुआ आयोजन

कटनी (स्वतंत्र मत)।

स्लीमनाबाद प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी ग्रेस मिशन स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जहां पर एसडीएम राकेश चौरसिया, जिला शिक्षा अधिकारी श्याम सिंह मरावी, जिला पंचायत सदस्य प्रदीप त्रिपाठी, प्राचार्य आर भारद्वाज, पत्रकार अरविंद अग्रहरि की उपस्थिति में दीप प्राजवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर एसडीएम चौरसिया ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती और हर बच्चे में कुछ ना कुछ प्रतिभा होती है और यही प्रतिभा उस बच्चे का परिवार का और स्कूल का नाम रोशन करती है जिला पंचायत सदस्य प्रदीप त्रिपाठी ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ हमें हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा को दिखाना चाहिए तभी हम हर रूप में निखर कर सामने आएंगे वहीं प्राचार्य भारद्वाज ने कहां की स्कूल पढ़ने वाले छात्रों के प्रति हमारी जवाबदेही है कि हम उन्हें एक सही दिशा निर्देश देते हुए उनके उत्तरोत्तर विकास हेतु संकल्पित है आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्कूल के छात्र-छात्राओं ने शानदार कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी बच्चों ने जहां नृत्य नाटक और समाज मैं आ रही विसंगतियों को दूर करने जैसी प्रस्तुति देकर उपस्थित जन समुदाय का मन मोह लिया इस अवसर पर सर्वाधिक अंक लेकर जिले की टॉप 10 सूची में नाम दर्ज करने वाले छात्र हर्ष चौबे क्रिकेट में राष्ट्रीय स्तर पर खेल कर स्कूल को गौरवांवित करने वाली छात्र वंशिका दुबे दौड़ में वंश दुबे को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावक गढ़ मौजूद रहे जिनका स्कूल प्रबंधन योगेश दुबे, अभिनव चौबे, पिंटू भैया, अभिषेक सिंह ने आत्मीय स्वागत किया कार्यक्रम का कुशल संचालन मीरा राजद्वार, रागिनी मौर्य, मैडम दीक्षा उरमलिय, वंशिका दुबे द्वारा किया गया आभार प्रदर्शन विद्यालय प्रचार।






# ट्रांसफार्मर में लगी आग से अफरातफरी

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** हेड पोस्ट ऑफिस के सामने मुख्य मार्ग पर ट्रांसफार्मर में आग लगने की खबर से इलाके में अफरा-तफरी मच गई और वाहनों का आवागमन रुक गया। देखा जा रहा है की शहर के व्यस्ततम इलाके में कई जगहों पर ट्रांसफार्मर खुले पड़े हैं, जो खतरा पैदा कर रहे हैं। व्यस्ततम मार्ग हेड पोस्ट ऑफिस के सामने में लगे ट्रांसफार्मर में आग लगने की घटना के बाद मुख्य मार्ग से होकर गुजरने वाले वाहनों के पहिए जहां के तहां थम गए। ट्रांसफार्मर से उठती तेज लपटे और धुएं का गुबार देख लोग भयभीत हो गए। नागरिकों का कहना है बाजार में कई जगह पर ऐसी स्थितियां हैं जहां पर ट्रांसफार्मर खुले पड़े रहते हैं और वह हर समय किसी न किसी बड़ी अनहोनी को आमंत्रण देते रहते हैं। सवाल उठता है ऐसी स्थितियों में मौजूद ट्रांसफार्मर को व्यवस्थित करने के लिए आखिर जिम्मेदार अधिकारी ध्यान यों नहीं देते यह बात समझ से परे है।

# झपावन नदी के जीर्णोद्धार से कुंड का फूटा जलस्त्रोत, नदी में फिर लौटी जीवनधारा

## नगर परिषद अध्यक्ष राजेश्वरी हरीश दुवे के प्रयास से ऐतिहासिक धरोहर पुनर्जीवित

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** विजयराघवगढ़ नगर परिषद द्वारा वार्ड क्र. 6 एवं 14 के मध्य बहने वाली ऐतिहासिक झपावन नदी का व्यापक जिर्णोद्धार कार्य किया गया। मंगलवार को नगर परिषद अध्यक्ष राजेश्वरी हरीश दुवे स्वयं पार्षदों और नगरपालिका टीम के साथ स्थल पर पहुंचीं और संपूर्ण कार्य का निरीक्षण किया। जिर्णोद्धार के तहत जेसीबी मशीन से नदी का गहरीकरण किनारों की सफाई और नाली निकाय का गंदा पानी नदी से पूरी तरह अलग किया गया ताकि झपावन नदी का प्राकृतिक जल प्रदूषण से मुक्त रहे। कुंडों की सफाई के बाद वर्षों पुराना जलश्रोत हुआ सक्रिय झपावन नदी को क्षेत्र की एतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर माना जाता है।



नदी में स्थित तीन प्राचीन कुंड कभी अथाह जल से भरे रहते थे जिनसे निकलने वाला जल नदी को जीवन देता था। लेकिन वर्षों से कुंडों की साफ-सफाई न होने के कारण जलश्रोत बंद हो गए थे। नगर परिषद अध्यक्ष राजेश्वरी दुवे ने स्वयं नदी और कुंडों की सफाई कार्य का नेतृत्व किया।

जैसे ही गाद हटाई गई एक कुंड में दबा हुआ प्राकृतिक जलश्रोत फूट पड़ा और साफ निर्मल पानी नदी की ओर बहने लगा। स्थानीय लोगों ने इसे झपावन से फुटी गंगा जैसा सौभाग्यशाली क्षण बताया।

**ऐतिहासिक धरोहर को संरक्षित करना हमारा दायित्व अध्यक्ष दुबे** - अध्यक्ष राजेश्वरी हरीश दुबे ने कहा झपावन नदी हमारी पहचान और धरोहर है। इसे जीवित रखना हम सबका दायित्व है। कुंड का जलश्रोत पुनः सक्रिय होना हमारी मेहनत और टीमवर्क की बड़ी सफलता है। आने वाले दिनों में नदी के आसपास सौंदर्यीकरण का कार्य भी किया जाएगा। स्थल पर मौजूद जनप्रतिनिधि व अधिकारियों मे नगर परिषद अध्यक्ष राजेश्वरी हरीश दुवे, उपाध्यक्ष पार्षदगण रमाकांत तिवारी, मोहम्मद सफीक, नगर परिषद टीम से बाबा त्रिपाठी, अमित मिश्रा, सुरेंद्र शर्मा, नवीन मलिक।



# बिना अनुमति के शासकीय तालाब से सिंचाई पर किसान की मोटर जब्त

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** बिना अनुमति के शासकीय तालाब से सिंचाई करने पर मंगलवार को तहसील बहोरीबंद के ग्राम सांडा के कृषक किशन यादव पिता भागचंद यादव की मोटर जब्त कर ली गई। एसडीएम बहोरीबंद राकेश चौरसिया ने बताया कि ग्राम सांडा में जनपद पंचायत द्वारा खसरा नंबर 412/1, रकबा 10.58 हेक्टेयर के अंश भाग पर निर्मित तालाब में राजस्व अधिकारियों के निरीक्षण के दौरान कृषक किशन यादव तालाब में 1.5 एचपी की विद्युत मोटर लगाकर अवैध रूप से सिंचाई करते पाये गये। किशन यादव के पास तालाब से सिंचाई की अनुमति या कोई वैध दस्तावेज़ नहीं था। इसके बाद, मौके पर ही 1.5 एचपी की मोटर, 10 फिट लंबे डेलवरी पाइप और 3 फिट लंबे काले पाइप को जब्त कर लिया गया।

# किसान भाई 31 दिसम्बर तक करा सकेंगे रबी फसलों का बीमा

कटनी (स्वतंत्र मत)।



रबी विपणन वर्ष 2025-26 में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत फसलों का बीमा कराने हेतु पंजीयन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इच्छुक कृषक 31 दिसम्बर 2025 तक अपने पटवारी हल्के में अधिसूचित फसलों का बीमा करा सकते हैं। उप संचालक, किसान कल्याण तथा कृषि विकास डॉ. आर एन पटेल ने बताया कि रबी मौसम में सभी अनाज, दलहन, तिलहन फसल हेतु बीमित राशि का अधिकतम 1.5 प्रतिशत मात्र प्रीमियम कृषक भाईयों द्वारा देय है। ऋणी कृषकों ने जिस बैंक से फसल ऋण लिया है वह उस बैंक में अपना बीमा करवायें। जबकि अऋणी कृषक, 31 दिसम्बर 2025 तक किसान क्रेडिट कार्ड पर फसल ऋण प्रदायकर्ता बैंको, सहकारी समितियों तथा अऋणी किसान बैंक, जन सेवा केंन्द्र सीएससी, ग्राम पंचायत स्तर पर जन सेवा केंन्द्र के माध्यम से अपनी फसलों का बीमा करा सकते हैं। बीमा कराने के लिए कृषकों को घोषणा पत्र, आधार कार्ड, जमीन सिकमी होने पर इसका शपथ पत्र, ऋण पुस्तिका, बैंक खाते का विवरण, बुवाई प्रमाण पत्र लेकर जाना होगा। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना रबी वर्ष 2025-26 के तहत किसानों को सिंचित गेहूं हेतु 36 हजार 350 रूपये की बीमित राशि हेतु 545.25 रूपये का प्रीमियम देना होगा। जबकि असिंचित गेहूँ हेतु 26 हजार 250 रूपये की बीमित राशि हेतु 393.75 रूपये, चना हेतु 38 हजार 850 रूपये की बीमित राशि हेतु 282.75 रूपये, मसूर हेतु 28 हजार 350 रूपये की बीमित राशि हेतु 425.25 रूपये, राई व सरसों हेतु बीमित राशि 26 हजार 850 रूपये हेतु 402.75 रूपये एवं अलसी हेतु बीमित राशि 20 हजार 950 रूपये हेतु 314.25 रूपये का प्रीमियम देना होगा।

उपसंचालक डॉ. पटेल ने सभी कृषकों से अनुरोध किया है कि वे अपनी अधिसूचित फसलों का बीमा अवश्य करवायें, जिससे असामान्य परिस्थितियों में होने वाले नुकसान की प्रतिपूर्ति हो सके।

# संस्कृति मंडपम एवं आनंद मेला का आयोजन

## सुदर्शना क्लब के 30 गौरवशाली वर्षो का शानदार सफर पूर्ण होने पर 31वां स्थापना दिवस

कटनी (स्वतंत्रमत)।

सुदर्शन लेडीज क्लब, द्वारा अपनी 31वीं वर्षगांठ पर भव्य संस्कृति मंडपम एवं आनंद मेला का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य हमारी संस्कृति- हमारी विरासत को जीवंत रूप में प्रस्तुत करना रहा। कार्यक्रम अध्यक्ष प्रमुख संरक्षक उद्योगपति बी के भार्गव मुख्य अतिथि के रूप में महापौर प्रीति संजीव सूरी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में संस्कार भारती के अध्यक्ष अशोक तिवारी, राजयोग केंद्र ब्रह्माकुमारी संस्था कटनी की संचालिका लक्ष्मी बहन जी रहीं।





संपूर्ण आयोजन का संचालन संस्था अध्यक्ष मीरा भार्गव दीदी के सक्षम मार्गदर्शन में हुआ, जबकि विशेष रूप से आनंद मेले का संयोजन व्यवस्था प्रभारी टीम की वंदना गेलानी, दीपशिखा शिवहरे, कल्पना कोटक, निकिता कोटक, तनु गुप्ता, नीति वर्मा, दीपाली गुप्ता, प्रभा बरसैंया, निधि जैन, प्रियंका गुप्ता, आशु सुहाने, आकांक्षा बरसैंया ने अपनी गहन तैयारी, उत्कृष्ट समन्वय और समर्पित कार्यशैली से पूरे कार्यक्रम को अद्वितीय सफलता दिलाई। अनेकता में एकता मिसाल इसके साथ ही सुदर्शना लेडीज क्लब की सभी मातृशक्तियों ने अपने सहयोग, श्रम और भागीदारी से आयोजन को और भी भव्य बनाया। मेले में 25 वैविध्यपूर्ण स्टॉल्स लगाए गए, जिन्हें संस्कृति थीम पर सजाया गया, जिससे पूरा परिसर एक जीवंत संस्कृति मंडपम में परिवर्तित हो गया। कार्यक्रम के प्रथम चरण में अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रजज्वलन माल्यार्पण कर संस्था की प्रार्थना का मधुर गायन डॉ अनुपमा भार्गव, अनीता सिजारिया एवं अलका अग्रवाल द्वारा किया गया। इसी क्रम में सरस्वती वंदना पर नृत्य की सुंदर प्रस्तुति प्रियंका गुप्ता द्वारा की गई। दो चरणों में सम्पन्न 6 घंटे चले इस अनूठे सांस्कृतिक कार्यक्रम का सुंदर संचालन सुदर्शना संरक्षिका नीतू लालवानी, सीमा जैन, वंदना गेलानी ने बहुत ही सुंदर रोचक और व्यवस्थित ढंग से किया और दर्शकों को अतिथियों को देर तक सम्मोहित करके रखा। मंच पर सुदर्शनाओं द्वारा भारत के विभिन्न प्रांतों की कश्मीरी, राजस्थानी, मणिपुरी, असमिया, गुजराती, ब्रजवासी, बंगाली, उत्तरप्रदेश की संस्कृति की झांकी नृत्य द्वारा प्रस्तुत की विभिन्न समूह-नृत्यों ने भारतीय परंपरा, लोक-संस्कृति और नारी-शक्ति की गरिमा को सुंदर रूप से अभिव्यक्त किया। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण दादी-नानी शो रहा, जिसमें 30 बच्चों ने अपनी दादी या नानी के साथ नृत्य, कविता एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं, जिनका जजमेंट सौम्या रंधेलिया, मंजुला दीक्खित एवं महिमा अग्रवाल द्वारा किया गया। ब्रह्मकुमारी संगठन की आध्यात्मिक प्रस्तुति ने कार्यक्रम में सौम्यता और सकारात्मक ऊर्जा का संचार किया।

कार्यक्रम का सबसे भावनात्मक क्षण रहा भव्य कलश यात्रा, जिसमें संस्था की 31 वर्षों की निरंतर यात्रा का प्रतिनिधित्व करती हुई वे 31 मातृशक्तियाँ शामिल थीं, जो आरंभ से आज तक सुदर्शन क्लब के साथ जुड़ी हुई हैं। इन महिलाओं द्वारा कलश उठाना क्लब की परंपरा, समर्पण और निरंतरता का सशक्त प्रतीक बन गया, जिसने पूरे वातावरण को पवित्र, सांस्कृतिक और उत्सवी ऊर्जा से भर दिया।

# श्रीलंका के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए भारतीय महिला टीम घोषित

## 21 से 30 दिसंबर तक 5 मुकाबले, जी कमलिनी और वैष्णवी शर्मा को मौका

मुंबई।

श्रीलंका के खिलाफ 21 दिसंबर से शुरू होने जा रही पांच मुकाबलों की टी20 सीरीज के लिए मंगलवार को भारतीय महिला टीम की घोषणा हुई। महिला वनडे वर्ल्ड कप 2025 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ फाइनल में मैच जिताऊ पारी खेलने वालीं शेफाली को 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने एक बयान में कहा, महिला चयन समिति ने श्रीलंका महिला टीम के खिलाफ आगामी पांच मुकाबलों की टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम चुन ली है। हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में स्मृति मंधाना टीम की उपकप्तान होंगी। इस टीम में जी कमलिनी और वैष्णवी शर्मा को भी मौका दिया गया है। दोनों ने अंडर-19 महिला टी20 वर्ल्ड कप में खेला था। भारतीय टीम में दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, जेमिमा रोड्रिगेज, हरलीन देओल, अमनजोत कौर, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़ और रेणुका



सिंह ठाकुर को भी चुना गया है, जिन्होंने भारत को विश्व कप खिताब जिताने में अहम योगदान दिया था। भारतीय टीम के पास ऋचा घोष और जी कमलिनी के रूप में दो विकेटकीपर हैं। भारत और श्रीलंका की महिला टीमों के बीच 21 दिसंबर को विशाखापत्तनम में टी20 सीरीज की शुरुआत होगी, जिसके बाद इसी मैदान पर 23 दिसंबर को दूसरा मुकाबला खेला जाएगा। सीरीज का तीसरा मैच 26 दिसंबर को तिरुवनंतपुरम में आयोजित होगा। चौथा और पांचवां मुकाबला इसी मैदान पर 28 और 30 दिसंबर को खेला जाना है।

पांच मैचों की यह सीरीज महिला टी20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए दोनों टीमों की तैयारियों की शुरुआत होगी। 50 ओवरों के फॉर्मेट में अपनी ऐतिहासिक जीत के बाद, भारतीय टीम अब अपना फोकस 20 ओवरों के वर्ल्ड कप पर करेगी। यह विश्व कप जून 2026 से इंग्लैंड में खेला जाना है।

### अगले साल टी-20 वर्ल्ड कप

श्रीलंका के खिलाफ 5 टी-20 की सीरीज भारत के लिए अगले साल होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप की तैयारी का बेहतरीन मौका है। सबसे छोटे फॉर्मेट का वर्ल्ड कप 12 जून से 5 जुलाई तक इंग्लैंड में होगा। 10 टीमों के टूर्नामेंट में भारत को ग्रुप-ए में पाकिस्तान, साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के साथ रखा गया। भारत ने विमेंस वनडे वर्ल्ड कप तो जीत लिया, लेकिन टीम कभी टी-20 वर्ल्ड कप को अपने नाम नहीं कर सकी। 2020 में टीम ने इकलौती बार फाइनल में जगह बनाई थी, लेकिन ऑस्ट्रेलिया से हार का सामना करना पड़ गया।

**भारत की टीम:** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, जेमिमा रोड्रिगेज, शेफाली वर्मा, हरलीन देओल, अमनजोत कौर, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़, रेणुका सिंह ठाकुर, ऋचा घोष (विकेटकीपर), जी कमलिनी (विकेटकीपर), श्री चरणी, वैष्णवी शर्मा।

## दिया चितले और मानुष शाह की जोड़ी डब्ल्यूटीटी फाइनल में करेगी स्पर्धा

**हांगकांग (वार्ता)।** दिया चितले और मानुष शाह की जोड़ी बुधवार से यहां शुरु हो रहे डब्ल्यूटीटी फाइनल 2025 प्रतियोगिता के मिश्रित युगल में भारत का प्रतिनिधित्व करेगी। हांगकांग में डब्ल्यूटीटी फाइनल 2025 ग्लोबल डब्ल्यूटीटी सीरीज का समापन है, जिसमें साल के केवल शीर्ष रैंक वाले खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। सीजन की इस आखिरी प्रतियोगिता में केवल 16 सर्वश्रेष्ठ पुरुष और महिला एकल टेबल टेनिस खिलाड़ी, साथ ही शीर्ष आठ मिश्रित युगल जोड़ियां हिस्सा लेंगी। दिया और मानुष, दोनों मौजूदा नेशनल टेबल टेनिस चैंपियन हैं, उन्होंने इस साल की शुरुआत में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रतिष्ठित डब्ल्यूटीटी फाइनल के लिए क्वालिफाई किया था। इस भारतीय जोड़ी ने डब्ल्यूटीटी स्टार कंटेंडर ब्राजील में एक ऐतिहासिक मिश्रित युगल स्पर्धा का रजत पदक जीता था। मिश्रित युगल स्पर्धा में आठ जोड़ियों को चार-चार के दो ग्रुप में बांटा जाएगा। दिया और मानुष को ग्रुप 1 में चीनी जोड़ियों लिन शिडोंग और कुआई मैन, वांग चुकिन और सन यिंग्शा के साथ-साथ हांगकांग चीन के हुआंग ज़ेंटिंग और डू काइकिन के साथ रखा गया है।



## रितिक ने यश घांघस को हराकर पुरुष जूडो में अपना तीसरा स्वर्ण पदक जीता

**उदयपुर (वार्ता)।** खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स (केआईयूजी) राजस्थान 2025 में लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (एलपीयू) के रितिक ने यश घांघस को हराकर जूडो पुरुष 100 प्लस किग्रा वर्ग में अपना तीसरा स्वर्ण पदक हासिल किया। उदयपुर के अटल बिहारी वाजपेयी इंडोर हॉल में अपने चौथे केआईयूजी में लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (एलपीयू) का प्रतिनिधित्व करते हुए रितिक ने अपना तीसरा केआईयूजी स्वर्ण पदक जीता। उनके खाते में इससे पहले एक कांस्य पदक भी शामिल है। यह जीत इसलिए भी खास थी क्योंकि कुछ दिन पहले ही रितिक को हांगकांग में एशियन ओपन चैम्पियनशिप में पहले ही दौर में हार का सामना करना पड़ा था। लेकिन वे उस निराशा में डूबने के बजाय सीधे उदयपुर पहुंचे और विदेशी दौरे से मिली सीख को अपनी रणनीति और मानसिक मजबूती में बदलते हुए शांत, संयमित और प्रभावी खेल दिखाया। फाइनल में उन्होंने अपने पुराने प्रतिद्वंद्वी यश घांघस को हराकर खिताब अपने नाम किया।

मुकाबले के बाद रितिक ने कहा, हमारे वेट कैटेगरी में खिलाड़ी कम हैं, इसलिए हम एक-दूसरे को लंबे समय से जानते हैं। मैंने उसे पहली बार गुवाहाटी केआईवाईजी में हराया था और केआईयूजी 2025 में फिर ऐसा कर पाने की खुशी है। रितिक ने कहा, पहले राउंड में हारने के बावजूद हांगकांग से मैं बहुत कुछ सीखकर लौटा हूं। जूडो में मानसिक मजबूती भी उतनी ही जरूरी है। ऐसी यात्राओं से पता चलता है कि वर्ल्ड और ओलंपिक चैंपियन खेल को कैसे देखते हैं, उनकी तकनीकें क्या हैं और विश्व स्तर के खिलाड़ियों के साथ स्पैरिंग का अनुभव मिलता है।

## आईपीएल की छोटी नीलामी में 350 खिलाड़ी शामिल

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** अबू धाबी में 16 दिसंबर को होने वाली इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 की छोटी नीलामी में शामिल होने वाले कुल 350 खिलाड़ियों में से 40 खिलाड़ियों ने स्वयं को अधिकतम बेस प्राइस दो करोड़ रुपये पर सूचीबद्ध किया है, जिनमें वेंकटेश अय्यर और रवि बिश्नोई ही केवल दो भारतीय खिलाड़ी हैं। कैमरन ग्रीन के सबसे महंगे खिलाड़ी बनने की उम्मीद है और उन्होंने स्वयं को बल्लेबाज के रूप में सूचीबद्ध किया है और वह पहले सेट में नजर आएंगे। क्विंटन डी कॉक, दुनित वेल्लालागे और जॉर्ज लिंडे को अंतिम सूची में शामिल किया गया है। ये तीनों खिलाड़ी लॉन्ग लिस्ट का हिस्सा नहीं थे। कुल मिलाकर टीमों की मांग के बाद 35 नए खिलाड़ियों को जोड़ा गया है। सूचीबद्ध किए गए 350 खिलाड़ियों में से 240 भारतीय हैं और 110 विदेशी हैं। इसके अलावा इस सूची में निखिल चौधरी का नाम भी शामिल है, जिन्होंने 2017 में पंजाब के लिए लिस्ट ए और टी-20 में पदार्पण किया था, लेकिन बाद में कोविड के दौरान ऑस्ट्रेलिया चल गए और वहीं बस गए।



# भारत ने 101 रन से पहला टी-20 जीता

## 74 रन ही बना सका साउथ अफ्रीका, बुमराह के 100 विकेट पूरे

**कटक।** भारत ने पहले टी-20 में साउथ अफ्रीका को 176 रन का टारगेट दिया। कटक के बाराबाती स्टेडियम में साउथ अफ्रीका ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। भारतीय टीम ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 175 रन बनाए। जवाब में मेहमान टीम 74 रन बनाकर ही सिमट गई। एनरिक नॉर्त्या (एक रन) को अक्षर पटेल ने बोल्ड कर दिया। उन्होंने पावरप्ले के आखिरी ओवर में अक्षर पटेल ने ऐडन मार्करम (14 रन) को बोल्ड कर दिया। जसप्रीत बुमराह ने केशव महाराज (जीरो) और डेवॉल्ड ब्रेविस (22 रन) को एक ही ओवर में आउट किया। उन्होंने टी-20 इंटरनेशनल में 100 विकेट भी पूरे कर लिए। वरुण चक्रवर्ती ने मार्को यानसन (12 रन) और डोनोवन फरेरा (5 रन) के विकेट लिए। डेविड मिलर (एक रन) को हार्दिक पंड्या ने अपनी पहली बॉल पर आउट किया। अर्शदीप सिंह ने क्विंटन डी कॉक (जीरो) और ट्रिस्टन स्टब्स (14 रन) को पवेलियन भेजा। साउथ अफ्रीका



की तरफ से लुंगी एनगिडी ने 3 विकेट चटकाए। लूथो सिपामला को 2 विकेट मिला। एक विकेट डोनोवन फरेरा के हिस्से आया।

**पंड्या की फिफ्टी, 100 छक्के भी पूरे** - टीम इंडिया की ओर से हार्दिक पंड्या ने सबसे ज्यादा 59 रन (28 बॉल) बनाए। उन्होंने 25 बॉल पर फिफ्टी पूरी की। इतना ही नहीं, पंड्या ने टी-20 इंटरनेशनल में 100 छक्के भी पूरे कर लिए हैं। पंड्या के अलावा, तिलक वर्मा ने 26 और अक्षर पटेल ने 23 रन बनाए। अभिषेक शर्मा ने 17 और कप्तान सूर्यकुमार यादव ने 12 रन का योगदान दिया।

### दोनों टीमों की प्लेइंग-11

**भारत-** अभिषेक शर्मा, शुभमन गिल, सूर्यकुमार यादव (कप्तान), तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), अक्षर पटेल, वरुण चक्रवर्ती जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह।

**साउथ अफ्रीका-** क्विंटन डिकॉक (विकेटकीपर), ऐडन मार्करम (कप्तान), ट्रिस्टन स्टब्स, डेवॉल्ड ब्रेविस, डेविड मिलर, डोनोवन फरेरा, मार्को यानसन, केशव महाराज, लूथो सिपामला, लुंगी एनगिडी, एनरिक नॉर्खिया।

## टॉम ब्लंडेल हैमस्ट्रिंग चोट के कारण बाहर न्यूजीलैंड टीम से हुए बाहर

**वेलिंग्टन (वार्ता)।** न्यूजीलैंड के विकेटकीपर-बल्लेबाज टॉम ब्लंडेल के हैमस्ट्रिंग चोट के कारण बुधवार से शुरु हो रहे दूसरे टेस्ट से बाहर हो गये है। न्यूजीलैंड ने उनकी जगह मिशेल हे को टीम में जगह दी है। यह ऐसा समय हुआ जब जब मैट हेनरी, नाथन स्मिथ और मिशेल सेंटनर की तिकड़ी क्रमशः पिंडली, पसली और कमर की चोटों के कारण टेस्ट सीरीज के बाकी मैचों से बाहर हो गई थी। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने ऑलराउंडर क्रिश्चियन क्लार्क और तेज गेंदबाज माइकल रे को उनकी जगह टीम में शामिल किया है। 25 वर्षीय हे ने न्यूजीलैंड के लिए दो सफेद गेंद प्रारुप (12 टी-20, सात एकदिवसीय) में 19 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में कैंटरबरी के लिए खेले गए 29 मैचों में उन्होंने 48.58 की शानदार औसत से 1895 रन बनाए हैं, जिसमें 17 अर्धशतक और एक शतक शामिल है, जो उनका सर्वोच्च स्कोर 146 रन था। मिशेल हे और नए गेंदबाजों को लेकर मुख्य कोच रॉब वाल्टर ने कहा, मिच एक युवा क्रिकेटर हैं उसने पहले ही सफेद गेंद टीम में अच्छा योगदान दिया है। प्रथम श्रेणी स्तर पर कैंटरबरी के लिए उनका रिकॉर्ड भी शानदार है। उनका टेस्ट टीम में आना उनके करियर का एक बड़ा पल है और हम उन्हें खेलते हुए देखने के लिए बहुत उत्साहित हैं।



## सीमेंट कंपनियों का मुनाफा 2.5 प्रतिशत बढ़ने की संभावना: क्रिसिल

**मुंबई (वार्ता)।** विक्रय मूल्य और लागत में स्थिरता के बीच चालू वित्त वर्ष में सीमेंट कंपनियों के मुनाफे में 2.50 प्रतिशत की वृद्धि की संभावना है। बाजार अध्ययन एवं साख निर्धारक कंपनी क्रिसिल इंटेलीजेंस की मंगलवार को जारी रिपोर्ट में बताया गया है कि पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में सीमेंट उत्पादन में पांच प्रतिशत की वृद्धि हुई थी जिसके चालू वित्त वर्ष में 6.5 से 6.75 प्रतिशत के बीच बढ़ने की उम्मीद है। खासकर, दूसरी तिमाही में अब तक उत्पादन आठ से नौ प्रतिशत बढ़ा है। इसमें पहली तिमाही की ठहरी हुई मांग और लोगों के पास नकदी की उपलब्धता का भी योगदान है। देश की 14 सीमेंट कंपनियों के बैलेंसशीट के अध्ययन के आधार पर तैयार रिपोर्ट में अनुमान व्यक्त किया गया है कि इस साल सीमेंट की 50 किलोग्राम की बोरी की औसत कीमत 354 से 359 रुपये



के दायरे में रह सकती है। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में हालिया सुधारों में सीमेंट को 28 फीसदी के स्लैब से हटाकर 18 फीसदी में किया गया है। इससे खुदरा मूल्यों में गिरावट की गुंजाइश है। हालांकि मांग बढ़ने से उद्योग के लिए परिदृश्य सकारात्मक रहेगा। क्रिसिल इंटेलीजेंस के निदेशक सेहुल भट्ट ने कहा कि मौजूदा वित्त वर्ष की पहली छमाही में सीमेंट की औसत कीमत तीन प्रतिशत बढ़ी है। अनुमान है कि जीएसटी सुधारों का पूरा असर तीसरी तिमाही से दिखेगा। इसमें दूसरी छमाही में कीमतों में चार-पांच प्रतिशत की गिरावट आयेगी। क्षेत्रवार कीमत के बारे में क्रिसिल ने कहा है कि पिछले वित्त वर्ष में क्रमशः 12 प्रतिशत और सात प्रतिशत की गिरावट के बाद 2025-26 में पूर्वी और दक्षिणी भारत में कीमतों में शून्य से दो प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है। वहीं अन्य क्षेत्रों में इसमें दो से तीन प्रतिशत की गिरावट की संभावना है।

## इंडिगो के सीईओ का दावा, पूरी तरह सामान्य हो चुका है परिचालन

नयी दिल्ली (वार्ता)।

इंडिगो के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) पीटर एलबर्स ने मंगलवार को एयरलाइंस का परिचालन सामान्य होने का दावा करते हुए यात्रियों को हुई परेशानी के लिए माफी मांगी है। श्री एलबर्स ने सोशल मीडिया पर जारी एक वीडियो संदेश में कहा है कि सोमवार को कंपनी ने 1,800 उड़ानों का परिचालन किया था और आज भी 1,800 से अधिक उड़ानों का परिचालन करेगी। उन्होंने बताया कि अब एयरलाइंस की वेबसाइट पर जो भी उड़ानें दिख रही हैं, वे सभी वास्तव में अपने गंतव्य तक जायेंगी। रोजाना 2,300 उड़ानों के शिड्यूल के साथ कंपनी ने पांच दिसंबर को 1,500 से ज्यादा उड़ानें रद्द की थीं जो देश के विमानन इतिहास में अभूतपूर्व था। शिड्यूल के मुताबिक उड़ानों के परिचालन में विफल रहने के बाद कंपनी इसे बड़े रीबूट की संज्ञा दी थी ताकि वह लंबे समय से जारी देरी और उड़ानें रद्द होने की घटनाओं पर लगाम लगा सके। इंडिगो सीईओ ने कहा कि अब ग्राहक एक बार फिर एयरलाइंस के नेटवर्क पर बुकिंग करा रहे हैं जो उनके भरोसे को दिखाता है। उन्होंने कहा कि कंपनी ने रद्द उड़ानों के लिए लाखों ग्राहकों को रिफंड दिया है और इस काम को जल्द पूरा कर लिया जायेगा। हवाई अड्डों पर अटके ज्यादातर लगैज यात्रियों के घरों पर पहुंचाये जा चुके हैं और जो बच गये हैं वे भी जल्द पहुंचा दिये जायेंगे। उन्होंने कहा कि इंडिगो सरकार के साथ पूरा सहयोग कर रही है।



## चावल, गेहूं नरम, चीनी स्थिर- दालों, तेलों में घट-बढ़

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में मंगलवार को चावल के औसत भाव टूट गये। चावल के साथ गेहूं में भी नरमी रही जबकि दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत पांच रुपये घटकर 3,853.85 रुपये प्रति क्विंटल रह गयी। गेहूं 11 रुपये सस्ता हुआ और 2,847.41 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटे की कीमत कमोबेश अपरिवर्तित रही। दाल-दलहनों में मूंग दाल 14 रुपये और मसूर दाल 11 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। तुअर दाल की कीमत 18 रुपये और उड़द दाल की आठ रुपये प्रति क्विंटल घट गयी। चना दाल में टिकाव रहा। विदेशों में बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का फरवरी वायदा 11 रिंगिट चढ़कर 4,104 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं, जनवरी का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.08 प्रतिशत गिरकर में 51.14 डॉलर के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में सोया तेल औसतन आठ रुपये प्रति क्विटल महंगा हुआ। सरसों तेल की कीमत 99 रुपये और वनस्पति की 34 रुपये प्रति क्विंटल घट गयी। पाम ऑयल में 26 रुपये और मूंगफली तेल में 18 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही। सूरजमुखी तेल छह रुपये प्रति क्विंटल फिसल गया। मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत 13 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गयी।



वहीं, चीनी पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर ही टिकी रही।दाल चना 7835.76 रुपये, मसूर काली 8167.78 रुपये, मूंग दाल 10103.42 रुपये, उड़द दाल 10354.57 रुपये, तुअर दाल 10566.14 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2847.41 रुपये और चावल 3853.85 रुपये प्रति क्विंटल। आटा (गेहूं) 3293.226 प्रति क्विंटल। चीनी एस 4322.24 रुपये और गुड़ 5002.89 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये। सरसों तेल 17583.86 रुपये, मूंगफली तेल 17791.82 रुपये, सूरजमुखी तेल 15689.77 रुपये, सोया तेल 13790.68 रुपये, पाम ऑयल 12394 रुपये और वनस्पति 14412.89 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

## आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एसेट मैनेजमेंट का आईपीओ 12 दिसंबर को खुलेगा




**अहमदाबाद (वार्ता)।** आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड के इक्विटी शेयरों का प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 12 दिसंबर को खुलेगा और 16 दिसंबर को बंद होगा। कंपनी की ओर से मंगलवार को यहाँ जारी बयान में कहा इसका प्राइस बैंड 2,061 से 2,165 रुपये प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। फ्लोर प्राइस इक्विटी शेयर्स के फेस वैल्यू का 2,061 गुना और कैप प्राइस इक्विटी शेयर्स के फेस वैल्यू का 2,165 गुना है। यह पूरा इश्यू ऑफर फॉर सेल होगा। जिसमें प्रूडेंशियल कॉरपोरेशन अपनी हिस्सेदारी का 9.9 प्रतिशत हिस्सा बेच रही है। बिड/ऑफर 12 दिसंबर को खुलेगा और मंगलवार, 16 दिसंबर को बंद होगा। एंकर इन्वेस्टर बिडिंग तारीख 11 दिसंबर होगी। न्यूनतम बिड लॉट छह इक्विटी शेयर्स का है और उसके बाद छह इक्विटी शेयर्स के मल्टीपल में बिड की जा सकती है। यह ऑफर कंपनी के एक प्रमोटर, यानी प्रूडेंशियल कॉर्पोरेशन होल्डिंग्स लिमिटेड द्वारा ऑफर फॉर सेल के जरिए अधिकतम 48,972,994 इक्विटी शेयर्स तक का है। पूरा आईपीओ ऑफर फॉर सेल (ओपीएस) है। इस ओएफएस के तहत 4.89 करोड़ शेयर बेचे जाएंगे। ये सभी शेयर ब्रिटेन स्थित कंपनी प्रूडेंशियल कॉरपोरेशन होल्डिंग्स बेच रही है, जो आईसीआईसी आई प्रूडेंशियल एसेट मैनेजमेंट कंपनी की जॉइंट वेंचर पार्टनर भी है।

# सेंसेक्स दो दिन में 1046 अंक लुढ़का

## निफ्टी चार सप्ताह के निचले स्तर पर

मुंबई (वार्ता)।

घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार दूसरी गिरावट देखी गयी। इन दो दिनों में बीएसई का सेंसेक्स 1,046 अंक लुढ़क चुका है जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) की निफ्टी-50 सूचकांक चार सप्ताह से निचले स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स 436.41 अंक (0.51 प्रतिशत) टूटकर 84,666.28 अंक पर आ गया जो 25 नवंबर के बाद का निचला स्तर है। सोमवार को यह 610 अंक टूट गया था। एनएसई का निफ्टी-50 सूचकांक भी 120.90 अंक यानी 0.47 प्रतिशत लुढ़क कर 25,839.65 अंक पर बंद हुआ। यह 11 नवंबर के बाद का इसका निचला स्तर है। दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों में तेजी रही। इसका प्रमुख कारण रुपये में लौटी



मजबूती है। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.14 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 1.14 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ।

आईटी, ऑटो, फार्मा, वित्त स्वास्थ्य और धातु समूहों में गिरावट रही। वहीं, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, सरकारी बैंकों, रसायन और रियलिटी समूहों में निवेशकों ने पैसा लगाया। एनएसई में कुल 3,208 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ। इनमें 1,987 में तेजी रही जबकि 1,127 के शेयर लाल निशान में बंद हुए। अन्य 94 कंपनियों के शेयर अंततः अपरिवर्तित बंद हुए। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 20 में गिरावट रही। एशियन पेंट्स का शेयर लगभग सबसे अधिक 4.47 प्रतिशत टूटा। टेक महिंद्रा में 1.87 प्रतिशत, एचसीएल टेक्नोलॉजीज में 1.80, टाटा स्टील में 1.74, महिंद्रा एंड महिंद्रा में 1.13, सनफार्मा और अल्ट्राटेक सीमेंट दोनों में 1.06, मारुति सुजुकी में 1.05 और आईसीआईसीआई बैंक में 1.04 प्रतिशत की गिरावट रही। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स, बजाज फाइनेंस, टीसीएस, रिलायंस इंडस्ट्रीज, इंफोसिस, एचडीएफसी बैंक और हिंदुस्तान यूनीलिवर के शेयर भी लाल निशान में बंद हुए। इटरनल का शेयर सबसे अधिक 2.26 प्रतिशत और इटरनल का 2.13 फीसदी चढ़ा। अडानी पोर्ट्स में 1.13 प्रतिशत, बीईएल में 0.82, बजाज फाइनेंस में 0.50 और भारतीय स्टेट बैंक में 0.34 प्रतिशत की तेजी रही।

वैश्विक स्तर पर एशिया में जापान का निक्केई 0.14 फीसदी चढ़ गया। हांगकांग के हैंगसेंग में 1.29 प्रतिशत और चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.37 प्रतिशत की गिरावट रही। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 0.24 प्रतिशत और ब्रिटेन का एफटीएसई 0.16 प्रतिशत मजबूत था।

## स्पाइसजेट के बेड़े में शामिल हुए दो और बोइंग 737

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** देश के उड्डयन क्षेत्र में जारी संकट के बीच किफायती विमान सेवा कंपनी स्पाइसजेट के बेड़े में दो और बोइंग 737 विमान शामिल हो गये हैं। स्पाइसजेट ने मंगलवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि दोनों विमान 26 और 29 नवंबर से वाणिज्यिक उड़ान भरनी शुरू कर चुके हैं। इनका उपयोग दिल्ली-बैंकॉक, अहमदाबाद-दुबई और अहमदाबाद-कोलकाता मार्गों पर किया जा रहा है। पीक मांग वाले समय में दो विमानों का बेड़े में शामिल होना कंपनी के लिए काफी लाभदायक है। स्पाइसजेट के मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी देबोजो महर्षि ने इसे चरणबद्ध तरीके से क्षमता विस्तार की तरफ एक और कदम बताया। उन्होंने उम्मीद जतायी कि इससे परिचालन को मजबूत बनाने में मदद मिलेगी।




## रुपया 17 पैसे मजबूत

**मुंबई (वार्ता)।** अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया दो दिन की गिरावट से उबरते हुए मंगलवार को 17.50 पैसे मजबूत हुआ और कारोबार की समाप्ति पर एक डॉलर 89.8750 रुपये का बोला गया। पिछले कारोबारी दिवस पर भारतीय मुद्रा 9.75 पैसे टूटकर 90.05 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुई थी। रुपया आज 10 पैसे की गिरावट के साथ 90.15 रुपये प्रति डॉलर पर खुला, लेकिन इसके बाद लगातार मजबूत हुआ। इसका उच्चतम स्तर 89.8450 रुपये प्रति डॉलर रहा।



# मध्यप्रदेश की भरेवा शिल्प कला विरासत को मिली राष्ट्रीय पहचान

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मप्र के भरेवा शिल्पकार बलदेव वाघमारे को किया सम्मानित

भोपाल (स्वतंत्र मत)। मध्यप्रदेश की पारंपरिक जनजातीय भरेवा शिल्प कला की विरासत को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने मंगलवार को नई दिल्ली में मध्यप्रदेश के बैतूल जिले के भरेवा शिल्पकार बलदेव वाघमारे को राष्ट्रीय हस्तशिल्प पुरस्कार से सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि हाल में भरेवा धातु शिल्प को जीआई टैग भी मिला है। केन्द्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह इस अवसर पर उपस्थित थे। स्थानीय बोली में अरेवा का मतलब है भरने वाले। भरेवा कलाकार गोंड जनजाति की एक उप-जाति से संबंधित हैं, जो पूरे भारत में, खासकर मध्य भारत में फैली हुई है। धातु ढलाई का कौशल एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में हस्तांतरित होता रहता है। भरेवा धातु शिल्प की परंपरा गोंड आदिवासी समुदाय के रीति-रिवाज और परंपराओं के समानांतर चलती है। यह परंपरा और रीति-रिवाज का मिश्रण है। भरेवा कारीगर देवताओं की प्रतीकात्मक छवियों को जानते हैं। वे गहने भी बनाते हैं जैसे अंगूठियां और कटार, जो गोंड परिवारों में शादी की रस्मों के लिए जरूरी है। कुछ गहने विशेष रूप से आध्यात्मिक प्रमुखों या तांत्रिकों के लिए बनाए जाते हैं जैसे कलाईबंद और बाजूबंद। कंगन की विशेष कारीगरी देखते ही बनती है।

### अंतरराष्ट्रीय शिल्प बाजार में पहचान बनाई

इसके अलावा, सजावटी कलाकृतियों और उपयोग की वस्तुओं की एक विस्तृत श्रृंखला जैसे बैलगाड़ियां, मोर के आकार के दीपक, घंटियां और घुंघरु, दर्पण के फ्रेम कुछ कलाकृतियों ने अंतरराष्ट्रीय शिल्प बाजार में पहचान बनाई है।

भरेवा लोगों की आबादी मुख्य रूप से बैतूल जिले के कुछ इलाकों में केंद्रित है। जो राजधानी भोपाल से लगभग 180 किमी दूर है। श्री बलदेव ने भरेवा कारीगरों की घटती संख्या में बढ़ोतरी की है। उन्होंने अपनी लगन से बैतूल के टिगरिया गांव को शिल्प ग्राम बना दिया है। अब भरेवा परिवार इस अनोखी शिल्प कला का अभ्यास करते हैं।

### बलदेव ने यह कला अपने पिता से सीखी

भरेवा लोगों को गोंड समुदाय के धार्मिक रीति-रिवाजों और परंपराओं का गहरा ज्ञान है। वे जिन देवताओं की मूर्तियां बनाते हैं, उनमें मुख्य रूप से हिंदू धर्म के सर्वोच्च भगवान शिव और उनकी पत्नी पार्वती हैं। दूसरे हैं ठाकुर देव जो चमत्कारी घोड़े पर सवार होकर गांव की रक्षा करते हैं और माना जाता है कि वे इस आपदाओं से बचाते हैं। शांति, समृद्धि, खुशी और स्वास्थ्य के दूसरे देवता भी हैं। इस छोटे से टिगरिया गांव में बलदेव भरेवा ने इस परंपरा को जिंदा रखा है। उन्होंने यह कला अपने पिता से सीखी। उन्होंने एक मास्टर कारीगर के तौर पर नाम कमाया। बलदेव का परिवार अपनी पारंपरिक समझ, कलात्मक नजर और कड़ी मेहनत से हासिल किए गए हुनर पर गुजारा करता है।

# बुंदेलखंड हीरों और महावीरों की धरा: डॉ. यादव

### मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की हितग्राहियों के खातों में सिंगल क्लिक से ट्रांसफर की 31वीं किस्त





भोपाल (स्वतंत्र मत)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि बुंदेलखंड हीरों और महावीरों की धरती है। यह मंदिरों की नगरी है। उन्होंने कहा कि महाराज छत्रसाल के कार्य काल में बुंदेलखंड की महाविजय होती थी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने महाराजा छत्रसाल के शौर्य को नमन किया। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि बुंदेलखंड के गौरव महाराजा छत्रसाल की प्रतिमा और सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा का खजुराहो में अनावरण किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव छतरपुर के राजनगर में लाड़ली बहना सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज प्रदेश की 1.26 करोड़ से अधिक लाड़ली बहनों को 1857 करोड़ रुपए राशि अंतरित की गई है। इनमें छतरपुर की 3 लाख 24 हजार से अधिक लाड़ली बहनें शामिल हैं। हितग्राहियों बहनों को उनके बैंक खातों में 31वीं किस्त के रूप में 1500 रुपए की सौगात मिली है। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में अब तक 46 हजार 500 करोड़ की राशि बहनों के खातों में अंतरित की जा चुकी है।

बहनें अपने परिवार के संचालन में भी सहयोग कर रही हैं। बहनों के आशीर्वाद से राज्य सरकार निरंतर विकास कार्यों को आगे बढ़ा रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से बहनों को पक्के मकान और उज्जवला गैस कनेक्शन भी दिए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुंदेलखंड के चहुँमुखी विकास के लिए 270 करोड़ लागत के 9 विकास कार्यों का भूमि-पूजन और 240 करोड़ लागत के 20 विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इनमें 2 सांदीपनि विद्यालय और स्वास्थ्य संस्थान शामिल हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि खजुराहो में बड़ा कन्वेंशन सेंटर और फाइव स्टार होटल बनाया जाएगा। राजनगर में राजगढ़ पैलेस की सौगात मिल रही है। इससे पर्यटन क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी। बुंदेलखंड के दमोह, छतरपुर, पन्ना और कटनी में 4 मेडिकल कॉलेज स्थापित किए जायेंगे। केन-बेतवा लिंक परियोजना से क्षेत्र के किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि खजुराहो से 2 नेशनल हाइवे को जोड़ने वाले फोर लाइन सड़क की सौगात दमोह-सागर को मिलने जा रही है।

**राज्य सरकार जो कहती है करके दिखाती है**-खजुराहो सांसद वी.डी. शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुंदेलखंड के चहुंमुखी विकास में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। राज्य सरकार जो कहती है करके दिखाती है। सरकार ने लाड़ली बहनों के खातों में प्रतिमाह 3000 रुपए भेजने का संकल्प लिया था, जिसे धीरे-धीरे पूरा करने की ओर आगे बढ़ रहे हैं। राजनगर विधायक अरविंद पटेरिया ने कहा कि बुंदेलखंड में डेस्टिनेशन कैबिनेट कर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अनुपम सौगात दी है। पिछले 2 वर्षों में खजुराहो में विकास से संबंधित महत्वपूर्ण कार्य हुए हैं। आज सूखे और पिछड़े बुंदेलखंड को विकास की नई पहचान मिल रही है।

सम्मेलन में पंचायत एवं ग्रामीण विकास, श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार, विधायक छतरपुर ललिता यादव, विधायक कामाख्या प्रताप सिंह, विधायक राजेश शुक्ला, जिला पंचायत अध्यक्ष विद्या अग्निहोत्री सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## जल जीवन मिशन कार्यों की समीक्षा बैठक कल

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** जिले में जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित कार्यों की समीक्षा हेतु जिला जल स्वच्छता मिशन समिति की बैठक आयोजित की जाएगी। समिति के अध्यक्ष कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर की अध्यक्षता में यह बैठक 11 दिसंबर को दोपहर 12 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में होगी। कार्यपालन यंत्री ने बताया कि बैठक में जल जीवन मिशन के प्रगतिशील कार्यों, योजनाओं की स्थिति तथा आगामी आवश्यक कार्रवाइयों पर चर्चा की जाएगी।

## कुष्ठ रोग से बचाव हेतु स्वास्थ्य परीक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरके अठया के निर्देशन एवं जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ रीता चटर्जी के मार्गदर्शन में दमोह शहरी क्षेत्र के चेनपुरा बजरिया वार्ड क्रमांक 6 में स्थित कन्या एवं बालक छात्रावास में कुष्ठ रोग संबंधी विशेष स्वास्थ्य जॉच परीक्षण एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्वास्थ्य विभाग दल द्वारा छात्रावास में निवासरत् सभी बच्चों की त्वचा संबंधी जॉच, नसों की संवेदनशीलता परीक्षण, कुष्ठ रोग के प्रारंभिक लक्षणों की पहचान एवं आवश्यक चिकित्सीय परामर्श प्रदान किया गया। कार्यक्रम दौरान बच्चों को बताया गया कि त्वचा पर किसी भी प्रकार के दाग धब्बों को अनदेखा न करें। समय पर स्वास्थ्य परीक्षण कराएं।

## रोटरी क्लब द्वारा स्वास्थ्य विभाग को दिये गये 60 गर्म कंबल



**दमोह (स्वतंत्र मत)।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दमोह डॉ. आरके अठया की पहल पर रोटरी क्लब दमोह के सदस्यों द्वारा स्वास्थ्य विभाग को 60 गर्म कंबल प्रदाय किए गए। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉण् रीता चटर्जी द्वारा उक्त कंबल स्वास्थ्य विभाग की ओर से ग्रहण किए गये। इस अवसर पर रोटरी क्लब दमोह के पूर्व अध्यक्ष हरकिशन लाल हूरा घीवाला, डीओ खाद्य सुरक्षा एवं पूर्व रोटरी क्लब अध्यक्ष राकेश अहिरवाल, क्लब कॉर्डिनेटर संजय जैन अरिहंत एवं मनीष आहूजा सहित स्वास्थ्य विभाग का स्टॉफ सदस्य उपस्थित थे।

# पूर्व छात्र मिलन समारोह एल्यूमिनी मीट का आयोजन

हटा (स्वतंत्र मत)। पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में पूर्व छात्र मिलन समारोह एल्यूमिनी मीट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य अशोक कुमार त्रिपाठी एवं पूर्व छात्र संगठन हंस के अध्यक्ष आनंद जैन द्वारा द्वारा मां सरस्वती पर माल्यार्पण कर की गई। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना की। कार्यक्रम में लगभग 250 पूर्व छात्र-छात्राएं शामिल हुए। नवोदय विद्यालय समिति के माइग्रेशन लिंकेज नवोदय विद्यालय घोट गढ़चिरोली के बच्चों द्वारा एक रंगारंग नृत्य प्रस्तुत किया। तत्पश्चात नवोदय विद्यालय हटा की कक्षा ग्यारहवीं की छात्राओं द्वारा एक मनोरम नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी। समारोह में पूर्व छात्रों ने अपनी यादें और अनुभव नवोदय विद्यालय हटा के साथ साझा किया। विद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार त्रिपाठी ने बताया कि नवोदय विद्यालय में पूर्व छात्रों का मिलन समारोह का बहुत महत्वपूर्ण योगदान रहा है जिसके अंतर्गत हुए वर्तमान में पढ़ रहे छात्राओं को और ज्यादा मोटिवेट करते हैं और अपने सुखद यादों को उनके साथ साझा करते हैं और उन्हें खूब पढ़ाई करके अच्छे पदों पर जाने के लिए प्रेरित भी करते हैं। तत्पश्चात सभी पुरातन छात्र-छात्राएं विद्यालय के मैस में दोपहर का सामूहिक भोज उपरांत कार्यक्रम के समापन की घोषणा की गई।

# आत्मनिर्भर भारत अभियान सह जीएसटी बचत उत्सव आज

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** वाणिज्य कर अधिकारी ने बताया आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत जीएसटी बचत उत्सव का आयोजन आज 10 दिसंबर को किया जा रहा है। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के ऑडिटोरियम में आयोजित होगा। कार्यक्रम में व्यापारियों, उद्यमियों और विद्यार्थियों को जीएसटी से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की जाएगी तथा आत्मनिर्भर भारत को बढ़ावा देने हेतु विभिन्न जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित होंगी।


**कार्यालय प्राचार्य, नेताजी सुभाषचंद्र बोस शासकीय कन्या महाविद्यालय सिवनी**
(NAAC ACCREDITED "C")
website: www.nscbggirlscollege.com, Email-heggcgseo@mp.gov.in
Phone & Fax No-: 07692-220950

क्रमांक/714/2025 **ई-निविदा सूचना** सिवनी, दिनांक: 08/12/2025

महाविद्यालय में प्रयोगशाला उन्नयन योजना क्रं. (5765) के अन्तर्गत प्राप्त आवंटन का क्रय करने हेतु जेम पोर्टल के माध्यम से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है, अधिकृत फर्मों से निम्नलिखित विवरणानुसार निविदा की शर्तों आदि की जानकारी ऑनलाईन जेम पोर्टल पर देखी जा सकती है, बिडका विवरण निम्नानुसार है :-

| S.No. | Description of Items | Bid No-/Date | Bid End Date Time |
|---|---|---|---|
| 01 | Lav Equipment Botany Subject | Gem/2025/B/694413/ Dt 05-12-2025 | 20/12/2025 04:30 PM |

प्राचार्य
नेताजी सुभाष चंद्र बोस शासकीय कन्या महाविद्यालय, सिवनी


# लोक अदालत में प्रकरण निपटाने से समय की बचत होती है : न्यायाधीश



**दमोह (स्वतंत्र मत)।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देश पर प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष सुभाष सोलंकी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह के कुशल मार्गदर्शन में जिला दमोह एवं तहसील न्यायालय हटा, पथरिया एवं तेंदूखेड़ा में 13 दिसंबर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है जिसमें न्यायालय में लंबित राजीनामा योग्य प्रकरणों के साथ ही विद्युत चोरी एवं नगरपालिका के जलकरए सम्पत्ति कर के प्रिलिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण पक्षकारों की आपसी सहमति के आधार पर किया जावेगा।

नेशनल लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु विद्युत व नगरपालिका दमोह के समन्वय से प्रचार-प्रसार वाहन को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुभाष सोलंकी द्वारा न्यायालय परिसर से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया।

# विहिप बजरंग दल की जिला बैठक श्रीराम गौ शाला में संपन्न

**हटा (स्वतंत्र मत)।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की बैठक में मंचासीन प्रांत संगठन मंत्री जितेंद्र वर्मा का मार्गदर्शन सभी को प्राप्त हुआ साथ में विश्व हिंदू परिषद जिला अध्यक्ष अजय खत्री जिला उपाध्यक्ष गिरजा त्रिपाठी उपस्थित रही। विश्व हिंदू परिषद जिला मंत्री शम्भू विश्वकर्मा द्वारा बैठक पद्धति से प्रारंभ कराई गई। बैठक का मुख्य विषय संघ शताब्दी वर्ष में होने वाले ग्रह संपर्क अभियान में सभी संगठन के कार्यकर्ता कार्य करें और संगठन द्वारा होने वाली वर्ष में एक बार धर्मरक्षा निधि की बंदी सभी प्रखंडों में वितरित की गई जिला संगठन मंत्री द्वारका मिश्रा जी द्वारा नैतिक शिक्षा के विषय पर सभी स्कूल विद्यालय में परीक्षाओं के लिए सभी को पुस्तक वितरित की गई एवं जानकारी दी गई। बैठक में विश्व हिंदू परिषद जिला उपाध्यक्ष बबलू राय, जिला कोषाध्यक्ष संजय रतले, बजरंग दल जिला संयोजक गोलू चौबे, सह मंत्री सुरेंद्र राय, सत्संग प्रमुख केशव राठौर सामाजिक समरसता प्रमुख भूपेंद्र सोनी, बजरंग दल जिला सहसंयोजक उपस्थित थे।

# किसी भी मतदाता का नाम बिना किसी ठोस कारण के अलग ना किया जाए



**दमोह (स्वतंत्र मत)।** मतदाताओं के विशेष गहन पुनरीक्षण कर एसआईआर के तहत बांदकपुर क्षेत्र के 33 मतदान केन्द्रों पर बीएलओ एवं बीएलए सहित पटवारी की टीम द्वारा बैठ कर किए गए कार्य की समीक्षा एवं विभिन्न ग्राम पंचायत में आयोजित ग्राम सभाओं का तहसीलदार भू प्रबंधन श्रीमती वर्षा दुबे द्वारा पहुंचकर एसआईआर कार्य की समीक्षा की गई एवं निर्देशित किया कि किसी भी मतदाता का नाम बिना किसी ठोस कारण के अलग ना किया जाए एवं जो भी मतदाता शेष रह गए हैं, उनके नाम का वाचन कर ग्राम वासियों से उनकी जानकारी एकत्र कर उन्हें इस मतदाता सूची में अलग होने से बचाया जाए। तहसीलदार श्रीमती वर्षा दुबे ने बताया कि ग्राम सभाओं के माध्यम से जो मतदाता छूट गए हैं एवं अनुपस्थित मतदाताओं के सत्यापन का कार्य इस दौरान किया जा रहा है। इसके अलावा जिन मतदाताओं के नाम सूची में एक से अधिक दर्ज हैं, उनके नाम का भी सुधार कार्य किया जाएगा। साथ ही जो मतदाताओं की मृत्यु हो गई हैं उनके नाम को भी ग्राम सभाओं के माध्यम से सत्यापित किया जा रहा है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में ग्राम सभाओ में पहुंचकर एएसडीआर की सूची का वाचन भी कराया और आगामी 11 दिसंबर के बाद दावे आपत्तियों के माध्यम से भी इस कार्य को पूर्ण करने की बात कही। इस दौरान एक पंचनामा भी तैयार किया गया। जिसमें अनुपस्थित मतदाता, स्थानांतरित, मृत एवं दोहरी प्रविष्टि के मतदाताओं का उल्लेख कर आमसभा में वाचन किया गया। गणना पत्रकों को लेकर सामने आई समस्याओं का निराकरण मतदाताओं से संपर्क कर किया गया। गणना पत्रक जमा नहीं करने वाले मतदाताओं को मौके से ही फोन लगाकर पत्रक जमा करने को कहा गया।


**IN The Court Of VI Additional District and Session Judge District Court, Jabalpur**
**Presiding Officer: विपिन सिंह भदौरिया**
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
(MJC GW/0000071/2025)
अश्विन स्वामी (नाबालिक) द्वारा अजय स्वामी.... वादी
V/S
आम जनता..... प्रतिवादी
Process Id-/2025
पेशी दिनांक 16/01/2026
प्रेषिती-
(1) आम जनता पता- जिला जबलपुर मप्र
यह कि प्रार्थी अश्विन स्वामी (नाबालिक) द्वारा-अजय स्वामी ने आपके विरुद्ध एमजेसी जीडब्ल्यू के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिए उपसंजात/हाजिर होने के लिए सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिए गए हों और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सकें। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूरजाई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।
आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।
यह आज तारीख 01 December 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है
कृपया ध्यान दे- 1. यदि किसी कारण वश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।
सील
विपिन सिंह भदौरिया
जिला न्यायाधीश (अष्टम) जबलपुर (म.प्र.)



**न्यायालय तहसीलदार तहसील अधारताल, जबलपुर**
रा.प्र.क्र / अ-6/ 2025-2026
जबलपुर, दिनांक 8/12/2025
**आम इश्तहार**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री ओम प्रकाश चौबे पिता श्री सीपी चौबे निवासी 810 गढ़ा रोड पटैल स्वीटस गढ़ा के द्वारा मौजा कछपुरा स्थित भूमि खसरा नंबर 793/2, 794/2, 795/1 में से रकवा 2130 वर्गफुट भूमि जो आवेदक के द्वारा विक्रेता किरण जैन/ सामाचंद जैन से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 5/2/1990 से क्रय किया जाना लेख किया है।।
तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 22/12/2025 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा / आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।
आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
जारी दिनांक- 8/12/2025
पेशी दिनांक- 22/12/2025
सील
तहसीलदार अधारताल, जबलपुर



**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र. 11 नगर निगम जबलपुर**
पत्र क्र./ सं.क्र.11/25-26
दिनांक 9/12/2025
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती नषीता राय पति श्री वीकेश कुमार राय ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी अवंती बाई के भवन क्रमांक पी 84 एमआरएस लेण्ड मार्क फेस 2 संपत्ति के पिन क्रमांक 1002923045 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल रकवा 1375 व.फु. पर जिस पर निर्मित विक्रय पत्र, के आधार पर निगम में दर्ज श्री संजय डेंगरा पिता श्री सेवाराम डेंगरा का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
संभागीय अधिकारी
संभाग क्रमांक-11
नगर निगम, जबलपुर



**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र. 11 नगर निगम जबलपुर**
पत्र क्र./ सं.क्र.11/25-26
दिनांक 9/12/2025
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि (1) श्री शीलभद्र यादव पिता तीर्थराज यादव (2) श्रीमती मंजू यादव पति श्री शीलभद्र यादव ने वार्ड क्रमांक 66 वार्ड का नाम रानी लक्ष्मी बाई के भवन क्रमांक खसरा नं. 322/2/1 प्लाट नं. 20 कटियाघाट रोड संपत्ति के पिन क्रमांक 1002973556 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल रकवा 1572 व.फु. पर जिस पर निर्मित विक्रय पत्र, के आधार पर निगम में दर्ज श्री मनीष कुशवाहा पिता श्री रामदास कुशवाहा का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
संभागीय अधिकारी
संभाग क्रमांक-11
नगर निगम, जबलपुर



**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र. 11 नगर निगम जबलपुर**
पत्र क्र./ सं.क्र.11/25-26
दिनांक 8/12/2025
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि (1) अभय कुमार झा पिता श्री फूलेन्द्र नारायण (2) श्रीमती प्रीति कुमारी पति श्री अभय कुमार झा ने वार्ड क्रमांक .. वार्ड का नाम रानी अवंती बाई के भवन क्रमांक प्लाट नं. 31 कोनार्क टाउन फेस 2 संपत्ति के पिन क्रमांक 9000087079 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल रकवा 945 व.फु. पर जिस पर निर्मित विक्रय पत्र, के आधार पर निगम में दर्ज श्री नितिन अधरूज पिता श्री शिव प्रसाद का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
संभागीय अधिकारी
संभाग क्रमांक-11
नगर निगम, जबलपुर



**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र. 11 नगर निगम जबलपुर**
पत्र क्र./ सं.क्र.11/25-26
दिनांक 9/12/2025
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती माया परस्ते पति सरमन सिंह परस्ते ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी अवंती बाई वार्ड के भवन क्रमांक प्लाट नं. 35, 35/1 पार्ट 02 फेस 2 चैतन्य सिटी संपत्ति के पिन क्रमांक 1000377516 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल रकवा 1500 व.फु. पर जिस पर निर्मित विक्रय पत्र, के आधार पर निगम में दर्ज श्री इंद्र कुमार राय पिता श्री गुरू प्रसाद राय (2) श्री प्रदीप विश्वकर्मा पिता स्व. श्री गोपाल प्रसाद विश्वकर्मा एवं श्रीमती प्रीति विश्वकर्मा का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
संभागीय अधिकारी
संभाग क्रमांक-11
नगर निगम, जबलपुर



**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र. 11 नगर निगम जबलपुर**
पत्र क्र./ सं.क्र.11/25-26
दिनांक 9/12/2025
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती सुनीता श्रीवास्तव पति प्रवीण श्रीवास्तव ने वार्ड क्रमांक 65 वार्ड का नाम सुभाष चंद्र बनर्जी के भवन क्रमांक 471/एमआईजी 14 संपत्ति के पिन क्रमांक 1000397559 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल रकवा 970 व.फु. पर जिस पर निर्मित भूतल 800 व.फु. विक्रय पत्र, के आधार पर निगम में दर्ज श्री प्रभात चंद्रा का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
संभागीय अधिकारी
संभाग क्रमांक-11
नगर निगम, जबलपुर



**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र. 11 नगर निगम जबलपुर**
पत्र क्र./ सं.क्र.11/25-26
दिनांक 9/12/2025
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री कमलेश अहिरवार पिता श्री राम अवतार अहिरवार श्रीमती हेमलता पति श्री कमलेश अहिरवार ने वार्ड क्रमांक 66 वार्ड का नाम रानी लक्ष्मी बाई के भवन क्रमांक 1473, 1474 राव आटा चक्की के पास शिवपुरी संपत्ति के पिन क्रमांक 1000390442 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल रकवा पर जिस पर निर्मित भूतल 650 व.फु. सीमेंट शीट शपथ पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री राममिलन कन्हैया खरीददार छोटी बाई अहिरवार पति श्री राम अवतार अहिरवार का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
संभागीय अधिकारी
संभाग क्रमांक-11
नगर निगम, जबलपुर



**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र. 11 नगर निगम जबलपुर**
पत्र क्र./ सं.क्र.11/25-26
दिनांक 9/12/2025
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती सिंधु सिंह पति श्री अजित कुमार सिंह ने वार्ड क्रमांक 65 वार्ड का नाम सुभाष चंद्र बनर्जी के भवन क्रमांक एचएच 1298/टी एफ/304 ब्लाक ए अप्सरा अपार्टमेंट संपत्ति के पिन क्रमांक 1000398296 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल रकवा पर जिस पर निर्मित तृतीय तल 800 व.फु. विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्रीमती जीनत परवीन पति सिकंदर आफताब का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
संभागीय अधिकारी
संभाग क्रमांक-11
नगर निगम, जबलपुर



**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र. 11 नगर निगम जबलपुर**
पत्र क्र./ सं.क्र.11/25-26
दिनांक 9/12/2025
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री प्रमोद गोपीनाथ पिता श्री सी.के.गोपीनाथ ने वार्ड क्रमांक 65 वार्ड का नाम सुभाष चंद्र बनर्जी के भवन क्रमांक म.नं. 714 टी.एफ. 303 हिमांशा अपार्टमेंट संपत्ति के पिन क्रमांक 1000398548 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल रकवा व.फु. पर जिस पर निर्मित तृतीय तल 700 व.फु. विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री प्रकाश चंद्र चौरसिया पिता श्री स्व. प्रेमचंद्र चौरसिया का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
संभागीय अधिकारी
संभाग क्रमांक-11
नगर निगम, जबलपुर



**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र. 11 नगर निगम जबलपुर**
पत्र क्र./ सं.क्र.11/25-26
दिनांक 8/12/2025
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री सुभाष चंद्र चौधरी पिता स्व. लोचन प्रसाद चौधरी ने वार्ड क्रमांक 66 वार्ड का नाम रानी लक्ष्मी बाई के भवन क्रमांक 1894/1 पुरानी बस्ती कजरवारा संपत्ति के पिन क्रमांक 1004393815 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल रकवा 700 व.फु. पर जिस पर निर्मित भूतल 415 व.फु. कच्चा अनु. विक्रय पत्र, के आधार पर निगम में दर्ज श्रीमती प्रहलाद झारिया पिता श्री दुर्गा प्रसाद झारिया का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
संभागीय अधिकारी
संभाग क्रमांक-11
नगर निगम, जबलपुर




# सिहोरा का चप्पा-चप्पा रहा बंद, जिले की मांग पर सड़क पर उतरे हजारों लोग

## पिछले कई दिनों से जारी भूख हड़ताल, व्यापारियों ने भी दिया साथ

सिहोरा (स्वतंत्र मत)

सिहोरा को जिला बनाए जाने की मांग को लेकर आंदोलन अब अपने सबसे निर्णायक और संवेदनशील दौर में पहुंच गया है। अन्न त्याग कर चुके प्रमोद साहू ने मंगलवार को जल का भी त्याग करते हुए आमरण सत्याग्रह की विधिवत शुरुआत कर दी। बताया जा रहा है कि जैसे ही वे मंच पर पहुंचे, उनके गिरते स्वास्थ्य की स्थिति को देखकर मौजूद जनसमूह में जबरदस्त आक्रोश फैल गया। इधर मंगलवार को पूरे सिहोरा में चप्पाङ्कचप्पा बंद का नजारा देखने को मिला।

हजारों की संख्या में सिहोरा वासी सड़कों पर उतर आए। बाजार बंद रहे, यातायात प्रभावित रहा और पूरा शहर सिहोरा जिला आंदोलन के समर्थन में एकजुट नजर आया। आंदोलनकारियों ने पूर्व में जारी राजपत्र और पूर्व में भाजपा नेताओं द्वारा सिहोरा को जिला बनाने को लेकर की गई घोषणाओं को आधार बनाकर सरकार से सीधा दावा किया। जनता का कहना है कि जब सब कुछ दस्तावेज़ों और बयानों में दर्ज है, तो फिर फैसले में देरी क्यों। आंदोलनकारियों ने कहा कि अगर जिला की घोषणा कभी हुई ही नहीं और हम सिहोरा वासी गलत बोल रहे हैं, तो हमारे सत्याग्रह को ठुकरा दो और सिहोरा को ग्राम पंचायत ही बना दो।

### निकाली गई विशाल वाहन रैली

जिले की मांग पर स्थानियों लोगों द्वारा सिहोराङ्कखितौला क्षेत्र में विशाल वाहन रैली निकाली गई, जिसमें युवा, महिलाएं, बुजुर्ग और व्यापारी बड़ी संख्या में शामिल हुए। रैली के दौरान हर तरफ सिहोरा जिला बनाओ के नारे गूंजते रहे। व्यापारी संगठनों ने स्पष्ट कहा कि सिहोरा जिला बनने तक बंद जारी रहेगा। उनका कहना है कि यह अब आर्थिक नुकसान का नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र के भविष्य और सम्मान का सवाल है। उन्होंने कहा कि आज सिहोरा की सड़कों से सरकार तक एक ही संदेश गया है, अब आंदोलन रुकेगा नहीं। यह लड़ाई अब मांग की नहीं, अधिकार और आत्मसम्मान की लड़ाई बन चुकी है।

# धूमधाम से मनाया गया सेम सीनियर सिटीजन क्लब का 16वां स्थापना दिवस

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



## सदस्यों को किया गया पुरस्कृत, हुए विविध आयोजन

उम्र के इस पड़ाव पर अधिकांश सीनियर सिटीजन अपने एकाकी जीवन की निष्क्रियता से जूंझ रहे है। ऐसे में सीनियर सिटीजन क्लब उनके जीवन में एक नया प्रकाश लेकर आया है। जिसमें सीनियर सिटीजन का उत्साह, उल्लास और सक्रियता में नगर के हर वर्ग में एक आशा का संचार किया है। जिसमें पूर्व न्यायाधीश-सेना अधिकारीगण, सेवानिवृत्त इंजीनियर, साहित्य क्षेत्र से जुड़ी विभूतियां पिछले 16 सालों से प्रति सोमवार को अपनी सक्रियता से शहर को एक संदेश देते आ रहे हैं। उपरोक्त उद्‌गार सेम सीनियर सिटीजन क्लब के 16वें स्थापना दिवस पर मुख्य अतिथि समाजसेवी बाबू विश्वमोहन ने कहे। क्लब के संस्थापक जादूगर एसके निगम ने बताया कि विगत 16 वर्षों में केवल कोविड-19 के कारण 2 माह गतिविधियों में विराम था। हर सोमवार और सभी त्यौहारों पर अपने कार्यक्रम से प्रदेश ही देश को एक सक्रियता का नया संदेश दिया है।

***इन्हें किया गया सम्मानित***- इस अवसर पर 8 सदस्यों को ओल्ड इज गोल्ड, कपल इन एक्शन, प्रोर्फामर ऑफ दी ईयर, एवर ग्रीन के साथ ही अतिथि कलाकार बबलू मैथ्यूज- ख्याति प्राप्त गायिका तप्ति निगम, राखी मजूमदार, विंग कमांडर बंदन शर्मा, जसवीर चौपड़ा, अभिनेता लक्ष्मण सिंह चौहान, रश्मि श्रीवास्तव, प्रभा-बच्चन श्रीवास्तव, उषा विश्वकर्मा, डॉ. लिआओ, रमेश पंडित, आईके अग्रवाल, लक्ष्मी राजपूत, सुनीता जायसवाल, आरती जायसवाल, राजकुमारी रैकवार आदि को विशेष सम्मान हर्ष ध्वनि के बीच प्रदान किया गया। इस अवसर पर सुनीता जायसवाल, मंजू इंग्ले, विजय सिन्हा की वाद्य यंत्रों सहित कव्वाली, उर्मिला श्रीवास्तव, सुनीता शुक्ला, मेंहदीदत्ता आदि ने अपनी प्रस्तुतियों से तालियों बटोरीं। कार्यक्रम में सेवा निवृत्त न्यायाधीश मीना-पुरूषोत्तम भट्ट, सेवानिवृत्त गोपाल खांडेल, सेवानिवृत्त नरेश शर्मा व्यंगकार प्रतुल श्रीवास्तव, सुरेश विचित्र, अभिमन्यू जैन, राजेश पाठक प्रवीण, राजीव गुप्ता, मुन्ना गुजर, मॉल के महाप्रबंधक-मिनिस्टर हबीब आदि की उपस्थिति रही। संचालन नीरज शुक्ला, आभार प्रदर्शन वरिष्ठ सदस्य विजय जायसवाल और बच्चन श्रीवास्तव ने किया।

# सड़क हादसे में घायल युवक की मौत

**जबलपुर(स्वतंत्रमत)।** माढ़ोताल थाना क्षेत्रातंर्गत विगत एक दिसंबर को सड़क हादसे में घायल हुए विक्रांत रजक की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि पाटन बेलखेड़ा कटरा निवासी 28 वर्षीय विक्रांत रजक एक दिसंबर को अपोलो अस्पताल के समीप दोपहर में सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसे उपचार के लिये निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मंगलवार सुबह उपचार दौरान विक्रांत की मौत हो गई।

# बिना हेलमेट के महाकौशल कॉलेज में नहीं कर सकेंगे प्रवेश

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकौशल कॉलेज में शासन के निर्देशानुसार दो पहिया वाहन से महाविद्यालय आने वाले समस्त प्राध्यापकों, कर्मचारी एवं विद्यार्थियो के लिए हेलमेट पहनना अनिवार्य कर दिया है। बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चालक को महाविद्यालय में प्रवेश पूर्णतः वार्जित कर दिया गया है। प्राचार्य डॉ. अलकेश चतुर्वेदी ने इस अवसर पर कहा कि महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, कर्मचारी एवं विद्यार्थी जब भी दोपहिया वाहन चलाएँ, हेलमेट अवश्य पहनें, और दूसरो को भी पहनने के लिए प्रेरित करें। हेलमेट पहनने की आदत जनमानस में न केवल अनुशासन बढ़ाती है, बल्कि समाज में भी सही संदेश पहुँचाती है। हेलमेट पहनना आपकी जिम्मेदारी है, विकल्प नही। इस अवसर पर महाविद्यालय के जनभागीदारी अध्यक्ष आशीष राव, प्रो. अरुण शुक्ल, डॉ. शैलेन्द्र भवदिया, सौरव राय,सुशील ठाकरे के साथ महाविद्यालय के प्राध्यापक, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।



# निर्णय आने तक स्थगित हो विस्थापन की कार्यवाही

**जबलपुर।** केंट विधायक अशोक रोहाणी के निर्देशन में राजीव गांधी कटंगा बस्ती के पीड़ित परिवार जनों ने पूर्व पार्षद सुंदर अग्रवाल के साथ स्टेशन कमांडर से मुलाकात की। जानकारी अनुसार विगत दिवस सैन्य प्रशासन द्वारा कटंगा के 120 परिवारों को बेदखली का नोटिस दिया गया था। उपरोक्त नोटिस के माध्यम से 10 दिसंबर को जवाब देने के लिए परिवारों को कहा गया था। इसी तारतम्य में केंट विधायक के निर्देश पर सुंदर अग्रवाल ने स्टेशन कमांडर से मुलाकात कर जानकारी दी कि प्रदेश सरकार की 350 एकड़ भूमि सेना के पास है। भूमि की अदला बदली का प्रकरण विचाराधीन है, इसलिए अभी विस्थापन की कार्रवाई को विराम दिया जाए।

# वाइल्डलाइफ फॉरेंसिक एंड हेल्थ के तत्वावधान में 3 दिवसीय प्रशिक्षण



जबलपुर (स्वतंत्र मत)

वीयू कुलपति द्वारा वाइल्डलाइफ फॉरेंसिक एंड हेल्थ के तत्वाधान में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया जो पर्यावरण वन एवं जल परिवर्तन मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रायोजित किया गया है। इस कार्यक्रम में देश के विभिन्न प्रदेशों से आए हुए वन क्षेत्र के आसपास कार्यरत वेटरिनरी ऑफीसर भाग ले रहे हैं। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों को वन जीवन की देखभाल एवं उनके स्वास्थ्य प्रबंधन से संबंधित जानकारी से अवगत कराना है एवं वन हेल्थ नीति के माध्यम से बढ़ावा देना है यह नीति मानव पशु और पर्यावरण के स्वास्थ्य के बीच अंतर संबंधों एवं स्थाई समाधान प्रदान करने का प्रयास है। इस प्रशिक्षण के तहत फील्ड टूर में प्रशिक्षण आरती कान्हा राष्ट्रीय उद्यान मंडला भ्रमण में मानव पशु और पर्यावरण के स्वास्थ्य के बीच अंतर संबंधों एवं स्थाई समाधान के बारे में भी जानेंगे। यह प्रशिक्षण 9 से 11 दिसंबर 2025 तक चलेगा। प्रशिक्षण का शुभारंभ मुख्य अतिथि नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉक्टर मनदीप शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर ऋषि मिश्रा वन मंडल अधिकारी जबलपुर के साथ-साथ पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ आरके शर्मा एवं स्कूल ऑफ वाइल्ड लाइफ फॉरेंसिक एंड हेल्थ की संचालिका डॉक्टर शोभा जावड़े आदि अन्य उपस्थित रहे।



# डॉ प्राची सक्सेना आईआरआईए की अध्यक्ष नियुक्त

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

आईआरआईए यानि इंडियन रेडियोलॉजिकल एंड इमेजिंग एसोसिएशन की ब्रांच की गोष्ठी का विगत दिवस आयोजन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से डॉ. प्राची सक्सेना को अध्यक्ष तथा डॉ. माशू नील दुबे को सचिव नियुक्त किया गया। इसके साथ ही नव-निर्वाचित टीम में डॉ. अनुपम श्रीवास्तव, डॉ. नरेन्द्र पटेल, डॉ. अमोल पोल, डॉ. हर्षित कोष्टा। एक्ज़ीक्यूटिव कमेटी में डॉ. आर. के. अग्रवाल, डॉ. सिद्धार्थ जैन, डॉ. के. पी. गुप्ता, डॉ. पुष्पेन्द्र श्रीवास्तव, डॉ. गगन श्रीवास्तव को नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर प्रमुख रूपसे डॉ. अरविंद जैन, डॉ. पुष्पराज भटेले, डॉ. दीपक साहू, डॉ. नरेन्द्र खरे, डॉ. मुकेश जैन तथा अन्य रेडियोलॉजिस्टगण उपस्थित रहे। जिन्होंने सभी सदस्यों ने नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएँ दीं और आगामी सत्र के लिए सफलता की कामना की।

# पुलवामा हमले से तार जोड़कर चार दिनों तक रिटायर शिक्षिका को बनाया बंधक

## साइबर ठगों ने की 70 लाख की मांग

## पुलिस की सतर्कता से टली घटना

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

शहर में एक रिटायर्ड महिला शिक्षक को एटीएस अधिकारी बनकर साइबर ठगों ने 4 दिनों तक डिजिटल अरेस्ट में रखा। पुलवामा हमले का डर दिखाकर उनसे 70 लाख रुपए की मांग की गई, लेकिन समय रहते पुलिस की मदद मिलने से महिला और उनका पैसा दोनों सुरक्षित हैं। बताया जा रहा है कि यह घटना 6 दिसंबर की है, जब बाई का बगीचा क्षेत्र में रहने वाली रिटायर्ड शिक्षिका अमिता ग्रेबियल के मोबाइल पर कॉल आया। फोन करने वाले ने खुद को एटीएस अधिकारी बताते हुए कहा कि पुलवामा में आतंकी गतिविधियों से जुड़े एक मामले में उनके खाते से 70 करोड़ रुपए ट्रांसफर हुए हैं। साथ ही आरबीआई और एटीएस जांच का हवाला देकर उन्हें डराया गया। कुछ देर बाद साइबर ठगों ने वीडियो कॉल शुरू किया और महिला को डिजिटल अरेस्ट कर लिया। चार दिन तक उनका मोबाइल लगातार वीडियो कॉल पर रखा गया। महिला और उनके पति को घर से बाहर निकलने, पर्दा खोलने-बंद करने तक के लिए अनुमति लेनी पड़ रही थी। इस दौरान ठगों ने बच्चों और रिश्तेदारों की पूरी जानकारी भी हासिल कर ली।




### वाशरूम जाने तक लेनी पड़ती थी परमीशन

साइबर ठगो ने बुजुर्ग दंपत्ति को धमकी देने के बाद उनके मोबाइल पर सिग्नल एप डाउनलोड करवाया। इसके जरिए उन्हें नकली एटीएस डिपार्टमेंट गुप्र में ऐड किया, जिसमें अलग-अलग नामों से फर्जी एटीएस के अधिकारी जुड़े हुए थे। इसी गुप्र के माध्यम से महिला और उनके पति को डराया जा रहा था। वीडियो कॉल के जरिए डिजीटल अरेस्ट कर लिया गया। एटीएस बनकर कॉल करने वाले साइबर ठगों ने केस में नाम हटाने को लेकर 70 लाख रुपए की डिमांड की। इस मामले में एएसपी ने बताया कि महिला और उनके पति बहुत ज्यादा डरे हुए थे। साइबर ठगों ने पति को घर पर डिजिटल अरेस्ट रखा, जबकि शिक्षिका को बोला गया कि आरबीआई का एक खाता नंबर पर आपको 70 लाख रुपए जमा करने होगें। भले ही इसके लिए आपको अपनी एफडी ही क्यों ना तोड़ना पड़े। ठगों की धमकी से दंपत्ति इस कदर डरे थे कि जैसा वो कहते थे, वैसा बुजुर्ग दंपती करते थे, यहां तक वाशरूम भी जाते तो अनुमति लेकर ही जाते थे।

### हम आपके पिताजी बोल रहे, चेहरा तो दिखाओ

इस मामले में की जानकारी जैसे ही पुलिस को लगी तो वे महिला के बाई के बगीचा स्थित घर पहुंचे, जहां देखा कि मोबाइल पर वीडियो कॉल चालू था। एएसपी ने महिला के रिश्तेदार बनकर बात की। उन्होंने साइबर ठग से चेहरा दिखाने को कहा तो वह चुप हो गया। जिसके बाद एएसपी से ठग पूछने लगा कि तुम्हारा नाम क्या है, इस पर उन्होंने जैसे ही बोला कि हम आपके पिताजी बोल रहे है, चेहरा तो दिखाओ, तो वह शांत रहा और कुछ देर बाद फोन को बंद कर दिया। एएसपी ने बताया कि अच्छी बात यह है कि समय रहते महिला ने पुलिस की मदद ली, जिसके चलते उनकी राशि और वो दोनों ही सुरक्षित है। एएसपी का कहना है कि जल्द ही ठग गिरफ्त में होगें।

# न्यायालय परिसर से ई-रिक्शा चुरा ले गये चोर

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** ओमती थाने में ग्वारीघाट पुरानी बस्ती रेतनाका निवासी 38 वर्षीय सुनील यादव ने शिकायत दर्ज करायी। जिसमें उसने बताया कि वह दोपहर दो बजे अपने ई-रिक्शा क्रमांक एमपी 20 जेडके 9470 से जिला न्यायालय जबलपुर पेशी में आया था। उसने अपना ई-रिक्शा को न्यायालय के गेट नम्बर 03 के वाहन स्टेड में खड़ा किया और कोर्ट अंदर चला गया था। शाम को बाहर आकर देखा उसका ई-रिक्शा नहीं था, जिसे तलाश किया, लेकिन रिक्शा नहीं मिला। जिसे कोई अज्ञात चोर चुरा ले गया। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

## प्रतिबंधित-एक्सपायरी डेट की कीटनाशक दवाइयां बेची

**जबलपुर।** प्रतिबंधित एवं एक्सपायरी डेट के कीटनाशकों का विक्रय करने के मामले में सिहोरा विकासखंड के ग्राम बुधुवा स्थित जय माँ ममता कृषि केन्द्र के प्रोपराईटर के खिलाफ मझगवां पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है।

# एसपी की जनसुनवाई में पहुंची 72 शिकायतें



जबलपुर (स्वतंत्र मत)

पुलिस अधीक्षक कार्यालय में मंगलवार को हुई जनसुनवाई में 72 शिकायतें पहुंची। जिनमें अधिकांश शिकायतें पति-पत्नि, परिवारिक एवं जमीन सम्बंधी विवाद, मारपीट तथा सायबर अपराध से सम्बंधित थी। एसपी सम्पत उपाध्याय ने समस्त शिकायतकर्ताओं को शीघ्र शिकायतों पर वैधानिक कार्यवाही किये जाने हेतु आश्वस्त किया तथा जन सुनवाई में प्राप्त समस्त शिकायतों का त्वरित निराकरण समय सीमा में करने हेतु सम्बंधित थाना प्रभारियों, राजपत्रित अधिकारियों को निर्देर्शित किया। इस दौरान उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय बीएस गोठरिया उपस्थित रहे।






## गुमशुदा की तलाश



**नाम कृष्ण कुमार चड़ार**

पिता रामदास चड़ार ग्राम सरोंद निवासी जनपद पंचायत पाटन जिला जबलपुर से लगभग 8 वर्षो से लापता है, जिस किसी सज्जन को जानकारी मिले कृपया इस मोबाइल नं. **9303000527** पर सूचना देने की कृपा करें।

## शोक संदेश



अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि श्रीमती मृदुला श्रीवास्तव पत्नी श्री रमेश श्रीवास्तव (रम्मू) का आकस्मिक निधन दि. 6 दिसम्बर 2025, शनिवार को हो गया है। उनकी आत्मा की शांति हेतु

**शोक सभा**

दिनांकः 10 दिसम्बर 2025, बुधवार
समयः शाम 4 से 5 बजे
स्थानः आर्य समाज मंदिर, बराट रोड, समदड़िया होटल के सामने, जबलपुर में सम्पन्न होगी।

श्रीमती मृदुला श्रीवास्तव

**शोकाकुल परिवार**

श्री रमेश श्रीवास्तव (रम्मू) (पति), आदित्य (मंटू), अपूर्व (चिंटू) (पुत्र), मोनिका (मोना) (पुत्री) एवं समस्त श्रीवास्तव परिवार

SAPNA

हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई-मेल-**smatjbp1@ gmail.com,** फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2023-25, **RNI No. 64561/96.**